सूर्योदय 5:22 सूर्यास्त 7:15

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 20.5 न्यू | 25.0 अधि |
| धर्मशाला | 17.9 न्यू | 35.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 75.415 |
| निफ्टी | 23,719 |
| सोना | 1,58,000 |
| चांदी | 2,65,000 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | शनिवार, 23 मई 2026 | 9 ज्येष्ठ, विक्रमी संवत 2083 | वर्ष 3, अंक 144, कुल पृष्ठ 12 | मूल्य : 5 रुपए | डाक पंजीकरण संख्या : HP/DO/DEHRA/01/2026-2028 follow us on: | 8894521702

# सीएम सुक्खू ने कैबिनेट में महिलाओं को 1500-1500 रुपए देने की दी मंजूरी

## मेडिकल कॉलेजों से लेकर स्कूलों तक कई बड़े निर्णयों पर लगाई मुहर

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में आयोजित कैबिनेट बैठक में एक के बाद एक ऐसे बड़े फैसले लिए गए, जिसका लंबे समय से इंतजार हो रहा था। सबसे बड़ा व सबसे चर्चित फैसला महिलाओं को हर माह 1500 रुपये देने की योजना को लेकर रहा। कैबिनेट ने दो लाख रुपये सालाना आय वाले परिवारों की महिलाओं को 1500 रुपये मासिक सम्मान राशि देने को मंजूरी दे दी।

राज्य सरकार के इस निर्णय से लगभग चार लाख महिलाओं को सीधा लाभ मिलने की संभावना जताई जा रही है। कांग्रेस ने वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव के दौरान महिलाओं को 1500 रुपये मासिक देने की गारंटी दी थी। हालांकि अब सरकार ने इसमें आय सीमा की शर्त जोड़ते हुए दो लाख रुपये सालाना आय वाले परिवारों की महिलाओं को इस योजना के दायरे में लाने का फैसला किया है। पहले से इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान निधि योजना के तहत लाभ ले रही करीब 35 हजार महिलाएं भी इस दायरे में शामिल रहेंगी।



कैबिनेट बैठक की अध्यक्षता करते हुए सीएम सुक्खू। अनंत ज्ञान

### कर्मचारियों और मानदेय कर्मियों को राहत

**कैबिनेट** बैठक में विभिन्न श्रेणियों के मानदेय कर्मियों के लिए भी राहत भरे फैसले लिए गए। स्कूलों में कार्यरत मिड-डे मील वर्कर, एसएमसी शिक्षक, मल्टी टास्क वर्कर और पंचायत चौकीदारों के मानदेय में 500 रुपए की बढ़ोतरी को मंजूरी दी गई है। वहीं सिलाई अध्यापिकाओं के मानदेय में 1000 रुपए की वृद्धि करने का निर्णय लिया गया। लोक निर्माण विभाग में कार्यरत मल्टी टास्क वर्करों का वेतन 5500 रुपए से बढ़ाकर 6000 रुपए करने पर भी कैबिनेट ने मुहर लगा दी।

कैबिनेट ने प्रशासनिक इकाइयों के पुनर्गठन को भी मंजूरी दे दी है। इसके तहत जिला, सब डिवीजन और ब्लॉक स्तर पर नए सिरे से पुनर्गठन की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाएगी। सरकार का मानना है कि इससे प्रशासनिक व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाया जा सकेगा तथा लोगों को सुविधाएं आसानी से उपलब्ध होंगी। कैबिनेट ने राज्य में दुकानों को 24 घंटे खुला रखने की मंजूरी देकर व्यापारिक गतिविधियों को नई रफ्तार देने का संकेत दिया है। माना जा रहा है कि इससे पर्यटन, होटल, बाजार और छोटे कारोबारियों को बड़ा फायदा मिलेगा। खासकर पर्यटन स्थलों पर देर रात तक कारोबार चलाने वाले व्यापारियों के लिए यह फैसला राहत लेकर आया है।

इसी के साथ राज्य के मेडिकल कॉलेजों में प्रोफेसरों की रिटायरमेंट आयु 62 से बढ़ाकर 63 वर्ष करने का भी फैसला लिया गया है। सरकार का कहना है कि इससे चिकित्सा शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूती मिलेगी तथा अनुभवी डॉक्टरों का लाभ छात्रों और मरीजों को लंबे समय तक मिलता रहेगा।

### युवाओं के लिए खोले रोजगार के दरवाजे

**प्रदेश** सरकार ने विभिन्न विभागों में रिक्त पद भरने की दिशा में भी बड़ा कदम उठाया है। पुलिस विभाग में क्लर्क के 12 पद भरने, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग में एपीआरओ के 4 पदों पर भर्ती, सीबीएसई स्कूलों में 1500 पद, तकनीकी शिक्षा विभाग में 94 क्राफ्ट इंस्ट्रक्टर और स्वास्थ्य विभाग में 105 सीनियर रेजिडेंट डॉक्टरों की नियुक्ति को मंजूरी दी गई है।

### हिम चंडीगढ़ बसाने की मंजूरी

**कैबिनेट** ने चंडीगढ़ के समीप 'हिम चंडीगढ़' नाम से नया शहर बसाने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दे दी है। करीब 8 हजार बीघा भूमि पर विकसित किए जाने वाले इस नए शहर को भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए तैयार किया जाएगा। इसके साथ ही सरकार ने फिशिंग रॉयल्टी को 7 प्रतिशत से घटाकर 1 प्रतिशत करने के प्रस्ताव को भी स्वीकृति दी है।

# सेना की जासूसी के लिए दुबई से मिलते थे निर्देश : दलजिंद्र सिंह ढिल्लों

## कहा-सीसीटीवी कैमरे लगाकर लोकेशन भेजते थे पाकिस्तान

अनंत ज्ञान



**अशोक ठाकुर, पठानकोट।** पंजाब के पठानकोट में एक संदिग्ध जासूसी नेटवर्क का भंडाफोड़ हुआ है। भारतीय सेना और अर्द्धसैनिक बलों की गतिविधियों से संबंधित संवेदनशील जानकारी पाकिस्तान पहुंचाने के आरोप में एक व्यक्ति को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि चक्क धारीवाल गांव निवासी बलजीत सिंह उर्फ बिट्टू ने एनएच-44 के पठानकोट-जम्मू खंड पर एक पुल के पास एक दुकान में सीसीटीवी कैमरा लगाया था, जिसका मकसद कथित तौर पर सेना और अर्द्धसैनिक बलों की गतिविधियों पर नजर रखना था।

वरिष्ठ पुलिस अधिकारी दलजिंद्र सिंह ढिल्लों ने बताया कि निगरानी फुटेज इलेक्ट्रॉनिक रूप से पाकिस्तान और विदेशों में तैनात पुलिसकर्मियों को भेजा जाता था। पूछताछ के दौरान सिंह ने कबूल किया कि उसने जनवरी में सुजानपुर के पास हाईवे पर एक दुकान में सीसीटीवी कैमरा लगाया था। उसे दुबई में बैठे एक अज्ञात व्यक्ति से निर्देश भी मिलते थे और उसे 40,000 रुपए दिए गए थे। पुलिस ने उसके पास से सीसीटीवी कैमरा और इंटरनेट वाईफाई राउटर बरामद किया है। पुलिस ने यह कार्रवाई तब की जब उन्हें पठानकोट-जम्मू खंड पर संदिग्ध गतिविधियों की सूचना मिली। सुजानपुर पुलिस ने इसके बाद चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया। बिट्टू के अलावा, विक्रमजीत सिंह उर्फ विक्का, बलविंद्र सिंह उर्फ विक्की और तरनप्रीत सिंह उर्फ तनु के खिलाफ भी मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने बताया कि आरोपी आपराधिक और राष्ट्रविरोधी गतिविधियों में शामिल थे, बाकी आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए छापेमारी जारी है।

जालंधर में काउंटर इंटेलिजेंस विंग ने एक ऑपरेटिव की गिरफ्तारी और उसके पास से चीन निर्मित सीसीटीवी कैमरा और 4जी कनेक्टिविटी वाली यूएसबी-कनेक्टेड सोलर प्लेट बरामद करते हुए एक मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया। दूसरे मॉड्यूल को कपूरथला पुलिस ने एक केंद्रीय एजेंसी के साथ संयुक्त अभियान में ध्वस्त किया, जिसके चलते 2 व्यक्तियों की गिरफ्तारी हुई और विदेशी संचालकों से जुड़े चार मोबाइल फोन, एक सिम-आधारित सीसीटीवी कैमरा और एक वाईफाई सेट बरामद हुए।

पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने बताया कि ये मॉड्यूल रक्षा बलों से जुड़े प्रतिष्ठानों सहित संवेदनशील स्थलों की निगरानी के लिए रणनीतिक रूप से कई जगहों पर सिम-आधारित और सौर ऊर्जा से चलने वाले सीसीटीवी कैमरे लगा रहे थे और मोबाइल एप्लिकेशन के जरिए लाइव फुटेज पाकिस्तान में अपने आकाओं को भेज रहे थे।

## न्यूज शॉर्ट्स

### आतंकी हमजा बुरहान का हत्यारा गिरफ्तार

**एजेंसी, इस्लामाबाद।** पुलवामा हमले में शामिल आतंकी हमजा बुरहान की हत्या के मामले में मुजफ्फराबाद के काउंटर टेररिज्म डिपार्टमेंट (सीटीडी) ने अब्दुल्ला कमाल नाम के आरोपी को गिरफ्तार किया है।



अब्दुल्ला कमाल

पाकिस्तान के वाह कैंट का रहने वाला है। सीटीडी ने उसे हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। कार्रवाई के दौरान आरोपी के पास से हथियार भी बरामद किया गया। जांच एजेंसियां यह पता लगाने में जुटी हैं कि हत्या में इसी हथियार का इस्तेमाल हुआ था या नहीं। (अनंत ज्ञान)

### एक हफ्ते में 8 अरब डॉलर घटा भारत का विदेशी मुद्रा भंडार

**एजेंसी, नई दिल्ली।** वैश्विक अनिश्चितताऔर पश्चिम एशिया में चल रहे तनाव के बीच भारत के विदेशी मुद्रा भंडार को बड़ा झटका लगा है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा जारी ताजा आंकड़ों के अनुसार, 15 मई 2026 को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 8.09 अरब डॉलर घटकर 688.89 अरब डॉलर रह गया है। इससे ठीक पिछले सप्ताह इसमें अच्छी बढ़त देखी गई थी, जब यह 6.29 अरब डॉलर बढ़कर 696.99 अरब डॉलर पर पहुंच गया था। (अनंत ज्ञान)

# भोजशाला में 700 साल बाद कड़ी सुरक्षा के बीच हुई पूजा

**एजेंसी, धार**



मध्य प्रदेश के धार स्थित भोजशाला में करीब 700 साल बाद परिसर में नमाज नहीं, सिर्फ पूजा हुई। भोज उत्सव समिति ने शुक्रवार को वाग्देवी की प्रतिमा स्थापित कर दर्शन-पूजन कराया। मंदिर में सुबह से बड़ी संख्या में भीड़ उमड़ी थी। वाग्देवी मंदिर में कारसेवकों के परिजनों का सम्मान भी किया गया।

मध्य प्रदेश हाईकोर्ट की इंदौर बेंच ने 15 मई को भोजशाला को मंदिर घोषित किया था। मुस्लिम समाज ने फैसले के विरोध में काली पट्टी बांधकर नमाज अदा की। अपनी दुकानें भी बंद रखीं। वहीं सुरक्षा के लिए करीब 2 हजार पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं। सोशल मीडिया पर भी कड़ी निगरानी रखी जा रही है। इधर, हाईकोर्ट के फैसले से निराश मुस्लिम पक्ष गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया। आदेश को एकतरफा बताते हुए काजी मोइनुद्दीन ने गुरुवार रात करीब 8:30 बजे विशेष अनुमति याचिका (एसएलपी) दाखिल की है। मुस्लिम पक्ष ने सुप्रीम कोर्ट में दस्तावेज और साक्ष्य प्रस्तुत किए हैं। (अनंत ज्ञान)

# एक्ट्रेस ट्विशा का पति पुलिस की हिरासत में

**एजेंसी, भोपाल/जबलपुर।** एक्ट्रेस-मॉडल ट्विशा शर्मा केस में आरोपी पति समर्थ सिंह को जबलपुर पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। वह शुक्रवार शाम जिला कोर्ट में सरेंडर करने पहुंचा था। हंगामे के बीच 6 थानों की पुलिस मौके पर तैनात है। समर्थ को वकीलों के एक केबिन में रखा गया है। वहीं, ट्विशा के पिता नवनिधि शर्मा के वकील अनुराग श्रीवास्तव ने बताया- समर्थ कोर्ट नंबर-32 के अंदर मास्क लगाकर बैठा हुआ था, जो जिला एवं सत्र न्यायाधीश का कोर्टरूम है। उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि आखिर किस अधिकार के तहत उसे उस कमरे में बैठने की अनुमति दी गई थी।

मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने ट्विशा शर्मा की डेडबॉडी का दोबारा पोस्टमॉर्टम कराने के आदेश दिए हैं। कोर्ट ने कहा है कि दिल्ली एम्स के डायरेक्टर के नेतृत्व में टीम भोपाल एम्स में पोस्टमॉर्टम करेगी। पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी कराई जाएगी। तब तक पुलिस को शव सुरक्षित रखने के निर्देश दिए गए हैं। (अनंत ज्ञान)

# हिमाचल में दो मीटरों पर बिजली सब्सिडी खत्म

## शहरी उपभोक्ताओं पर बढ़ा बोझ, किरायेदारों और मध्यम वर्ग को मई के बिजली बिलों ने दिया झटका

अनंत ज्ञान



**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में मई महीने के बिजली बिलों ने हजारों उपभोक्ताओं की चिंता बढ़ा दी है। खासकर शहरी क्षेत्रों में किराये के कमरों और छोटे फ्लैटों में रहने वाले उपभोक्ताओं को इस बार भारी भरकम बिल थमाए गए हैं। सरकार द्वारा एक राशन कार्ड पर दो से अधिक बिजली मीटरों पर सब्सिडी बंद किए जाने के फैसले का असर सीधे मध्यम वर्ग, किरायेदारों और सीमित आय वाले परिवारों पर दिखाई देने लगा है। कई उपभोक्ताओं का कहना है कि पहले जहां बिजली बिल बेहद कम आता था, वहीं अब मामूली यूनिट खर्च होने पर भी हजारों रुपये का भुगतान करना पड़ रहा है।

जानकारी के अनुसार प्रदेश में बड़ी संख्या में ऐसे परिवार हैं, जिनके मकान मालिक और किरायेदारों के मीटर एक ही राशन कार्ड या परिवार से जुड़े रिकॉर्ड में दर्ज हैं। नई व्यवस्था लागू होने के बाद अतिरिक्त मीटरों को सामान्य टैरिफ श्रेणी में डाल दिया गया है, जिससे उपभोक्ताओं को सब्सिडी का लाभ नहीं मिल पा रहा। बिजली बोर्ड के अनुसार अब एक राशन कार्ड पर केवल निर्धारित मीटरों को ही रियायती दरों का लाभ दिया जा रहा है, जबकि बाकी मीटरों का बिल पूर्ण टैरिफ के अनुसार तैयार किया जा रहा है।

इस फैसले का असर सबसे ज्यादा शहरी और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में देखा जा रहा है, जहां बड़ी संख्या में लोग किराये के मकानों में रह रहे हैं। उपभोक्ताओं का कहना है कि पहले सरकार ने 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली देने का वादा किया था, लेकिन अब स्थिति ऐसी बन गई है कि कम यूनिट खर्च होने पर भी बिल आ रहे हैं। कई इलाकों में बिजली बिलों को लेकर मकान मालिकों और किरायेदारों के बीच विवाद की स्थिति भी बनने लगी है।

### केवाईसी-रिकॉर्ड गड़बड़ियों ने बढ़ाई लोगों की परेशानी

**बिजली** उपभोक्ताओं की परेशानी केवल सब्सिडी तक सीमित नहीं है। हाल ही में करवाई गई केवाईसी प्रक्रिया को लेकर भी बड़ी संख्या में शिकायतें सामने आ रही हैं। कई लोगों का आरोप है कि उनके नाम पर गलत मीटर जोड़ दिए गए हैं, जबकि कुछ उपभोक्ताओं को ऐसे मीटरों के बिल भेजे जा रहे हैं जिनसे उनका कोई संबंध नहीं है। इस कारण अनेक परिवार सब्सिडी से वंचित हो रहे हैं।

# हिमाचल में गर्मी के बीच बरसीं राहत की फुहारें

## रोहतांग और किन्नर कैलाश की चोटियों पर फिर हुई बर्फबारी

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में भीषण गर्मी के बीच शुक्रवार को मौसम ने अचानक करवट बदल ली। ऊना सहित कई मैदानी क्षेत्रों में सुबह राहत की फुहारें बरसीं, जिससे लोगों ने तपती गर्मी से बड़ी राहत महसूस की। राजधानी शिमला में सुबह से घने बादल छाए रहे और बारिश के साथ तेज अंधड़ चला।

जानकारी के अनुसार कुछ इलाकों में हल्की ओलावृष्टि भी दर्ज की गई। वहीं, जनजातीय जिलों किन्नौर और लाहौल-स्पीति की ऊंची चोटियों पर ताजा बर्फबारी होने से पूरे प्रदेश में मौसम सुहावना हो गया है। मौसम के इस बदले रंग ने लोगों के चेहरों पर राहत और मुस्कान ला दी। रोहतांग दर्रा और आसपास की पहाड़ियों पर ताजा बर्फबारी से पूरा क्षेत्र बर्फ की सफेद चादर में लिपट गया। बर्फबारी के बीच बड़ी संख्या में पर्यटक रोहतांग पहुंचे और बर्फ के बीच जमकर आनंद लिया। किन्नौर जिला मुख्यालय रिकांगपिओ में भी बारिश हुई, जबकि सामने दिख रही किन्नौर कैलाश की चोटियां ताजा हिमपात से चमक उठीं। कुल्लू घाटी और लाहौल क्षेत्र में भी रुक-रुक कर बारिश का दौर जारी रहा, जिससे तापमान में गिरावट दर्ज की गई और ठंडक बढ़ गई।

मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार 23 मई को प्रदेश के कई हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश और ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी की संभावना बनी हुई है। विभाग ने कांगड़ा, कुल्लू, मंडी और शिमला जिलों में तेज अंधड़ और खराब मौसम को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है, जबकि किन्नौर और लाहौल-स्पीति को छोड़ अन्य जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है।

# भारत ने अफगानिस्तान को फिर भेजी 20 टन जरूरी वैक्सीन की सप्लाई

**एजेंसी, नई दिल्ली।** अफगानिस्तान के लिए अपनी मानवीय मदद जारी रखते हुए भारत ने शुक्रवार को एक मिलियन अफगानी बच्चों के बीच टीकाकरण की कोशिशों को बढ़ावा देने के लिए काबुल को 20 टन बैसिलस कैलमेट-गुएरिन (बीसीजी) और टेटनस और डिप्थीरिया (टीडी) वैक्सीन भेजी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि भारत ने अफगानिस्तान के बच्चों के इम्यूनाइजेशन प्रोग्राम को बढ़ाने के लिए काबुल को बीसीजी और टेटनस और डिप्थीरिया (टीडी) वैक्सीन के लिए 20 टन जरुरी सामान दिया है और भी कंसाइनमेंट भेजे जा रहे हैं। भारत स्वास्थ्य क्षेत्र में अफगानिस्तान के लोगों की मदद करने के लिए प्रतिबद्ध है। रणधीर जायसवाल ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि भारत ने अफगानिस्तान के पब्लिक स्वास्थ्य मंत्रालय को ट्यूबरकुलोसिस के खिलाफ बच्चों के इम्यूनाइजेशन प्रोग्राम को बढ़ाने के लिए 13 टन बीसीजी वैक्सीन और उससे जुड़ा सामान दिया है। (अनंत ज्ञान)




## हिमाचल हाईकोर्ट का बड़ा फैसला, कहा-

# सिर्फ गालियां देना अपराध नहीं, डराने या शांति भंग करने की मंशा जरूरी

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट ने एक अहम फैसले में स्पष्ट किया है कि केवल ई-मेल या संदेश में अपशब्दों और गालियों का इस्तेमाल अपने आप में आपराधिक अपराध नहीं माना जा सकता, जब तक उसका सीधा उद्देश्य किसी व्यक्ति को डराना, धमकाना या सार्वजनिक शांति भंग करना न हो।

न्यायाधीश संदीप शर्मा की अदालत ने डॉ. तिलक राज शर्मा के खिलाफ दर्ज आपराधिक मामले को निरस्त करते हुए कहा कि अभिव्यक्ति की सीमा भले मर्यादित और शालीन होनी चाहिए, लेकिन हर आपत्तिजनक भाषा को आपराधिक कृत्य की श्रेणी में नहीं रखा जा सकता। अदालत ने यह भी माना कि संबंधित ई-मेल की भाषा बेहद आपत्तिजनक और अशोभनीय थी, मगर केवल इसी आधार पर अपराध सिद्ध नहीं होता।

मामला पालमपुर स्थित कृषि विश्वविद्यालय में तैनात एक वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी की शिकायत से जुड़ा था। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया था कि उन्हें और उनके परिवार को लेकर बेहद अश्लील, अपमानजनक और अभद्र भाषा वाले ई-मेल भेजे गए। शुरुआती जांच में पुलिस ने सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 66-ए के तहत मामला दर्ज किया, लेकिन अदालत के समक्ष यह तथ्य रखा गया कि इस धारा को पहले ही सुप्रीम कोर्ट असंवैधानिक घोषित कर चुका है।

# मंडी के भूपेंद्र ने नॉर्वे शिखर सम्मेलन में किया भारत का प्रतिनिधित्व

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में हरित विकास पर रखे विचार

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** मंडी जिला एक बार फिर राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित हुआ है। मंडी निवासी तथा एनएचपीसी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक भूपेंद्र गुप्ता ने नॉर्वे की राजधानी ओस्लो स्थित सिटी हॉल में आयोजित भारत-नॉर्वे व्यापार एवं अनुसंधान शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाले भारतीय प्रतिनिधिमंडल के सदस्य के रूप में भाग लेकर हिमाचल प्रदेश का मान बढ़ाया है।

इस उच्च स्तरीय सम्मेलन में भारत और नॉर्वे के प्रधानमंत्रियों की उपस्थिति में स्वच्छ ऊर्जा, जलविद्युत, हरित विकास, खाद्य सुरक्षा, उर्वरक, मत्स्य पालन, जहाज निर्माण तथा अनुसंधान जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर व्यापक चर्चा हुई। भूपेंद्र गुप्ता की इस महत्वपूर्ण भागीदारी को भारत की नवीकरणीय ऊर्जा नीति तथा सतत विकास के क्षेत्र में एनएचपीसी की बढ़ती भूमिका के रूप में देखा जा रहा है।



भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले एनएचपीसी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक भूपेंद्र गुप्ता।

बीजे हाई स्कूल मंडी के पूर्व छात्र रहे भूपेंद्र गुप्ता आज प्रदेश के युवाओं के लिए प्रेरणा बनकर उभरे हैं। उनके पिता एएस गुप्ता भी हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड में सदस्य पद पर अपनी सेवाएं दे चुके हैं और यह परिवार लंबे समय से ऊर्जा क्षेत्र एवं जनसेवा से जुड़ा रहा है। भूपेंद्र की इस उपलब्धि पर मंडी सहित प्रदेशभर में खुशी की लहर है।

सेवानिवृत्त महाप्रबंधक एसजेवीएनएल हरीश शर्मा, बीजे हाई स्कूल ओल्ड स्टूडेंट यूनियन के प्रधान अनिल शर्मा, वरिष्ठ उपप्रधान डॉ. कमलजीत, सचिव संतोष कुमार, गजेंद्र, तारा चंद पटियाल, डॉ. हरीश बहल, हेमंत कपूर, हुकम चंद ठाकुर, नरेंद्र कौशल, महाजन सभा के प्रधान मनोहर लाल गुप्ता, विजय गुप्ता, दीवान गुप्ता, भारतीय सांस्कृतिक निधि मंडी चैप्टर की संयोजक ऊषा होंडा, नरेश मल्होत्रा, महेश पुरी सहित कई गणमान्य लोगों ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

**विडंबना**


## शिमला-धर्मशाला में साहित्य साधकों के लिए सस्ती ठहरने की व्यवस्था खत्म

# लेखकों और कलाकारों के लिए बंद होते 'लेखक गृह'

अनंत ज्ञान

**अरुण डोगरा 'रीतू', बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश की सांस्कृतिक राजधानी माने जाने वाले शिमला और धर्मशाला में साहित्यकारों, कवियों, रंगकर्मियों और कलाकारों के लिए सस्ती आवास व्यवस्था लगभग समाप्त हो चुकी है। कभी भाषा एवं संस्कृति विभाग के अधीन संचालित लेखक गृह और विश्राम गृह मध्यमवर्गीय रचनाकारों के लिए बड़ी राहत होते थे, लेकिन समय के साथ ये व्यवस्थाएं या तो बंद हो गईं या पूरी तरह व्यावसायिक बन गईं।

एक समय लेखक गृहों की डॉरमेट्री में मात्र 30 रुपए में बिस्तर और लगभग 100 रुपए में कमरा मिल जाता था। वहां साधारण भोजन की व्यवस्था भी उपलब्ध रहती थी, जिससे सीमित आय वाले लेखक कई दिनों तक ठहरकर साहित्यिक गतिविधियों में भाग ले पाते थे। अब शिमला और धर्मशाला में होटल किराए इतने बढ़ चुके हैं कि सामान्य लेखक, शोधार्थी और लोक कलाकार के लिए वहां ठहरना बेहद कठिन हो गया है। साहित्य और कला से जुड़े लोगों का कहना है कि हिमाचल में वर्षभर साहित्यिक आयोजन, सेमिनार, पुस्तक विमोचन, नाट्य कार्यशालाएं और सांस्कृतिक कार्यक्रम होते रहते हैं। इनमें भाग लेने के लिए प्रदेश ही नहीं, बल्कि पंजाब, हरियाणा, दिल्ली और उत्तराखंड सहित अन्य राज्यों से भी लेखक और कलाकार पहुंचते हैं, लेकिन उनके लिए सम्मानजनक और किफायती आवास सुविधा उपलब्ध नहीं है।



- महंगे होटल रेस्ट हॉउस के दामों ने बढ़ाई चिंता
- भाषा विभाग से फिर उठी लेखक गृह बहाल करने की मांग

वरिष्ठ साहित्यकारों का मानना है कि सरकारें संस्कृति और भाषा संरक्षण की बातें तो करती हैं, लेकिन रचनाकारों की मूलभूत सुविधाओं की ओर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया जा रहा। उनका कहना है कि भाषा विभाग को लेखक गृहों की व्यवस्था फिर से बहाल करनी चाहिए, ताकि साहित्य और कला से जुड़े लोग आर्थिक बोझ के बिना अपनी रचनात्मक गतिविधियां जारी रख सकें। कई लेखकों ने सुझाव दिया है कि शिमला और धर्मशाला के पुराने विश्राम गृहों को पुनर्जीवित कर 'लेखक एवं कलाकार आवास' के रूप में विकसित किया जाए। यहां नाममात्र शुल्क पर कमरे, पुस्तकालय, अध्ययन कक्ष और सामूहिक संवाद स्थल जैसी सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएं।

### साहित्य संरक्षण को चाहिए नई सोच

**पर्यटन** और होटल उद्योग के बढ़ते व्यावसायीकरण के बीच साहित्यकारों ने संस्कृति और साहित्य संरक्षण के लिए अलग नीति अपनाने की मांग उठाई है। उनका कहना है कि आर्थिक तंगी के कारण यदि कलाकार और लेखक सांस्कृतिक केंद्रों तक नहीं पहुंच पाएंगे, तो साहित्यिक गतिविधियां सीमित होती जाएंगी। साहित्यकारों ने सरकार और भाषा विभाग से लेखक गृहों की पुरानी व्यवस्था बहाल कर रचनाकारों को सस्ती व सम्मानजनक आवास सुविधा देने की मांग की है, ताकि हिमाचल की साहित्यिक परंपरा और सांस्कृतिक विरासत को मजबूती मिल सके।

## न्यूज ब्रीफ

### किराये के कमरे से सोने-चांदी के गहने चोरी

**अनंत ज्ञान, शिमला।** शिमला जिले के रामपुर उपमंडल के खनेरी में किराये के कमरे से सोने और चांदी के गहने चोरी होने का मामला सामने आया है। इस संबंध में पुलिस थाना रामपुर में भारतीय न्याय संहिता की धारा 305 के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार शिकायत किन्नौर जिले के सांगला क्षेत्र के शोंग गांव की रहने वाली 50 वर्षीय मंगल देवी ने दर्ज करवाई है। महिला फिलहाल अपनी बेटी के साथ रामपुर के खनेरी इलाके में किराये के कमरे में रह रही थी। उन्होंने पुलिस को बताया कि पिछले करीब दो साल से वे वहीं रह रही हैं और अपने सोने-चांदी के गहने कमरे में छिपाकर रखे हुए थे। महिला का आरोप है कि निचार के निगानी क्षेत्र का रहने वाला एक व्यक्ति फरवरी 2026 से उनकी गाड़ी नंबर HP25A5657 पर चालक के तौर पर काम कर रहा था। शिकायत के मुताबिक महिला 14 मार्च से 18 मार्च 2026 तक इलाज के लिए चंडीगढ़ गई हुई थी। इस दौरान चालक तैनात व्यक्ति कमरे में अकेला रुका था। महिला ने बताया कि अप्रैल 2026 में जब उन्होंने अपने गहने देखे तो वे गायब मिले। उन्हें शक है कि गहनों की चोरी चालक ने की है, क्योंकि गहने कहां रखे गए थे इसकी जानकारी किसी और को नहीं थी। पुलिस के अनुसार चोरी हुए सामान में सोने और चांदी के गहने शामिल हैं। पुलिस के एक अधिकारी ने शुक्रवार को बताया कि मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### मकान में लगी आग, एक मंजिल जलकर राख



**अनंत ज्ञान, शिमला।** शिमला जिला के कुमारसैन में शुक्रवार सुबह एक रिहायशी मकान में आग भड़क गई। इस दौरान एक सिलेंडर फटने से जोरदार धमाका भी हुआ। इसे देख लोग दहल गए। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया और मकान की निचली दो मंजिल को सेफ किया। सूचना के अनुसार, यह आग कुमारसैन के बड़ागांव बाजार में जिया लाल के घर पर लगी। आग के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। तीन मंजिला इस मकान में लाखों रुपए का नुकसान बताया जा रहा है। स्थानीय प्रशासन नुकसान के आंकलन में जुटा है। गनीमत यह रही कि आग सबसे उपर वाली मंजिल में लगी, इससे निचली दो मंजिल को सुरक्षित बचा लिया गया है। हालांकि टॉप फ्लोर में चार से ज्यादा कमरे और इनमें रखा सामान जलकर राख हो गया। आग की सूचना मिलते ही दमकल वाहन मौके पर पहुंचा और आग पर काबू पाया। मगर तब तक एक मंजिल को काफी नुकसान हो चुका था।

### हिमाचल में पेट्रोल-डीजल को लेकर बड़ी राहत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की उपलब्धता को लेकर आम लोगों के लिए राहतभरी खबर सामने आई है। इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन, भारत पेट्रोलियम और हिंदुस्तान पेट्रोलियम जैसी सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनियों ने स्पष्ट किया है कि प्रदेशभर में ईंधन की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य और निर्बाध बनी हुई है। कंपनियों के अनुसार राज्य के सभी जिलों में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है तथा किसी भी प्रकार की कमी जैसी स्थिति नहीं है। तेल कंपनियों ने बताया कि टर्मिनलों, डिपो और पेट्रोल पंपों तक पूरी आपूर्ति श्रृंखला सुचारू रूप से संचालित हो रही है। प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में ईंधन स्टॉक की लगातार निगरानी की जा रही है और आवश्यकता के अनुसार पुनःपूर्ति का कार्य तेजी से किया जा रहा है। पहाड़ी और दूरदराज क्षेत्रों तक भी आपूर्ति व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के लिए विशेष समन्वय किया जा रहा है, ताकि लोगों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। घरेलू उपभोक्ताओं के लिए रसोई गैस की आपूर्ति को सर्वोच्च प्राथमिकता पर रखा गया है। कंपनियों ने कहा कि पूरे प्रदेश में एलपीजी वितरण सामान्य बना हुआ है और गैस एजेंसियों के माध्यम से समय पर सिलेंडर उपलब्ध करवाए जा रहे हैं। तेल उद्योग लॉजिस्टिक्स, स्टॉक आवागमन और रिटेल संचालन पर लगातार नजर बनाए हुए है, जिससे प्रदेश में ईंधन की उपलब्धता पूरी तरह स्थिर बनी हुई है।

# स्कूली बच्चों के कंधों पर से घटेगा बोझ

## विद्यार्थी के कुल वजन के 10 फीसदी तक ही रहेगा स्कूल बैग, शिक्षा विभाग के सख्त निर्देश

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में स्कूली बच्चों की पीठ पर बढ़ते भारी बस्तों के बोझ को कम करने के लिए शिक्षा विभाग ने बड़ा और राहतभरा फैसला लिया है। नए दिशा-निर्देशों के अनुसार अब किसी भी विद्यार्थी के स्कूल बैग का वजन उसके शारीरिक वजन के 10 फीसदी से अधिक नहीं होगा। शिक्षा विभाग निदेशालय, शिमला के अनुसार यह व्यवस्था प्रदेश के सभी सरकारी और निजी स्कूलों में समान रूप से लागू की जाएगी, ताकि बच्चों को अनावश्यक बोझ से राहत मिल सके और उनकी सेहत सुरक्षित रह सके। शिक्षा विभाग ने स्पष्ट किया है कि कई निजी स्कूल अतिरिक्त किताबें, कॉपियां और निजी प्रकाशकों की महंगी पाठ्य सामग्री अनिवार्य कर




बच्चों के बस्तों का वजन बढ़ा देते हैं। नई व्यवस्था लागू होने के बाद अब स्कूलों को केवल जरूरी और स्तरीय पाठ्य सामग्री ही विद्यार्थियों को उपलब्ध करवानी होगी। विभाग का मानना है कि इससे न केवल बच्चों के स्वास्थ्य पर सकारात्मक असर पड़ेगा, बल्कि अभिभावकों पर आर्थिक बोझ भी कम होगा। नियमों की अवहेलना करने वाले स्कूलों के खिलाफ प्रशासनिक कार्रवाई भी की जाएगी।

### प्रदेश के लाखों विद्यार्थियों को मिलेगी राहत

**वैसे** भी राज्य में लंबे समय से अभिभावकों और विशेषज्ञों की ओर से बच्चों के भारी बस्तों को लेकर चिंता जताई जा रही थी। चिकित्सकों का भी मानना रहा है कि अत्यधिक वजन वाले स्कूल बैग बच्चों की रीढ़, कंधों और शारीरिक विकास पर प्रतिकूल प्रभाव डालते हैं। ऐसे में शिक्षा विभाग का यह निर्णय लाखों विद्यार्थियों और अभिभावकों के लिए बड़ी राहत माना जा रहा है।

- **सरकारी और निजी स्कूलों में समान रूप से लागू होंगे नए दिशा-निर्देश**
- **नहीं चलेगी निजी स्कूलों की मनमानी, केवल जरूरी पुस्तकें ही लाएंगे विद्यार्थी**

शिक्षा विभाग निदेशालय, शिमला के अनुसार सभी स्कूल प्रबंधन को अपने स्तर पर विशेष व्यवस्थाएं करनी होंगी। स्कूलों को टाइम-टेबल इस प्रकार तैयार करना होगा कि विद्यार्थियों को रोजाना सभी विषयों की किताबें और कॉपियां साथ लाने की आवश्यकता न पड़े। बच्चों को केवल उसी दिन की जरूरत के अनुसार अध्ययन सामग्री लाने के लिए कहा जाएगा।

प्रदेश शिक्षा विभाग का उद्देश्य विद्यार्थियों को तनावमुक्त और सहज शिक्षण वातावरण उपलब्ध करवाना है।

### चौपाल में अफीम की खेती की नष्ट

**अनंत ज्ञान, शिमला।** शिमला जिले के चौपाल इलाके में पुलिस ने अवैध अफीम की खेती का मामला पकड़ा है। पुलिस ने ग्राम चिवना में एक खेत से 89 अफीम के पौधे बरामद किए हैं। मामले में एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस के मुताबिक 20 मई को पुलिस थाना चौपाल की टीम इलाके में गश्त और अपराध रोकथाम ड्यूटी पर मौजूद थी। इसी दौरान पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम चिवना में अवैध रूप से अफीम की खेती की जा रही है। सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची।

कार्रवाई के दौरान स्थानीय गवाहों और राजस्व अधिकारी को भी साथ रखा गया। पुलिस ने नियमानुसार 15 पौधों को नमूने के तौर पर कब्जे में लिया, जबकि बाकी 74 पौधों को एनडीपीएस अधिनियम के तहत तय प्रक्रिया अपनाते हुए मौके पर ही नष्ट कर दिया गया।

# सरकारी स्कूलों में गुणवत्ता सुधार का मॉडल बना हिमाचल : रोहित

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** राष्ट्रीय परफॉर्मेंस ग्रेडिंग इंडेक्स 2024-25 में हिमाचल प्रदेश ने शिक्षा के क्षेत्र में ऐसा प्रदर्शन किया है जिसने पूरे देश का ध्यान अपनी ओर खींच लिया है। कभी पिछड़ती श्रेणी में गिने जाने वाला पहाड़ी प्रदेश अब देश के शीर्ष राज्यों की कतार में मजबूती से खड़ा दिखाई दे रहा है। महज दो वर्षों में 21वें स्थान से सीधे छठे स्थान तक पहुंचना न केवल प्रशासनिक सुधारों की सफलता माना जा रहा है, बल्कि यह प्रदेश की सरकारी शिक्षा व्यवस्था में आए व्यापक बदलावों की भी बड़ी तस्वीर पेश करता है। प्रदेश ने इस बार 1000 में से 659.2 अंक हासिल कर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी मजबूत मौजूदगी दर्ज कराई है। सबसे अहम बात यह रही कि लर्निंग आउटकम एंड क्वालिटी श्रेणी में हिमाचल का प्रदर्शन पिछले वर्षों की तुलना में कहीं अधिक प्रभावशाली रहा। इससे साफ संकेत मिलते हैं कि अब केवल नामांकन बढ़ाने की बजाय विद्यार्थियों की वास्तविक सीखने की क्षमता, शिक्षण स्तर और स्कूलों की गुणवत्ता पर गंभीरता से काम किया गया है।



- **रैंकिंग में 21वें स्थान से सीधे छठे स्थान पर पहुंचा**

शिक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि सरकारी विद्यालयों में लगातार निगरानी, डिजिटल संसाधनों का विस्तार और अध्यापकों की जवाबदेही तय होने से यह बड़ा बदलाव संभव हुआ है। इतना ही नहीं हिमाचल ने इक्विटी यानी समान शिक्षा अवसरों के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय उपलब्धि दर्ज की है। जनजातीय क्षेत्रों और ग्रामीण अंचलों तक शिक्षा सुविधाओं को पहुंचाने के प्रयासों ने राज्य की रैंकिंग को मजबूत आधार दिया। शिक्षा विभाग की विभिन्न योजनाओं, आधुनिक कक्षाओं, स्मार्ट शिक्षण और विद्यार्थियों के लिए बेहतर वातावरण ने प्रदेश की छवि को राष्ट्रीय मंच पर नई पहचान दी है। जिला स्तर पर भी अधिकांश जिलों का बेहतर प्रदर्शन यह संकेत देता है कि सुधार केवल कागज़ों तक सीमित नहीं रहे, बल्कि जमीनी स्तर तक पहुंचे हैं।

# बेंगलुरु मॉडल से चमकेंगे हिमाचल के शहर : विक्रमादित्य

## पीडब्ल्यूडी मिनिस्टर ने कर्नाटक के मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री संग शहरी विकास पर किया मंथन

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश के लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने बेंगलुरु दौरे के दौरान कर्नाटक के मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री के साथ महत्वपूर्ण बैठक कर हिमाचल के शहरी विकास की नई रूपरेखा पर विस्तृत चर्चा की। इस दौरान बेंगलुरु के आधुनिक शहरी ढांचे, ट्रैफिक प्रबंधन प्रणाली और स्मार्ट तकनीकों का अध्ययन किया गया। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि हिमाचल के शहरों को भविष्य की जरूरतों के अनुरूप विकसित करने के लिए सरकार गंभीरता से कार्य कर रही है और इसी उद्देश्य से देश के सफल मॉडलों का अध्ययन किया जा रहा है।

बैठक में विशेष रूप से शिमला सहित हिमाचल के प्रमुख शहरों में बढ़ते ट्रैफिक दबाव, नागरिक सुविधाओं और आधुनिक शहरी प्रबंधन व्यवस्था को लेकर मंथन हुआ। कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के साथ हुई तकनीकी स्तर की चर्चा में स्मार्ट ट्रैफिक सिग्नल, इंटेलिजेंट ट्रांसपोर्ट सिस्टम और डिजिटल निगरानी तंत्र को हिमाचल में लागू करने की संभावनाओं पर विचार किया गया।



कर्नाटक के सीएम से मुलाकात करते विक्रमादित्य सिंह और उनकी पत्नी। अनंत ज्ञान

इसके अलावा शहरों में चौबीस घंटे निगरानी और त्वरित आपातकालीन सेवाओं के लिए एकीकृत कमांड एवं कंट्रोल सेंटर स्थापित करने पर भी सहमति बनी।

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि बेंगलुरु ने शहरी विकास, सूचना प्रौद्योगिकी और आधुनिक प्रबंधन के क्षेत्र में देशभर के लिए एक मजबूत उदाहरण पेश किया है। उन्होंने बताया कि हिमाचल की भौगोलिक परिस्थितियां अलग जरूर हैं, लेकिन आधुनिक तकनीक और योजनाबद्ध विकास के माध्यम से प्रदेश के शहरों को अधिक व्यवस्थित, सुरक्षित और सुविधाजनक बनाया जा सकता है।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार शहरी क्षेत्रों में सतत विकास, पर्यावरण संरक्षण और नागरिक सुविधाओं के विस्तार को प्राथमिकता दे रही है ताकि लोगों को बेहतर जीवन स्तर मिल सके।

### शहरी विकास के लिए बनाई जाएंगी नई योजनाएं

**लोक** निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने स्पष्ट किया कि हिमाचल सरकार बेंगलुरु मॉडल के सफल पहलुओं को प्रदेश की जरूरतों के अनुसार अपनाने की दिशा में आगे बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में स्मार्ट सिटी परियोजनाओं, आधुनिक ट्रैफिक प्रबंधन, डिजिटल सेवाओं और शहरी आधारभूत ढांचे को मजबूत करने के लिए नई योजनाएं लागू की जाएंगी। उनका कहना था कि सरकार का लक्ष्य केवल शहरों का विस्तार करना नहीं, बल्कि उन्हें तकनीक आधारित, पर्यावरण अनुकूल और नागरिक हितैषी बनाना है, ताकि हिमाचल के शहर देश के आधुनिक और आदर्श शहरी केंद्रों में अपनी पहचान बना सकें।

# शिमला में अवैध तहबाजारी पर लगे लगाम

## हिंदू संघर्ष समिति ने लोक भवन में जाकर राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** राजधानी शिमला में अवैध तहबाजारी और बाहरी लोगों की गतिविधियों को लेकर एक बार फिर माहौल गर्मा गया है। हिंदू संघर्ष समिति ने लोकभवन पहुंचकर राज्यपाल को ज्ञापन सौंपते हुए शहर में चल रही अवैध तहबाजारी गतिविधियों की उच्चस्तरीय जांच की मांग उठाई। समिति ने आरोप लगाया कि कुछ लोग नियमों को दरकिनार कर कारोबार चला रहे हैं, जिससे स्थानीय व्यापारियों में असंतोष बढ़ रहा है और शहर की सामाजिक व्यवस्था पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। समिति का कहना है कि प्रशासन को इस पूरे मामले में तत्काल सख्त कदम उठाने चाहिए ताकि कानून व्यवस्था और व्यापारिक संतुलन बनाए रखा जा सके।



राज्यपाल को ज्ञापन सौंपने जाते हिंदू संघर्ष समिति के पदाधिकारी।

समिति के संयोजक विजय शर्मा ने आरोप लगाया कि शहर में अवैध रूप से तहबाजारी करने वाले लोगों का एक संगठित नेटवर्क सक्रिय है, जो दबाव और धमकियों के जरिए अपनी पकड़ मजबूत कर रहा है। उन्होंने कहा कि नगर निगम कर्मचारियों तक को डराने-धमकाने की घटनाएं सामने आ रही हैं। समिति ने यह भी दावा किया कि कुछ लोग हथियारों के लाइसेंस लेकर महंगी गाड़ियों में घूम रहे हैं, जिससे आम लोगों और स्थानीय व्यापारियों के बीच भय का वातावरण पैदा हो रहा है। ज्ञापन में ऐसे लोगों की संपत्तियों, आय के स्रोतों और कारोबार की गहन जांच करवाने की मांग की गई है, ताकि पूरे मामले की सच्चाई सामने आ सके।

हिंदू संघर्ष समिति ने प्रशासन से मांग की है कि तहबाजारी व्यवस्था को पूरी तरह पारदर्शी बनाया जाए और केवल वैध दस्तावेज रखने वालों को ही कारोबार की अनुमति दी जाए। समिति का कहना है कि स्थानीय लोगों के रोजगार और व्यापारिक हितों की रक्षा करना सरकार और प्रशासन की जिम्मेदारी है।

# सुक्खू सरकार स्वास्थ्य व्यवस्था सुधारने में नाकाम : संदीपनी

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** राजधानी शिमला में अर्की के एक अस्पताल में पथरी के ऑपरेशन के दौरान महिला की मौत के मामले ने अब राजनीतिक रंग पकड़ लिया है। भाजपा के राज्य प्रवक्ता संदीपनी भारद्वाज ने स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धनीराम शांडिल के बयान को महिला और उसके परिवार के प्रति असंवेदनशील बताते हुए कांग्रेस सरकार पर स्वास्थ्य व्यवस्था की विफलताओं को छिपाने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि जिस परिवार ने अपनी बेटी और बहू को खोया है, वह गहरे सदमे और पीड़ा से गुजर रहा है, ऐसे समय में सरकार की जिम्मेदारी संवेदना व्यक्त करने और निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करने की होती है, लेकिन मंत्री का बयान पूरी तरह गैर-जिम्मेदाराना और अमानवीय प्रतीत होता है। भाजपा ने कहा कि प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाएं लगातार बदहाल हो रही हैं और अस्पतालों में संसाधनों व विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी के

- **अर्की में महिला की मौत मामले में स्वास्थ्य मंत्री के बयान को बताया संवेदनहीन**

कारण आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

संदीपनी भारद्वाज ने कहा कि यदि ऑपरेशन के दौरान किसी प्रकार की चिकित्सीय लापरवाही हुई है तो सरकार को मामले की निष्पक्ष जांच करवाकर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार जनता की भावनाओं को समझने में पूरी तरह विफल साबित हुई है और संवेदनशील मामलों में दिए जा रहे बयान सरकार की संवेदनहीन सोच को उजागर करते हैं। भाजपा ने पीड़ित परिवार के साथ खड़े होने का दावा करते हुए कहा कि स्वास्थ्य मंत्री को अपने बयान पर सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए तथा सरकार को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि भविष्य में ऐसी घटनाएं दोबारा न हों।

# महंगाई व बेरोजगारी ने आमजन की कमर तोड़ी : विनय कुमार

## बढ़ती कीमतों से गरीब और मध्यम वर्ग सबसे अधिक प्रभावित

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार ने कहा है कि केंद्र की मोदी सरकार ने देश को महंगाई के दलदल में धकेल दिया है, जिसका सबसे अधिक असर बेरोजगार युवाओं, गरीब तबके और दैनिक मजदूरी कर जीवन यापन करने वाले लोगों पर पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि लगातार बढ़ती महंगाई ने आम आदमी की रसोई से लेकर रोजगार तक हर क्षेत्र को प्रभावित किया है। उद्योगों की रफ्तार धीमी पड़ने से बेरोजगारी चरम सीमा पर पहुंच रही है, लेकिन केंद्र सरकार ने इस गंभीर स्थिति पर आंखें बंद कर रखी हैं।



- **नीट पेपर लीक मामले में शिक्षा मंत्री की मांग**

उन्होंने कहा कि कांग्रेस बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी के खिलाफ जनता के साथ मजबूती से खड़ी है और किसी भी जनआंदोलन के लिए पूरी तरह तैयार है। विनय कुमार ने कहा कि पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की बढ़ती कीमतों ने देश को आर्थिक संकट की स्थिति में ला खड़ा किया है और इसका खामियाजा आम लोगों को भुगतना पड़ रहा है। उन्होंने प्रदेशवासियों से आह्वान किया कि वे महंगाई के खिलाफ खुलकर आवाज उठाएं, कांग्रेस हर संघर्ष में उनके साथ रहेगी।

उन्होंने राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा और नीट पेपर लीक मामले को लेकर देशभर में युवाओं के गुस्से को जायज ठहराते हुए केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग का समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी इस मामले पर देश से माफी मांगनी चाहिए, क्योंकि उनकी चुप्पी कई सवाल खड़े कर रही है। उन्होंने कहा कि नीट परीक्षा रद्द होने से लाखों विद्यार्थियों की मेहनत और सपने टूट गए हैं तथा उनके जख्म आसानी से नहीं भर सकते।

विनय ने मांग की कि नीट पेपर लीक मामले की जांच उच्चतम न्यायालय के किसी न्यायाधीश से करवाई जाए और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो। उन्होंने कहा कि युवाओं के भविष्य के साथ किसी भी प्रकार का खिलवाड़ किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और कांग्रेस इस मुद्दे पर देशभर के विद्यार्थियों और अभिभावकों के साथ मजबूती से खड़ी है।

## डिजिटल | हिमाचल में अब मोबाइल ऐप और ऑनलाइन पोर्टल से होगी जनगणना-2027

# प्रदेश में अगले महीने मिलेगा स्व-गणना का अवसर

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में जनगणना 2027 को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं और इस बार पूरी प्रक्रिया डिजिटल तकनीक के सहारे नए अंदाज में संपन्न होगी। प्रदेश में पहली बार जनगणना को पूरी तरह आधुनिक, पारदर्शी और त्रुटिहीन बनाने के लिए ऑनलाइन स्व-गणना, मोबाइल एप्लिकेशन और डिजिटल मॉनिटरिंग सिस्टम का इस्तेमाल किया जाएगा। इसे डिजिटल इंडिया अभियान के तहत प्रशासनिक कार्यप्रणाली में बड़े बदलाव के रूप में देखा जा रहा है।

जनगणना 2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत प्रदेश में 16 जून से 15 जुलाई 2026 तक मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य किया जाएगा। इससे पहले सरकार लोगों को 1 जून से 15 जून तक स्व-गणना का विशेष अवसर देगी। इस दौरान नागरिक सुरक्षित ऑनलाइन पोर्टल पर स्वयं अपने परिवार की जानकारी दर्ज कर सकेंगे। इससे लोगों को सुविधा मिलने के साथ-साथ आंकड़ों की सटीकता भी बढ़ेगी।

शिमला स्थित जनगणना कार्य निदेशालय के अनुसार, स्व-गणना पूरी करने वाले प्रत्येक परिवार को 11 अंकों का विशेष



स्व-गणना आईडी नंबर जारी किया जाएगा। बाद में जब प्रगणक घर-घर पहुंचेंगे तो नागरिकों को केवल यह आईडी नंबर दिखाना होगा। इसके बाद पोर्टल पर भरी गई पूरी जानकारी सीधे प्रगणकों के मोबाइल ऐप में दिखाई देगी, जिससे दोबारा जानकारी भरने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। इस बार जनगणना की सबसे बड़ी खासियत यह होगी कि प्रगणक पारंपरिक कागजी फॉर्म की जगह अत्याधुनिक एचएलओ मोबाइल एप्लिकेशन का उपयोग करेंगे। इस ऐप के जरिए आंकड़े वास्तविक समय (रियल टाइम) में दर्ज किए जाएंगे। इससे डेटा संग्रहण की प्रक्रिया तेज होगी और मानवीय त्रुटियों की संभावना लगभग समाप्त हो जाएगी। सरकार का दावा है कि डिजिटल प्रणाली से आंकड़ों की विश्वसनीयता पहले से कहीं अधिक मजबूत होगी।

- **16 जून से शुरू होगा घर-घर मकान सूचीकरण अभियान**

जनगणना प्रक्रिया को प्रभावी ढंग से संचालित करने के लिए 'जनगणना प्रबंधन एवं निगरानी प्रणाली' नामक विशेष पोर्टल भी विकसित किया गया है। इस पोर्टल के माध्यम से अधिकारियों को प्रशिक्षण, संसाधनों के आवंटन, कर्मचारियों की तैनाती और कार्य प्रगति की लगातार निगरानी करने में मदद मिलेगी। प्रशासनिक स्तर पर यह प्रणाली पूरी प्रक्रिया को अधिक व्यवस्थित और पारदर्शी बनाएगी। सरकार का मानना है कि डिजिटल जनगणना केवल तकनीकी बदलाव नहीं, बल्कि सुशासन की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। कम कागज के उपयोग से पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा, वहीं डेटा प्रोसेसिंग तेज होने से अंतिम आंकड़े भी कम समय में उपलब्ध हो सकेंगे। विशेषज्ञों का मानना है कि सटीक जनगणना आंकड़े भविष्य की विकास योजनाओं, संसाधनों के बेहतर वितरण और नीति निर्माण में अहम भूमिका निभाएंगे।

# एचपीयू में फीस वृद्धि पर भड़के छात्र एसएफआई ने शुरू किया आंदोलन

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय में हाल ही में की गई फीस वृद्धि को लेकर शुक्रवार को छात्र राजनीति गरमा गई। एसएफआई की विश्वविद्यालय इकाई ने परिसर में जोरदार धरना-प्रदर्शन करते हुए प्रशासन के खिलाफ तीखी नारेबाजी की और बढ़ाए गए सभी शुल्क तुरंत वापस लेने की मांग उठाई। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं, शोधार्थियों और विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। संगठन ने आरोप लगाया कि विश्वविद्यालय प्रशासन शिक्षा को आम छात्रों की पहुंच से दूर करने की दिशा में काम कर रहा है। एसएफआई नेताओं मुकेश कुमार और आशीष कृपेश ने कहा कि परीक्षा शुल्क, छात्रावास शुल्क, पुनर्मूल्यांकन शुल्क और मरम्मत शुल्क में भारी बढ़ोतरी से गरीब, ग्रामीण, किसान-मजदूर तथा मध्यमवर्गीय परिवारों के छात्रों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ेगा। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए एसएफआई सचिव मुकेश कुमार ने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन अपनी वित्तीय विफलताओं और कुप्रबंधन का बोझ छात्रों पर डालने का प्रयास कर रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि विश्वविद्यालय में संसाधनों के प्रबंधन और दीर्घकालिक वित्तीय योजना की गंभीर कमी रही है, जिसका खामियाजा अब विद्यार्थियों से वसूला जा रहा है। संगठन ने यह भी दावा किया कि हालिया कैग रिपोर्ट में शिक्षकों की नियुक्तियों और पदोन्नतियों में अनियमितताओं के संकेत मिले हैं, ऐसे में प्रशासन को पहले जवाबदेही तय करनी चाहिए, न कि छात्रों से अतिरिक्त फीस वसूलनी चाहिए। एसएफआई ने कहा कि बिना छात्रों और छात्र संगठनों से संवाद किए फीस वृद्धि लागू करना पूरी तरह अलोकतांत्रिक रवैया है।

# कांगड़ा कला संग्रहालय की नई गैलरी में दिखेंगे ब्रिटिश हुकूमत काल के हथियार

## देवता पालकी, जयपुर पोट्री भी कर रहे आकर्षित, घरेलू आगुंतकों के प्रवेश शुल्क में वृद्धि

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** ब्रिटिश हुकूमत काल के हथियार अब धर्मशाला में देखे जा सकते हैं। कांगड़ा कला संग्रहालय की नई गैलरी में अंग्रेजों के जमाने के हथियार, बंदूकें, पिस्टल, रिवाल्वर, तलवारें प्रदर्शित की गई हैं। इसके अलावा देवता पालकी, जयपुरी पोट्री, ऊन कातने वाला चरखा भी आगुंतकों को आकर्षित कर रहा है।

नई गैलरी शुरू होने के साथ ही संग्रहालय में प्रवेश हेतू घरेलू आगुंतकों की फीस दोगुना कर दी गई, पहले घरेलू आगुंतकों से 50 रुपये प्रति व्यक्ति लिए जाते थे, जबकि अब फीस 100 रुपये कर दी गई है, वहीं विदेशी आगुंतकों की फीस 200 रुपये यथावत रखी गई है। गौरतलब है कांगड़ा कला संग्रहालय में आने वाले आगुंतक हथियार न होने की बात कहते थे, ऐसे में संग्रहालय प्रशासन ने आगुंतकों की लगातार उठाई जा रही मांग के अनुरूप हथियार भी प्रदर्शित कर दिए हैं। यही नहीं अब आगुंतकों को संग्रहालय में कैफेटेरिया की सुविधा भी मिलने वाली है, जिसके 31 मई के बाद शुरू होने की संभावना है। नई गैलरी शुरू होने के साथ ही आगुंतकों की संख्या में भी इजाफा हो रहा है।



नई गैलरी में प्रदर्शित अंग्रेजों के जमाने के हथियार।

### संग्रहालय में प्रवेश करते ही कृतियों का दीदार

**संग्रहालय** की धरातल मंजिल पर शुरू की गई गैलरी में प्रदर्शित ऐतिहासिक वस्तुओं को लोगों को आकर्षित कर रही हैं। अंग्रेजों के जमाने की बंदूकें, तलवारें, पिस्टल सहित हिमाचली चरखा और जयपुरी पोट्री, देवता पालकी लोगों के आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। पहले लोगों को संग्रहालय की ऊपरी मंजिल पर ही ऐतिहासिक वस्तुएं देखने को मिलती थी, जबकि अब संग्रहालय में प्रवेश करते हुए ऐतिहासिक वस्तुओं का दीदार हो जाता है। नई गैलरी के शुरू होते ही आगुंतकों की संख्या में भी इजाफा हो रहा है।



18 मई को ग्राउंड फ्लोर की गैलरी खोल दी गई है। जिसमें अंग्रेजों के जमाने के हथियार, सिक्के, देवता पालकी, जयपुरी पोट्री प्रदर्शित किए गए हैं। गैलरी के लिए हथियार शिमला संग्रहालय की ओर से उपलब्ध करवाए गए हैं, जो कि आगुंतकों को खासे आकर्षित कर रहे हैं।

**-रितू मलकोटिया, अध्यक्ष, कांगड़ा कला संग्रहालय धर्मशाला।**

## धर्मशाला में छह सेंटर में होगी यूपीएससी परीक्षा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला कांगड़ा में यूपीएससी परीक्षा को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। परीक्षा 24 मई को धर्मशाला के विभिन्न 6 सेंटर्स में आयोजित को जाएगी। परीक्षा का सुबह का सत्र साढ़े नौ बजे से 11: 30 बजे तक रहेगा, जबकि दूसरा सत्र 2:30 बजे से 4:30 बजे तक रहेगा। सभी सेंटर्स में पुलिस बल तैनात रहेगा, साथ ही जैमर भी लगाए जाएंगे। परीक्षा के लिए डिवीजनल कमिश्नर कांगड़ा को ऑब्जर्वर लगाया गया है।



एडीएम कांगड़ा शिल्पी बेकटा ने बताया कि यूपीएससी परीक्षा की तैयारी हो चुकी है। परीक्षा हेतु अभ्यर्थी समय पर पहुंचे क्योंकि सुबह के सत्र के लिए सेंटर के गेट 9 बजे बंद हो जाएंगे, इसके बाद किसी को एंट्री नहीं दी जाएगी।दोपहर के सत्र में 2 बजे के बाद सेंटर किसी भी अभ्यर्थी को एंट्री नहीं दी जाएगी। एडीएम ने बताया को हर सेंटर पर एक सेंटर सुपरवाइजर, एक एलआइओ नियुक्त होगें, हर सेंटर के हर रूम में दो इनविजलेटर भी होंगे, इसके लिए 50 फीसदी स्टाफ इन हाउस, जबकि 50 फीसदी स्टाफ दूसरे संस्थानों से लगाया जाएगा। चेकिंग के लिए महिला और पुरुष कांस्टेबल तैनात रहेंगे। साथ ही डीएफएमडी भी लगाए जाएंगे।

## डाडासीबा पुलिस की कामयाबी, दो घंटे में मंदिर चोरी का खुलासा

# चोरी किए सामान के साथ आरोपी गिरफ्तार

अनंत ज्ञान

◆ **धार्मिक स्थल की सुरक्षा को लेकर एसपी देहरा ने दिए सीसीटीवी लगाने के निर्देश**

**पिंकी, डाडासीबा।** पुलिस जिला देहरा के अंतर्गत पुलिस थाना डाडा सीबा ने अपनी तत्परता, सतर्कता और कुशल कार्यप्रणाली का परिचय देते हुए शेरावाली माता मंदिर में हुई चोरी की वारदात का मात्र दो घंटे के भीतर सफलतापूर्वक खुलासा कर बड़ी उपलब्धि हासिल की है। पुलिस ने चोरी हुए समस्त सामान की 100 प्रतिशत बरामदगी करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

जानकारी के अनुसार शुक्रवार प्रात: पुलिस थाना डाडा सीबा की टीम आरा चौक क्षेत्र में नियमित गश्त एवं अपराध निवारण ड्यूटी पर तैनात थी। इसी दौरान शेरावाली माता मंदिर के पुजारी बलदेव सिंह निवासी वार्ड नंबर-7 नंगल चौक, डाडा सीबा ने पुलिस को सूचना दी कि सुबह लगभग 5:30 बजे जब वह मंदिर में पूजा-अर्चना के लिए पहुंचे तो मंदिर में चोरी हो चुकी थी।

पुजारी के अनुसार चोर माता की सोने की नथ, कृत्रिम आभूषण, मंगलसूत्र, हार, पीली धातु का लॉकेट, झुमके, साड़ी, चुनरी, नकदी सहित माता के श्रृंगार एवं सजावट का अन्य सामान चुरा ले गया। चोरी हुए सामान की कुल कीमत लगभग 1 लाख 10 हजार 500 रुपये आंकी गई है। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए मंदिर परिसर का निरीक्षण किया तथा तकनीकी और स्थानीय स्तर पर जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस को लक्की नामक युवक पर संदेह हुआ। पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी के घर दबिश दी और पूछताछ के लिए हिरासत में लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया, जिसके बाद स्वतंत्र गवाहों की मौजूदगी में उसके घर की तलाशी ली गई।

तलाशी के दौरान मंदिर से चोरी किया गया पूरा सामान एवं आभूषण बरामद कर लिया गया। मंदिर के पुजारी ने बरामद सामान की पहचान मंदिर के सामान के रूप में की।

इस संबंध में पुलिस थाना डाडा सीबा में मामला दर्ज किया गया है। आरोपी को विधि अनुसार गिरफ्तार कर आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। एसपी देहरा मयंक चौधरी ने मामले की पुष्टि करते हुए पुलिस टीम की सराहना की और कहा कि धार्मिक स्थलों की सुरक्षा को लेकर पुलिस पूरी तरह सतर्क है। उन्होंने मंदिर समितियों एवं धार्मिक संस्थानों से अपील की कि धार्मिक स्थलों पर सीसीटीवी कैमरे, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था और रात्रि सुरक्षा के उचित प्रबंध सुनिश्चित किए जाएं तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस या हेल्पलाइन नंबर 112 पर दें।

# लंबागांव पुलिस ने अवैध खनन में शामिल टिप्पर-जेसीबी की जब्त

अनंत ज्ञान



◆ **ब्यास नदी किनारे अवैध खनन पर छापेमारी के दौरान मिली सफलता**

**नरेंद्र डोगरा, जयसिंहपुर।** पुलिस थाना लंबागांव की टीम द्वारा वीरवार को ब्यास नदी के किनारे क्षेत्र में गश्त एवं निगरानी के दौरान अवैध खनन में संलिप्त पाए जाने पर एक टिप्पर तथा एक जेसीबी मशीन के विरुद्ध कार्रवाई की गई है। पुलिस टीम ने मौके पर टिप्पर रेत-बजरी भरी हुई पाई गई, जबकि एक जेसीबी मशीन नदी किनारे खनन गतिविधियों हेतु मौजूद पाई गई। संबंधित जेसीबी चालक अविनाश कुमार पुत्र सुरजीत सिंह निवासी गांव व डाकघर लुहणा तहसील बड़ोह जिला कांगड़ा व टिप्पर चालक अजय कुमार पुत्र रोशन लाल निवासी गांव जलेट डाकघर लंबागांव तहसील जयसिंहपुर जिला कांगड़ा से वैध खनन संबंधी दस्तावेज प्रस्तुत करने को कहा , जिन्हें मौके पर प्रस्तुत नहीं किया जा सका। इस पर पुलिस ने हिमाचल प्रदेश लघु खनिज (अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण की रोकथाम) नियमावली, 2015 के प्रावधानों के तहत दोनों वाहनों के चालान किए गए तथा नियमानुसार आगामी कार्रवाई हेतु वाहन जब्त इम्पाउंड को न्यायालय में प्रस्तुत करने को कहा गया है।

# गगल एयरपोर्ट पर निजी वाहन से यात्री ले जाने पर टैक्सी यूनियन और कंपनी कर्मियों में हंगामा

अनंत ज्ञान

**गगल।** गगल एयरपोर्ट पर बीते वीरवार शाम उस समय हंगामा हो गया जब विमान सेवा रद्द होने के बाद यात्रियों को निजी वाहन से ले जाने को लेकर विवाद खड़ा हो गया। यह विवाद एयरपोर्ट पर टैक्सी संचालन करने वाली यूनियन और विशेष विमान सेवाएं संचालित करने वाली कंपनी बीकेजे एयरपोर्ट्स के कर्मचारियों के बीच हुआ।

जानकारी के अनुसार, बीकेजे एयरपोर्ट्स के कर्मचारी एक यात्री को निजी गाड़ी में बैठाकर ले जा रहे थे, जिसका टैक्सी यूनियन ने विरोध किया। यूनियन का आरोप है कि पहले भी इसी तरह एक यात्री को बिना स्पष्ट जानकारी के ले जाया गया और फिर उसी वाहन से दोबारा यात्रियों को बिठाने का प्रयास किया गया। इसी को लेकर दोनों पक्षों में बहसबाजी बढ़ गई।

टैक्सी यूनियन के प्रधान कुलजीत राणा ने कहा कि कंपनी के कर्मचारी टैक्सी चालकों के साथ अक्सर दुर्व्यवहार करते हैं, जबकि टैक्सी यूनियन एयरपोर्ट प्रशासन को नियमित शुल्क अदा करती है और कई चालक बैंक ऋण लेकर वाहन चला रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि नियमों के उल्लंघन से स्थानीय टैक्सी व्यवसाय प्रभावित हो रहा है।



निजी वाहन से यात्री ले जाने पर टैक्सी यूनियन विरोध जताया।

विवाद के दौरान स्थिति उस समय और तनावपूर्ण हो गई जब बीकेजे एयरपोर्ट्स की एक महिला कर्मचारी द्वारा कथित तौर पर टैक्सी चालकों को थप्पड़ मारने की बात कही गई, जिससे माहौल और गरमा गया। दूसरी ओर, कंपनी पक्ष की ओर से इस मामले में प्रतिक्रिया देने से बचाव किया गया। पत्रकारों द्वारा संपर्क करने पर पहले कर्मचारी की अनुपस्थिति बताई गई, फिर उसे टर्मिनल और निदेशक कार्यालय भेजे जाने की बात कही गई, लेकिन अंतत: उसने बयान देने से इनकार कर दिया।

घटना के बाद एयरपोर्ट पर जिम्मेदारी और संचालन व्यवस्था को लेकर सवाल उठने लगे हैं। स्थानीय लोगों और टैक्सी यूनियन ने एयरपोर्ट प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच और स्पष्ट नियम लागू करने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह के विवाद न हों।

# पोलिंग पार्टियों के लिए खाना बनाने के आदेशों से आंगनबाड़ी और मिड-डे मील कर्मियों में रोष

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** चुनाव ड्यूटी के दौरान पोलिंग पार्टियों के लिए भोजन बनाने के आदेश का आंगनबाड़ी वर्कर हेल्पर यूनियन संबंधित सीटू जिला कांगड़ा इकाई और मिड-डे मील वर्कर यूनियन संबंधित सीटू जिला कांगड़ा इकाई दोनों ने कड़ा विरोध किया है।

आंगनबाड़ी यूनियन सीटू की जिला प्रधान सुदेश देवी व जिला सचिव लज्जा ठाकुर तथा मिड-डे मील वर्कर यूनियन सीटू की जिला प्रधान सरिता देवी व जिला सचिव गोपाल ने संयुक्त बयान में कहा कि राज्य चुनाव आयोग का यह फैसला पूरी तरह से अव्यावहारिक और महिला विरोधी है। शुक्रवार को आंगनबाड़ी और मिड-डे मील वर्कर का प्रतिनिधिमंडल पोलिंग पार्टियों के लिए खाना बनाने के आदेशों को वापस लेने के लिए जिला प्रशासन से मिला। प्रतिनिधिमंडल का कहना है कि सभी पोलिंग कर्मियों को टीए और डीए मिलता है, परंतु इन गरीब मिड-डे मील वर्कर को कुछ नहीं दिया जाता है व ये कानूनन लोकतांत्रिक अधिकार का उल्लंघन है जो चुनाव आयोग द्वारा ही आदेश देकर करवाया जा रहा है और कानूनन अगर मिड डे मील वर्कर से काम करवाया जाता है तो उन्हें उस का मेहनताना दिया जाना चाहिए। जो अब तक तो नहीं दिया जाता है और खासकर क्योंकि इन दोनों विभागों में महिलाएं ही काम करती हैं तब तो बिलकुल गैरकानूनी है क्योंकि पोलिंग पार्टियों में ज्यादातर पुरुष होते हैं तो रात के समय में महिलाओं से काम करवाना महिला सुरक्षा अधिकारों का उल्लंघन है। आंगनबाड़ी यूनियन सीटू व मिड-डे मील वर्कर यूनियन सीटू जिला कांगड़ा व हिमाचल किसान सभा जिला कांगड़ा का चुनाव आयोग से निवेदन है कि उक्त फैसले को तत्काल प्रभाव से वापस लिया जाए।



एडीएम को ज्ञापन सौंपते हुए यूनियन के सदस्य।

## आम आदमी पार्टी जयसिंहपुर के अध्यक्ष कैप्टन विनोद की माता का निधन

**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** आम आदमी पार्टी जयसिंहपुर के अध्यक्ष कैप्टन विनोद चाडक की माता सरोजनी देवी पत्नी स्व. गुरदेव सिंह गांव कमांद डाकघर कर्णघट का 74 वर्ष की आयु में पैरालाइज के अटैक के कारण ब्रेन हेमरेज होने से निजी अस्पताल में इलाज के दौरान देहांत हो गया। इनका संस्कार आज कुंजेश्वर महादेव लंबागांव में कर दिया गया। आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता काली दास, जिला अध्यक्ष पालमपुर शेर सिंह, उपाध्यक्ष प्रीतम मेहरा व सुनील कुमार, कर्म सिंह, संगठन मंत्री रवि कुमार, रंजन आदि ने निधन पर शोक व्यक्त किया।

# मंझग्रां सीट पर भाजपा एकजुट, अंजू ठाकुर ने बिंदु कुमारी को दिया समर्थन

अनंत ज्ञान



**कोहली, शाहपुर।** जिला परिषद कांगड़ा की मंझग्रां-35 सीट पर चुनावी सरगर्मियों के बीच भाजपा को बड़ा राजनीतिक बल मिला है। भाजपा की वरिष्ठ नेत्री एवं पूर्व पंचायत समिति रैत ब्लॉक की चेयरमैन रह चुकी अंजू ठाकुर ने पार्टी समर्थित प्रत्याशी बिंदु कुमारी के समर्थन में चुनाव मैदान से हटने का ऐलान किया है। यह घोषणा शाहपुर में आयोजित एक प्रेस वार्ता के दौरान पूर्व मंत्री सरवीन चौधरी की मौजूदगी में की गई। इस अवसर पर भाजपा समर्थित प्रत्याशी बिंदु कुमारी, भाजपा मंडल अध्यक्ष सहित कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

अंजू ठाकुर ने कहा कि उन्होंने पार्टी हित को सर्वोपरि रखते हुए यह निर्णय लिया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि उन पर किसी भी प्रकार का कोई दबाव नहीं है तथा दोनों एक ही पार्टी से जुड़ी हुई हैं। उनका मुख्य उद्देश्य भाजपा की जीत सुनिश्चित करना है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर बिंदु कुमारी को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील भी की। भाजपा प्रत्याशी बिंदु कुमारी ने अंजू ठाकुर का आभार जताते हुए कहा कि उनका चुनाव चिन्ह टेबल फैन है और जनता के सहयोग से वह इस सीट को भाजपा की झोली में डालेंगी। उन्होंने क्षेत्रवासियों से भारी समर्थन देने की अपील करते हुए कहा कि भाजपा विकास और जनसेवा की राजनीति में विश्वास रखती है। गौरतलब है कि बिंदु कुमारी के पति नवीन ठाकुर पूर्व में पंचायत समिति के वाइस चेयरमैन रह चुके हैं, जिसके चलते क्षेत्र में उनका मजबूत जनसंपर्क और राजनीतिक अनुभव माना जाता है।

## 81वां जनरल जनक मेमोरियल वॉलीबाल टूर्नामेंट कल से

**अनंत ज्ञान, राकेश डोगरा, डरोह।** जनरल जनक मेमोरियल वॉलीबाल टूर्नामेंट खैरा के प्रधान युद्धवीर सिंह कटोच व सचिव बलविंदर सिंह कटोच ने बयान में कहा कि हर साल की भांति इस वर्ष भी 81वां जनरल जनक मेमोरियल वॉलीबॉल टूर्नामेंट खैरा में बड़ी धूमधाम से मेला मां सुन्यारी के प्रांगण में 24 से 26 मई तक करवाया जा रहा है। 24 मई को जूनियर वर्ग का शुभारंभ नवेंद्र कटोच के द्वारा किया जाएगा जबकि 25 मई को जूनियर की क्लोजिंग व सीनियर की ओपनिंग कर्नल डॉ. सीडीएस कटोच, पूर्व निदेशक एम्स राजकोट द्वारा प्रात: 10 बजे की जाएगी। इस बीच 26 मई के मुख्यातिथि महारानी शैलजा कटोच कांगड़ा व विशेष अतिथि टिक्का अंबिकेश्वर कटोच होंगे। सीनियर वर्ग की विजेता टीम को 31,000 रुपए व ट्रॉफी और उपविजेता टीम को 21,000 रुपए व ट्रॉफी प्रदान की जाएगी। एक सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी को 2,100 रुपए दिए जाएंगे। जूनियर वर्ग की विजेता टीम को 5100 रुपए व ट्रॉफी और उपविजेता को 3100 रुपए व ट्रॉफी प्रदान की जाएगी।

# 8 साल से लंबित टीजीटी वरिष्ठता सूची

## 2018 से 2026 तक नियुक्त 3000 टीजीटी को अब तक नहीं मिला वरिष्ठता क्रमांक

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश में वर्ष 2018 से 2026 के मध्य नियुक्त तीन हज़ार टीजीटी वरिष्ठता क्रमांक का इंतज़ार कर रहे हैं । इनकी फाइनल तो क्या, आरंभिक वरिष्ठता सूची भी आज तक बनकर तैयार नहीं हुई है। इसके कारण हजारों शिक्षक परेशान हैं।

शिक्षा विभाग से दर्जनों बार गुहार लगा चुके शिक्षक यह नहीं समझ पा रहे हैं कि इस 8 साल में भी वरिष्ठता सूचियां क्यों नहीं बन पाई हैं। वरिष्ठता सूचियों को अनिश्चित काल हेतु टाला नहीं जा सकता। यह विभिन्न कोर्ट मामलों और केंद्रीय कार्मिक विभाग ने स्पष्ट किया है कि वरिष्ठता सूचियां जारी करने में इतना लम्बा प्रशासनिक विलंब अनुचित होता है। सेवा नियमों, प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों तथा केंद्र सरकार के कार्मिक विभाग के दिशा-निर्देशों के अनुसार वरिष्ठता सूची का निर्माण एवं प्रकाशन उचित समयावधि में किया जाना आवश्यक होता है क्योंकि वरिष्ठता ही पदोन्नति, स्थानांतरण, सेवा लाभ एवं भविष्य की कैरियर प्रगति का आधार होती है। ऐसे में राज्य स्कूल शिक्षा निदेशालय इन सभी लंबित वरिष्ठता सूचियों को अगले माह तक जारी करे।

यह मांग राजकीय टीजीटी कला संघ संघ के प्रदेशाध्यक्ष सुरेश कौशल, उपाध्यक्ष विजय बरवाल, प्रदेश महासचिव विजय हीर, महिला विंग अध्यक्ष रीता बल्याणी, जोन उपाध्यक्ष खुशहाल पठानिया, देश राज कालिया, रोशन लाल, विजेश अत्री, कैशियर सुभाष भारती, संयुक्त सचिव रामपाल सौंखला, जिलाध्यक्ष संजय वर्मा, नरेंद्र पूनर, कुलवीर सिंह, राकेश चौधरी, यशवंत ठाकुर, कपिल शंकवान, सुरेश वर्मा, अजीत सिंह, अमित छाबड़ा, अजय कुमार, दिनेश कुमार, सुरेश कौंडल, पवन शर्मा, नवांग छेरिंग, सुभाष चंद, दिनेश और ज्ञान चंद सहित अन्य पदाधिकारियों ने स्कूल शिक्षा निदेशक आशीष कोहली से की है। संघ ने कहा कि सेवारत शिक्षकों को कनफर्मेशन और प्रमोशन हेतु आवेदन भेजने करते समय अनिवार्य रूप से भरने वाला वरिष्ठता क्रमांक 8 साल सेवाकाल में भी उपलब्ध नहीं होना एक चिंताजनक स्थिति है।

### बीआरसीसी भर्ती क्यों भूला विभाग?

**टीजीटी** कला संघ ने स्कूल शिक्षा विभाग और एसएसए निदेशालय से बीआरसीसी की डेढ़ साल से लंबित भर्ती प्रक्रिया पूरा करने करने की अपील की है। अब अनेकों उत्तीर्ण उम्मीदवार तैनाती नहीं मिलने से निराश हैं क्योंकि चयन प्रक्रिया में अनुत्तीर्ण व्यक्तियों ने इस भर्ती को कानूनी प्रक्रिया में उलझाया है और विभाग हाईकोर्ट से आज्ञा लेकर नियुक्तियां करने हेतु शीघ्र उचित कदम उठाए।

◆ **शिक्षा विभाग की देरी पर सवाल, टीजीटी शिक्षक संघ ने उठाई मांग**

## पीटीसी डरोह में 106 प्रशिक्षुओं व कर्मचारियों ने किया रक्तदान



**अनंत ज्ञान, राकेश डोगरा, डरोह।** प्रधानाचार्य, डॉ. राजेंद्र प्रसाद राजकीय मेडिकल कॉलेज, टांडा के अनुरोध पर हिमाचल प्रदेश पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय डरोह में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का आयोजन प्रशिक्षुओं, अधिकारियों एवं कर्मचारियों में सामाजिक उत्तरदायित्व, मानव सेवा एवं जनकल्याण की भावना को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के कुल 106 प्रशिक्षुओं, अधिकारियों तथा कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए स्वेच्छा से रक्तदान किया। रक्तदान शिविर में बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने रक्तदान कर मानवता की सेवा में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। हिमाचल प्रदेश पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय डरोह के प्रधानाचार्य महोदय, डॉ. खुशहाल शर्मा, आईपीएस ने रक्तदाताओं की सराहना करते हुए कहा कि रक्तदान महादान है तथा इस प्रकार के आयोजन समाज में सेवा, सहयोग एवं परोपकार की भावना को सुदृढ़ करते हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को इस पुनीत कार्य हेतु बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। प्रधानाचार्य महोदय ने बताया कि भविष्य में भी संस्थान द्वारा प्रति माह ऐसे जनहित एवं समाज सेवा से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे।

# एसआईएचएम खनियारा धर्मशाला में डिग्री और डिप्लोमा कोर्सों में प्रवेश प्रक्रिया शुरू

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** राजकीय स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट (एसआईएचएम) खनियारा धर्मशाला में शैक्षणिक सत्र 2026-27 हेतु विभिन्न डिग्री एवं डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया आरम्भ हो गई है। यह जानकारी संस्थान के प्राधानार्चाय एवं उपनिदेशक पर्यटन विभाग धर्मशाला जोन विनय धीमान ने देते हुए बताया है कि आतिथ्य एवं होटल प्रबंधन शिक्षा के क्षेत्र में यह एक प्रतिष्ठित सरकारी संस्थान है, जिसे भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय तथा हिमाचल प्रदेश सरकार के पर्यटन एवं नागरिक उड्डयन विभाग द्वारा संयुक्त रूप से प्रायोजित किया जाता है।

संस्थान नेशनल काउंसिल फॉर होटल मैनेजमेंट एंड कैटरिंग टेक्नोलॉजी (एनसीएचएमसीटी) पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार से संबद्धित है। संस्थान वर्ष 2012 में स्थापना के बाद पिछले 14 वर्षों से होटल प्रबंधन एवं कलिनरी आर्ट्स के क्षेत्र में व्यावसायिक शिक्षा प्रदान कर रहा है, जहां व्यवहारिक प्रशिक्षण एवं कौशल विकास पर विशेष बल दिया जाता है।



संस्थान परिसर में आधुनिक प्रशिक्षण रसोईघर, बेकरी एवं कन्फेक्शनरी लैब, फ्रंट ऑफिस एवं हाउसकीपिंग प्रयोगशालाएं तथा आतिथ्य उद्योग के मानकों के अनुरूप उन्नत प्रशिक्षण उपकरण उपलब्ध हैं। संस्थान में विद्यार्थियों को गैर सरकारी संस्थानो से 40 प्रति शत कम फीस पर यह कोर्स करवाए जा रहे है। यह संस्थान भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त है। संस्थान द्वारा विद्यार्थियों को भारत एवं विदेशों के प्रतिष्ठित 5 स्टार होटलों में इंटर्नशिप एवं प्लेसमेंट के अवसर भी उपलब्ध करवाए जाते हैं। संस्थान के विद्यार्थी देश एवं विदेश के प्रसिद्ध होटल ब्रांड्स जैसे मैरियट, हयात, नोवोटेल, सेंट रेजिस, रैफल्स, फेयरमोंट, ताज, ओबेरॉय एवं आईटीसी आदि में कार्यरत हैं। इसके अतिरिक्त विद्यार्थी यूएई कनाडा, ऑस्ट्रेलिया तथा विभिन्न यूरोपीय देशों में भी अपनी सेवाएँ दे रहे हैं। पर्यटन एवं होटल उद्योग में उज्ज्वल करियर बनाने के इच्छुक युवा जोकि बारवी पास हो एवं काउंसलिंग संबंधी जानकारी हेतु संस्थान परिसर, खनियारा धर्मशाला में संपर्क कर सकते हैं। संस्थान द्वारा संचालित किसी भी पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु आयु सीमा निर्धारित नहीं है। अधिक जानकारी एवं सहायता के लिए अभ्यर्थी एडमिशन सेलए एसआईएचएम धर्मशाला के दूरभाष नंबर 80911516480ए 8146860880 तथा 7986319121 पर संपर्क कर सकते हैं।

# श्रीकृष्ण ने तोड़ा इंद्र का अभिमान, गोवर्धन पर्वत उठाकर की ब्रजवासियों की रक्षा



श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन भक्त।

अनंत ज्ञान

**प्रवेश शर्मा, प्रागपुर।** प्रागपुर विकास खंड के गांव अप्पर टिप्परी में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन धरोहर गांव प्रागपुर के पंडित सुमित शास्त्री ने गोवर्धन लीला का प्रसंग सुनाया।

उन्होंने कहा कि जब देवराज इंद्र को अपनी सत्ता का अभिमान हो गया, तो उन्होंने श्री कृष्ण की परीक्षा लेने के लिए ब्रज में सात दिनों तक मूसलाधार बारिश की।तब भगवान श्री कृष्ण ने मात्र सात वर्ष की आयु में सात कोस के गोवर्धन पर्वत को उठाकर सभी ब्रजवासियों की रक्षा की। कथाव्यास ने बताया कि जब इंद्र को अहसास हुआ कि श्री कृष्ण ही पूर्ण पुरुषोत्तम हैं, तो उन्होंने ग्यारह श्लोकों में प्रभु से क्षमा मांगी। इंद्र ने प्रार्थना की कि प्रभु ऐसा अनुग्रह करें कि उनकी बुद्धि दोबारा ऐसा अहंकार न करे और वे भगवान की भगवत्ता को कभी न भूलें। इस अवसर पर तिलकराज, बलविंद्र कुमार, पुष्पिंदर, जसविंदर, कौशल्या देवी, ममता रानी, सीमा देवी और राधिका सहित कई भक्तों ने कथा का आनंद लिया। अगले दिन भगवान श्री कृष्ण और रुक्मणी की भव्य झांकी निकाली जाएगी।


# प्रागपुर और गरली में अवैध फिल्म निर्माण का पर्दाफाश, नियमों की अनदेखी पर उठे सवाल

अनंत ज्ञान

**प्रवेश शर्मा, प्रागपुर।** चिराग तले अंधेरा और आंखों में धूल झोंकने का यह खेल उस समय पूरी तरह बेनकाब हो गया, जब अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कार्यालय देहरा से सूचना के अधिकार के तहत मिले दस्तावेजों ने फिल्म निर्माताओं के काले कारनामों का ऐसा बम्ब फोड़ा जिससे पूरे महकमे में हडक़ंप मच गया है।

प्राप्त पुख्ता कागजातों से यह सनसनीखेज खुलासा हुआ है कि हिंदी फीचर फिल्म पीएन-56 के निर्माण के लिए सूचना एवं जन संपर्क विभाग ने जो अनुमति दी थी, उसमें साफ तौर पर स्थानीय प्रशासन और पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग से अनिवार्य अनापत्ति प्रमाण पत्र लेने की कड़ी शर्त लगाई गई थी, लेकिन इस कानूनी निर्देश को ठेंगा दिखाते हुए फिल्म निर्माताओं ने बिना किसी वैध दस्तावेज के धरोहर गांव परागपुर और गरली में अवैध रूप से कैमरे दौड़ा दिए। इस पूरे मामले का सबसे बड़ा और चौंकाने वाला पहलू यह है कि अतिरिक्त जिलाधीश कांगड़ा ने केवल चंबापत्तन में ही विशिष्ट तिथियों पर दृश्य फिल्माने की वैध अनुमति दी थी, जिसमें गरली-परागपुर का दूर-दूर तक कोई नामोनिशान नहीं था। प्रशासनिक नियमों के तहत तिथियों का यह अंतर तो पूरी तरह वैध और सामान्य प्रक्रिया है, लेकिन असली गड़बड़ी और अंधेरगर्दी यहां हुई कि फिल्म दल ने इस सीमित सरकारी कागज की आड़ में पूरे धरोहर क्षेत्र को बंधक बना लिया। धरोहर व विशेष क्षेत्र होने के कारण यहां बिना पुरातत्व विभाग और स्थानीय प्रशासन की मंजूरी के पैर रखना भी दंडनीय अपराध है।

इसके बावजूद फिल्म निर्माताओं ने नियमों की धज्जियां उड़ाकर ऐतिहासिक धरोहरों के साथ खिलवाड़ किया। बिना स्थानीय पंचायत और प्रशासन की मंजूरी के समानांतर व्यवस्था चलाने वाले इस रसूखदार फिल्म दल के खिलाफ अब कानूनी शिकंजा कसना तय माना जा रहा है, क्योंकि इन कागजातों ने उनके इस अवैध खेल को पूरी तरह बेनकाब कर दिया है।



प्रागपुर व गरली धरोहर गांव में फ़िल्म के दृश्यों को फिल्माने की अनुमति एसडीएस कार्यालय से नहीं ली गयी थी और न ही इस बारे में मुझसे कोई संपर्क किया गया था।

**कुलवंत सिंह पोटन, एसडीएम एवं अध्यक्ष, धरोहर गांव समिति गरली-प्रागपुर।**

## न्यूज ब्रीफ

### नादौन में होगी बीडीसी-जिप की मतगणना

अनंत ज्ञान, नादौन। विकास खंड नादौन के सभी 27 बीडीसी वार्डों और चारों जिला परिषद वार्डों के मतगणना केंद्र में बदलाव किया गया है। इस संबंध में संशोधित आदेश जारी करते हुए उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) गंधर्वा राठौड़ ने बताया कि इन बीडीसी और जिला परिषद वार्डों की गिनती अब सिद्धार्थ राजकीय महाविद्यालय नादौन के कमरा नंबर 102 और 103 में होगी। कमरा नंबर 107 को भी मतगणना से संबंधित कार्य के लिए रखा गया है। उपायुक्त ने बताया कि पहले नादौन के पंचायत समिति हॉल को मतगणना केंद्र बनाया गया था, लेकिन अब यह मतगणना केंद्र राजकीय महाविद्यालय में स्थापित करने का निर्णय लिया गया है।

### चमराल स्कूल में होगी पंचायत चुनाव गिनती

अनंत ज्ञान, नादौन। विकास खंड नादौन की ग्राम पंचायत चमराल के मतगणना केंद्र में बदलाव किया गया है। इस संबंध में पूर्व में जारी आदेश में आंशिक संशोधन करते हुए उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) गंधर्वा राठौड़ ने बताया कि आगामी पंचायत चुनाव के दौरान ग्राम पंचायत चमराल के मतों की गिनती राजकीय प्राथमिक पाठशाला चमराल में होगी। उन्होंने बताया कि पहले इस पंचायत का मतगणना का स्थान पंचायत कार्यालय किया गया निर्धारित किया गया था, लेकिन अब इसे राजकीय प्राथमिक पाठशाला चमराल कर दिया गया है।

### पुष्पेंद्र ने रेहड़ी-फड़ी वालों की समस्याएं उठाईं

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा ने शुक्रवार को रेहड़ी-फड़ी लगाने वाले मेहनतकश लोगों की समस्याओं को लेकर प्रशासन और पुलिस अधिकारियों से मुलाकात की। उन्होंने छोटे व्यापारियों की परेशानियों को गंभीरता से अधिकारियों के समक्ष रखा और समाधान की मांग की। डॉ. वर्मा ने कहा कि ऑनलाइन दौर में छोटे व्यापारियों के लिए परिवार का पालन-पोषण करना कठिन होता जा रहा है, इसलिए प्रशासन को उनके प्रति संवेदनशील रवैया अपनाना चाहिए। अधिकारियों ने समस्याओं के समाधान के लिए सहयोग का आश्वासन दिया। इसके अलावा डॉ. वर्मा ने म्युनिसिपल कमिश्नर को वार्ड नंबर 3 में लंबे समय से बनी सफाई व्यवस्था की समस्या से भी अवगत करवाया और जल्द समाधान की मांग उठाई। इस अवसर पर व्यापार मंडल अध्यक्ष सुमित ठाकुर और नॉमिनेटेड पार्षद डॉ. हर्ष कालिया भी मौजूद रहे।

### जलाड़ी में पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश



अनंत ज्ञान, नादौन। भगवती पब्लिक स्कूल जलाड़ी में अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को जैव विविधता के महत्व, प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण तथा पर्यावरण सुरक्षा के प्रति जागरूक करना रहा। इस अवसर पर कक्षा नवमी की छात्राओं आराध्या ठाकुर और संस्कृति कौंडल ने अपने विचार प्रस्तुत किए। विद्यार्थियों ने बताया कि जैव विविधता हमारे पर्यावरण के संतुलन के लिए बेहद आवश्यक है, लेकिन वर्तमान समय में प्रकृति से हो रहे खिलवाड़ के कारण प्राकृतिक स्रोत लगातार नष्ट हो रहे हैं। उन्होंने सभी से पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। विद्यालय अध्यापिका शीतल तथा शास्त्री अध्यापक निखिल ने विद्यार्थियों को जैव विविधता और जैविक संसाधनों के महत्व की जानकारी देते हुए इनके संरक्षण की आवश्यकता पर जोर दिया। कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों को प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी निभाने की प्रेरणा दी गई।

### डीएवी भड़ोली में छात्रों ने दिखाई अनूठी प्रतिभा

अनंत ज्ञान, नादौन। डीएवी भड़ोली के ईको क्लब की ओर से 'बेकार से बेहतरीन' गतिविधि का आयोजन किया गया। यह गतिविधि विशेष रूप से कक्षा सातवीं के विद्यार्थियों के लिए आयोजित की गई, जिसका उद्देश्य बच्चों में रचनात्मकता, पर्यावरण संरक्षण एवं पुनः उपयोग की भावना को विकसित करना था। विद्यार्थियों ने बेकार एवं अनुपयोगी वस्तुओं का प्रयोग कर अत्यंत सुंदर, आकर्षक एवं उपयोगी वस्तुएं तैयार कीं। बच्चों की कल्पनाशक्ति, कलात्मक सोच तथा पर्यावरण के प्रति जागरूकता सभी के लिए आकर्षण का केंद्र रही।विद्यार्थियों ने यह संदेश भी दिया कि अनुपयोगी वस्तुओं का सही प्रयोग कर उन्हें उपयोगी एवं सुंदर बनाया जा सकता है।

### बच्चों में वैज्ञानिक सोच को लेकर दिया बढ़ावा

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। हिम अकादमी पब्लिक स्कूल विकास नगर में अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस 2026 के अवसर पर दो दिवसीय कार्यक्रम उत्साहपूर्वक आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों और शिक्षकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। जीव विज्ञान विभाग की अध्यापिका नेहा शर्मा और आर्यन के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम के तहत जीव विज्ञान प्रदर्शनी लगाई गई, जिसमें विद्यार्थियों ने जैव विविधता संरक्षण और पर्यावरण जागरूकता से जुड़े आकर्षक मॉडल व परियोजनाएं प्रस्तुत कीं। कक्षा 11वीं और 12वीं के विद्यार्थियों ने कॉलेज ऑफ हॉर्टिकल्चर एंड फॉरेस्ट्री का शैक्षणिक भ्रमण भी किया। विद्यार्थियों ने बॉटनिकल गार्डन, टिश्यू कल्चर लैब और जैव विविधता प्रयोगशाला का अवलोकन किया। विज्ञान सप्ताह के अंतर्गत विज्ञान प्रश्नोत्तरी और चित्रकला प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। कार्यक्रम ने विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण और वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा दिया।

### तकनीकी विवि में 4 जून से शुरू होंगी परीक्षाएं

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर ने बीटेक, बी फार्मेसी, एमबीए, एमसीए, एमटेक, एम फार्मेसी सहित सभी स्नातक (यूजी) और स्नातकोत्तर (पीजी) विषयों के सेमेस्टर परीक्षा व री-अपीयर परीक्षा की तिथियां जारी की हैं। चार जून से तकनीकी विवि की यूजी व पीजी कक्षाओं की परीक्षाएं शुरू होंगी, जिसमें नियमित सेमेस्टर एवं री-अपीयर की परीक्षाएं शामिल हैं। इससे पूर्व तकनीकी विवि ने 29 मई से परीक्षाएं शुरू करने की योजना बनाई थी, लेकिन पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव के चलते तिथियों में फेरबदल किया है। अब तकनीकी विवि व संबंधित शिक्षण संस्थानों में चार जून से चार जुलाई तक सुबह और सायं के सत्र में परीक्षाएं प्रस्तावित की हैं। तकनीकी विवि के कुलसचिव एवं परीक्षा नियंत्रक (अतिरिक्त कार्यभार) विशाल शर्मा ने कहा कि प्रदेशभर के 39 शिक्षण संस्थानों में परीक्षा केंद्र स्थापित किए गए हैं।

### महिलाओं ने सीखा पेपर कवर व लिफाफे बनाना

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। महल सिद्ध स्थित पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) हमीरपुर में महिलाओं के लिए आयोजित 12 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर शुक्रवार को संपन्न हो गया। इस शिविर में लगभग 25 महिलाओं ने पेपर कवर, फाइल और लिफाफे इत्यादि उत्पाद बनाने का प्रशिक्षण प्राप्त किया। शिविर के समापन अवसर पर प्रशिक्षणी महिलाओं को शुभकामनाएं देते हुए आरसेटी के निदेशक अजय कुमार कटना ने कहा कि संस्थान के माध्यम से प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद महिलाएं अपना उद्यम या कारोबार आरंभ कर सकती हैं। इसके लिए विभिन्न बैंकों से ऋण प्राप्त करने में आरसेटी भी महिलाओं की मदद कर सकता है। उन्होंने महिलाओं से विभिन्न विभागों और बैंकों की ऋण एवं सब्सिडी योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। इस अवसर पर प्रशिक्षण शिविर के मूल्यांकनकर्ता संसार चंद और हरबंस लाल, वित्तीय साक्षरता सलाहकार जीसी भट्टी, आरसेटी के फैकल्टी मैंबर संजय हरनोट और अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

### खाना बनाने के आदेश वापसी की मांग की

अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर। आंगनवाड़ी हेल्पर-वर्कर यूनियन का एक प्रतिनिधिमंडल शुक्रवार को जिलाधीश हमीरपुर से मिला और ज्ञापन सौंपकर पंचायत चुनावों के दौरान आंगनबाड़ी वर्कर्स तथा मिड-डे मील कर्मियों से खाना बनवाने के आदेश को वापस लेने की मांग की। यूनियन ने कहा कि यह आदेश भारत सरकार के 28 अक्टूबर 2025 के दिशा-निर्देशों के खिलाफ है, जिनमें स्पष्ट है कि आंगनवाड़ी कर्मियों से विभागीय कार्यों के अलावा अन्य कार्य न लिए जाएं। प्रतिनिधियों ने तर्क दिया कि इससे पोषण, गर्भवती महिलाओं और बच्चों की देखभाल जैसे मुख्य कार्य प्रभावित होंगे। डॉ. कश्मीर सिंह ठाकुर ने बताया कि राज्य सरकार के महिला एवं बाल विकास विभाग ने भी केंद्र के निर्देशों का हवाला देते हुए ऐसी ड्यूटी न लगाने को कहा है। यूनियन ने मिड डे मील वर्कर्स से भी अतिरिक्त कार्य न लेने की बात उठाई और फौरी कार्रवाई की मांग की।



अनंत ज्ञान, हमीरपुर। पंचायती राज चुनावों में प्रचार के दौरान बीडीसी पद के उम्मीदवार सुरेंद्र कटोच अपने पक्ष में लोगों से वोट मांगते हुए।

---

हमीरपुर के युवा आशु ने माउंट एवरेस्ट बेस कैंप पर लहराया भारतीय तिरंगा

# 14 किलोग्राम का बैग लेकर 180 किमी की कठिन ट्रैकिंग पूरी कर बनाई अलग पहचान

अनंत ज्ञान

जाहू। प्रदेश के युवाओं में प्रतिभा और साहस की कोई कमी नहीं है, और इसका जीवंत उदाहरण बने हैं हमीरपुर जिला के युवा आशु। अपनी मेहनत, जुनून और सामाजिक सोच के दम पर आशु लगातार नई उपलब्धियां हासिल कर प्रदेश और देश का नाम रोशन कर रहे हैं। करीब 23 वर्षीय आशु ने नेपाल स्थित विश्व प्रसिद्ध माउंट एवरेस्ट बेस कैंप की कठिन ट्रैकिंग सफलतापूर्वक पूरी कर भारतीय तिरंगा फहराया।

आशु ने 14 किलोग्राम वजन का बैग कंधों पर उठाकर हिमालय की दुर्गम चोटियों के बीच लगभग 180 किलोमीटर की दूरी तय की। ऊंचे पहाड़, कठिन मौसम और चुनौतीपूर्ण रास्तों के बावजूद उन्होंने हिम्मत नहीं हारी और एवरेस्ट बेस कैंप तक पहुंचकर एक बड़ी उपलब्धि हासिल की। उनकी इस सफलता से पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर है और युवा उन्हें प्रेरणास्रोत के रूप में देख रहे हैं।

स्थानीय लोगों और समाजसेवियों ने आशु की उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। आशु के पिता गुरदास डोगरा सोलन जिला के नालागढ़ स्थित एक बहुराष्ट्रीय कंपनी में कार्यरत हैं, जबकि परिवार वहीं निवास करता है। आशु स्वयं भी अपने सामाजिक और साहसिक अभियानों को नालागढ़ क्षेत्र से संचालित करते हैं।

एमकॉम स्नातक आशु पढ़ाई के साथ-साथ समाज सेवा और साहसिक गतिविधियों में भी सक्रिय हैं। इससे पहले उन्होंने 10 मई को नालागढ़ से मणिमहेश कैलाश तक सफल साइकिल यात्रा पूरी कर एक नया रिकॉर्ड बनाया था, और वे इस कठिन यात्रा को पूरा करने वाले पहले साइकिलिस्ट बने।

इसके अलावा 'से नो टू ड्रग्स' अभियान के तहत उन्होंने नालागढ़ से शिमला तक दौड़ लगाकर युवाओं को नशे से दूर रहने का संदेश दिया। उनकी रचनात्मक सोच व सामाजिक योगदान को देखते हुए हाल ही में करियर प्वाइंट विवि हमीरपुर में आयोजित समारोह में उन्हें फिल्म अभिनेता रजा मुराद और फिल्म जगत से जुड़ी आमिता भाटिया द्वारा 'नॉर्थ इंडिया बेस्ट क्रिएटर अवार्ड' से सम्मानित किया गया। आशु की उपलब्धियों से परिवार में गर्व का माहौल है और हजारों युवा उनसे प्रेरणा ले रहे हैं।

#### सपनों को मेहनत से करें साकार: आशु



आशु का कहना है कि युवाओं को केवल सपने देखने तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि उन्हें मेहनत, जुनून और हिम्मत के साथ अपने लक्ष्य की ओर आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि कठिन मौसम, ऊंचाई और चुनौतीपूर्ण रास्तों को पार कर मॉउंट एवरेस्ट बेस कैंप तक पहुंचना उनके जीवन की सबसे बड़ी साहसिक उपलब्धियों में से एक है। उन्होंने कहा कि यदि युवा सकारात्मक सोच और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ें तो कोई भी सपना असंभव नहीं होता। उनकी यह उपलब्धि आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी।

---

## लंबित देनदारियों के भुगतान आदेश पर पेंशनर्स संघ ने जताया सरकार का आभार

◆ भोरंज इकाई की बैठक में मांगों व संगठनात्मक गतिविधियों पर हुई चर्चा

अनंत ज्ञान

हमीरपुर। हिम आंचल पेंशनर्स संघ, भोरंज खंड इकाई की बैठक कार्यकारी प्रधान कमलेश मिश्रा की अध्यक्षता में राधा-कृष्ण मंदिर परिसर डुंगरीं (भ्याड़) में आयोजित की गई। बैठक में खंड महासचिव राज कुमार पटियाल ने एजेंडा और संगठन की गतिविधियों की जानकारी दी। इस दौरान दिवंगत पेंशनर साथियों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन भी रखा गया।

बैठक में प्रदेशाध्यक्ष केसी गौतम, मुख्य संरक्षक योग राज शर्मा, वित्त सचिव शंभू राम जसवाल, जिला प्रधान देव राज पटियाल, जिला महासचिव तोता राम जंजुआ सहित कई पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित रहे। पेंशनरों की लंबित मांगों, चिकित्सा बिलों तथा ग्रेच्युटी व लीव-एनकैशमेंट के भुगतान को लेकर विस्तार से चर्चा हुई।

संघ पदाधिकारियों ने सरकार द्वारा श्रेणी-4 के सेवानिवृत्त कर्मचारियों की लंबित देनदारियों के भुगतान संबंधी आदेश जारी करने पर आभार व्यक्त किया। साथ ही मांग उठाई गई कि जनवरी 2016 से जनवरी 2022 के बीच सेवानिवृत्त अन्य श्रेणियों के पेंशनरों को भी संशोधित ग्रेच्युटी और लीव-एनकैशमेंट का भुगतान शीघ्र किया जाए। प्रदेश पदाधिकारियों ने बताया कि संघ समय-समय पर सरकार से पत्राचार और शिष्टमंडलों के माध्यम से पेंशनरों की मांगों को उठाता रहा है तथा आगे भी यह प्रयास जारी रहेंगे। मुख्य संरक्षक योग राज शर्मा ने खंड स्तर पर संगठनात्मक गतिविधियों में तेजी लाने पर जोर दिया। बैठक में सर्वसम्मति से सत्र 2025-27 की शेष अवधि के लिए राज कुमार पटियाल को खंड प्रधान तथा हंस राज को खंड महासचिव चुना गया। उपस्थित सदस्यों ने नवचयनित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दीं।

---

बोर्ड के पूर्व संयोजक ओमप्रकाश पर नरेश ठाकुर का जवाबी हमला

# बोले-बयानबाजी कर सेंक रहे राजनीतिक रोटियां

अनंत ज्ञान

विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर। राज्य नशा निवारण बोर्ड के संयोजक एवं सलाहकार नरेश ठाकुर ने बोर्ड के पूर्व संयोजक और सलाहकार ओमप्रकाश शर्मा पर उनकी बयानबाजी को लेकर जवाबी हमला बोला है। ठाकुर ने कहा है कि पूर्व संयोजक एक तरफ तो हिमाचल पुलिस की तारीफ कर रहे हैं, लेकिन दूसरी तरफ जो अभियान चलाया जा रहा है, उस पर सवाल उठा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हिमाचल पुलिस सरकार के अधीन ही आती है, इसलिए सरकार के दिशा निर्देशों के मुताबिक ही इस अभियान को अब नए रूप स्वरूप में बदलकर जिस अंदाज में शुरू किया गया है, शायद उससे ओमप्रकाश को परेशानी होगी।

शुक्रवार को यहां प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए उन्होंने उन पर निजी तौर पर भी हमला करते हुए कहा कि वह संयोजक के नाते उनकी नियुक्ति पर सवाल उठा रहे हैं। लेकिन क्या ओम प्रकाश यह बताने की हिम्मत जुटाएंगे कि जब पूर्व सरकार के समय 2 साल की अवधि के लिए उनकी नियुक्ति हुई थी, तब सरकार ने क्या कोई विज्ञापन जारी किया था। उन्होंने कहा कि यह नियुक्तियां मुख्यमंत्री के विशेषाधिकार क्षेत्र में आती हैं। इसलिए ओमप्रकाश को राजनीतिक रोटियां सेंकने का यदि बहुत ही शौक है, तो फिर उन्हें अपनी नियुक्ति को लेकर भी स्थिति सार्वजनिक करनी चाहिए।

#### नशे के खिलाफ जन आंदोलन से मिल रहा फायदा



नरेश ठाकुर ने कहा कि नशे को लेकर हिमाचल में जो जन आंदोलन शुरू किया गया है, वह मामूली बात नहीं है। सरकार के मुखिया सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने इसमें कई परिवर्तन करके दोषियों को पकड़ने, सही सजा देने व उनकी संपत्ति को जब्त करने के लिए जो संशोधन किए, भाजपा के कार्यकाल में तो हुए नहीं, निश्चित रूप में इसका फायदा समाज को हो रहा है। अभी तक 6811 मामले पुलिस ने पकड़े हैं जो भाजपा सरकार के समय से 33.18 परसेंट ज्यादा है। 10357 लोगों को गिरफ्तार किया गया है और 45864 किलोग्राम नशा जब्त किया गया। वर्ष 2026 में 32 नए आरोपी पकड़े गए हैं। जबकि 700 मामलों में संपत्ति को फ्रीज करने के लिए जांच चल रही है। इनमें 300 अभी तक चिन्हित कर दिए गए हैं और 17 आरोपियों की संपत्ति को इसके तहत जमींदोष कर दिया गया है। मंडी समिति के अध्यक्ष और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अजय शर्मा भी प्रेस कॉन्फ्रेंस में मौजूद थे।

---

## योगासन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर निधि डोगरा को जिला स्कूल खेल प्रभारी ने किया सम्मानित

अनंत ज्ञान



हमीरपुर। निधि डोगरा को जिला हमीरपुर के एडीपीईओ राजेंद्र शर्मा और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला हमीरपुर के गणमान्य स्टाफ सदस्यों द्वारा उसकी योगासन खेल में उपलब्धियां को देखते हुए स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया। वर्ष 2024- 25 में निधि डोगरा द्वारा स्कूली योगासन खेल प्रतियोगिता में राज्य स्तर पर दो गोल्ड मेडल प्राप्त किये तथा राष्ट्रीय स्तर पर चैथे रैंक पर रहकर हिमाचल प्रदेश का नाम रोशन किया गया। जिला हमीरपुर में पहली बार होनहार खिलाड़ियों को जिला स्कूली क्रीड़ा संघ द्वारा सम्मानित किया गया और साथ में उनके गुरुओं को भी सम्मानित किया गया।

इसी कड़ी में निधि डोगरा के साथ-साथ उसके कोच पिता शशि कुमार डी पी ई को भी सम्मानित किया गया। बता दें निधि डोगरा जिला हमीरपुर गांव खियूंद चैरी की रहने वाली है और अभी हाल ही में 12वीं की परीक्षा पास की है योगासन खेल क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर पदक प्राप्त कर चुकी है और 6 वर्ल्ड रिकॉर्ड भी अपने नाम किये हैं वर्ष 2024-25 में निधि डोगरा ने दो गोल्ड मेडल स्कूली खेलों में और चार गोल्ड मेडल योगासन खेल संघ में प्राप्त किये कुल मिलाकर 6 स्वर्ण पदक राज्य स्तर पर प्राप्त किए और राष्ट्रीय स्तर पर हिमाचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व किया है।

निधि डोगरा ने यह सम्मान लेने के बाद कहा कि यह सम्मान खिलाड़ियों को और उनके प्रशिक्षक को एक प्रेरणा के रूप में कार्य करता है और यह सम्मान उनके ऊपर एक और जिम्मेवारी डालता है की और अधिक अच्छा करें और निधि डोगरा द्वारा और उसके पिता कोच शशि कुमार द्वारा एडीपीईओ और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला हमीरपुर के स्टाफ सदस्यों और जिला स्कूली क्रीड़ा संघ का धन्यवाद किया।

---

## साइंटिफिक असिस्टेंट और लैब असिस्टेंट की भर्ती के फाइनल परिणाम घोषित

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। एचपीआरसीए ने कंप्यूटर बेस्ड स्क्रीनिंग टेस्ट और डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन के बाद साइंटिफिक असिस्टेंट (केमिस्ट्री एंड टॉक्सिकोलॉजी) पोस्ट कोड-25015, साइंटिफिक असिस्टेंट (डॉक्यूमेंट एंड फोटोग्राफी) पोस्ट कोड-25016 और लैब असिस्टेंट (डॉक्यूमेंट एंड फोटोग्राफी) पोस्ट कोड-25019 के पदों की भर्ती के फाइनल परिणाम घोषित कर दिए हैं। आयोग के सचिव डॉ. विक्रम महाजन ने बताया कि साइंटिफिक असिस्टेंट (केमिस्ट्री एंड टॉक्सिकोलॉजी) के दो पदों के लिए अंकिता और अभय शर्मा का चयन किया गया है। साइंटिफिक असिस्टेंट (डॉक्यूमेंट एंड फोटोग्राफी) के एक पद के लिए सौरभ शर्मा और लैब असिस्टेंट (डॉक्यूमेंट एंड फोटोग्राफी) पोस्ट के एक पद के लिए अमन का चयन हुआ है।

---

# सीमेंट के पेवर ब्लॉक से चकाचक होने लगा जाहू बाईपास

## जीर्णोद्धार कार्य की जाहू व्यापार मंडल के सदस्यों व दुकानदारों ने की सुधार कार्य की सराहना

अनंत ज्ञान



जाहू बाईपास सड़क पर लगे सीमेंट के पेवर ब्लॉक। अनंत ज्ञान

जाहू। तीन जिलों हमीरपुर, बिलासपुर और मंडी का संगम स्थल जाहू लंबे समय के बाद विकास कार्यों से चमकने लगा है। खस्ताहाल जाहू बाईपास के जीर्णोद्धार कार्य से जहां सड़क की चैड़ाई बढ़ी है, वहीं अब सड़क के उखड़ने और पानी के खड़ा होने की समस्या का स्थाई समाधान होगा। ऊना के कलखर वाया अग्घार मुख्य सड़क को जोड़ने वाली जाहू बस अड्डा बाईपास सड़क लंबे समय से खस्ताहाल स्थिति में थी, लेकिन अब इस सड़क पर सीमेंट के पेवर ब्लॉक लगाने का कार्य युद्ध स्तर पर जारी है तथा बस स्टैंड वाली सड़क के पानी की निकासी के लिए भी उचित व्यवस्था की जा रही है। जिससे स्थानीय दुकानदारों के साथ लोगों को काफी लाभ मिलेगा। सड़क के साथ ही पार्क बनाने का कार्य भी चल रहा है। इसके सुरक्षा के लिए डंगों को निर्माण किया गया। पार्क के बनने से स्थानीय लोगों व बाजार में आने वाले लोगों को खाली समय में पार्क में बैठने के लिए अच्छी व्यवस्थित सुविधा मिलेगी। इसी तरह बाईपास सड़क के किनारे यात्रियों की सुविधा के लिए आधुनिक वर्षाशालिका का निर्माण किया गया है। इन समस्त विकास कार्यों पर करीब 70 लाख रूपए खर्च होने का अनुमान है। लंबे समय के बाद विकास कार्यों से विकसति हो रहे प्रमुख व्यापारिक केंद्र जाहू की तस्वीर बदलने लगी है। जाहू व्यापार मंडल अध्यक्ष सूरत सिंह चैहान, महासचिव सीता राम धीमान, किशोर वर्मा, उत्तम चंद, दीपू , अभिमन्यू, अशोक कुमार व अन्य का कहना है कि बाईपास सड़क के चैड़ा होने से दो वाहन आसानी से निकलेंगे। जिससे यातायात की समस्या भी नहीं होगी। उधर लोक निर्माण विभाग मंडल भोरंज के अधिषासी अभियंता राजेष कुमार का कहना है कि जाहू बाईपास के जीर्णोंद्धार का कार्य जारी है। यहां पर पार्क का निर्माण भी किया जा रहा है। दोनों कार्य पर करीब 70 लाख रूपए खर्च होने का अनुमान है।

---

## सर्व कल्याणकारी ट्रस्ट अब अंतरराष्ट्रीय सहयोग से लगाएगा मुफ्त मेडिकल कैंप

◆ जापान की संस्था ओआईएससीए के सहयोग से लगेगा शिविर: अभिषेक

अनंत ज्ञान

सुजानपुर। सर्व कल्याणकारी ट्रस्ट द्वारा राष्ट्रीय परिषद ओआईएससीए एवं एएलएआर इंडिया के समन्वय से आगामी 31 मई को जिला नागरिक अस्पताल, मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) में एक निशुल्क मेडिकल कैंप आयोजित किया जा रहा है। यह शिविर एम्स ऋषिकेश के अध्यक्ष डॉ. राज बहादुर के कुशल मार्गदर्शन में आयोजित होगा, जिसमें एम्स ऋषिकेश की विशेषज्ञ टीम द्वारा पांच विशेष ओपीडी सेवाएं दी जाएंगी।

ट्रस्ट के अध्यक्ष अभिषेक राणा ने कहा कि सर्व कल्याणकारी ट्रस्ट पिछले 25 वर्षों से मानव सेवा और जनकल्याण के कार्यों में निरंतर सक्रिय है। ट्रस्ट द्वारा हिमाचल प्रदेश के दूरदराज और दुर्गम क्षेत्रों तक भी निशुल्क मेडिकल कैंप पहुंचाए गए हैं, जिनसे हजारों लोगों को लाभ मिला है। उन्होंने कहा कि ट्रस्ट को उसके उत्कृष्ट जनकल्याणकारी कार्यों और मानव सेवा के लिए लंदन ऑक्सफोर्ड में भी अंतरराष्ट्रीय सम्मान प्राप्त हो चुके हैं। यह पूरे हिमाचल प्रदेश के लिए गर्व का विषय है कि समाजसेवा के क्षेत्र में ट्रस्ट को वैश्विक स्तर पर पहचान मिल रही है।

अभिषेक राणा ने बताया कि अब जापान की संस्था ओआईएससीए के सहयोग से भी मेडिकल कैंप आयोजित किए जा रहे हैं, ताकि अधिक से अधिक जरूरतमंद लोगों तक विशेषज्ञ स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाई जा सकें। उन्होंने कहा कि इस कैंप में मरीजों को निशुल्क जांच और दवाइयों की सुविधा दी जाएगी तथा जिन मरीजों को ऑपरेशन या विशेष उपचार की आवश्यकता होगी, उनका खर्च ट्रस्ट स्वयं वहन करेगा और जरूरत पड़ने पर एम्स में उपचार करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि सर्व कल्याणकारी ट्रस्ट आगे भी 'नर सेवा नारायण सेवा' के संकल्प के साथ जनसेवा के कार्यों को निरंतर जारी रखेगा।

---

## नप सुजानपुर और नपं भोटा के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष चुनाव को नियुक्त किए पर्यवेक्षक

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, हमीरपुर। कांग्रेस ने सुजानपुर नगर परिषद और भोटा नगर पंचायत के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के चुनाव के लिए पर्यवेक्षकों की नियुक्ति कर दी है। जिला अध्यक्ष सुमन भारती का कहना है कि दोनों जगह पर कांग्रेस ने ऐतिहासिक जीत दर्ज की है। इसीलिए अब कमेटी के गठन की प्रक्रिया को भी अंजाम दे दिया है। पार्टी ने जहां चुनावी रणनीति में तुरंत बदलाव किया है, वहीं अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पदों के लिए उम्मीदवारों की तलाश तेज कर दी है। जिला अध्यक्ष ने यहां से जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि पार्टी ने दोनों निकायों के लिए अपने शीर्ष पर्यवेक्षक (ऑब्जर्वर) नियुक्त कर दिए हैं। ये पर्यवेक्षक संगठनात्मक चुनाव पूरे पारदर्शिता और एकता के साथ संपन्न कराएंगे।

सुजानपुर नगर परिषद के लिए पूर्व विधायक और वरिष्ठ कांग्रेसी नेता कुलदीप पठानिया को मुख्य पर्यवेक्षक (मुख्य आब्जर्वर) नियुक्त किया है। उनके साथ अन्य पिछड़ा वित्त आयोग के उपाध्यक्ष डॉ. मोहन लाल और नशा निवारण बोर्ड के संयोजक नरेश ठाकुर को सह-पर्यवेक्षक (सह-आब्जर्वर) चुना गया है। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राजेंद्र वर्मा समन्वयक की भूमिका में रहेंगे। इस मजबूत टीम का उद्देश्य सुजानपुर में किसी भी आंतरिक मतभेद को खत्म करते हुए सर्वसम्मति से कमेटी का गठन करना है।

वहीं, भोटा नगर पंचायत के लिए कांग्रेस ने वरिष्ठ नेता कमल पठानिया को पर्यवेक्षक बनाया है। उनके साथ रोशन लाल शर्मा और सुभाष जैलदार सह-पर्यवेक्षक के रूप में कार्य करेंगे। ब्लॉक बड़सर के अध्यक्ष संजय शर्मा समन्वय का जिम्मा संभालेंगे। इन नियुक्तियों के साथ कांग्रेस ने साफ संदेश दे दिया है कि पार्टी अब बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने में जुटी है। इस अप्रत्याशित जीत पर खुशी जताते हुए जिला अध्यक्ष सुमन भारती शर्मा ने कहा, सुजानपुर और भोटा में कांग्रेस की जीत प्रदेश के मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू की बढ़ती लोकप्रियता की स्पष्ट पुष्टि है। जनता ने 'सुख सरकार' के काम को सिर आंखों पर बिठाया है।

---

## टीजीटी आर्ट्स भर्ती में 32 और उम्मीदवारों को मौका

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। हिमाचल प्रदेश राज्य चयन आयोग (एचपीआरसीए) हमीरपुर द्वारा पोस्ट कोड-25001 के तहत की जा रही टीजीटी (आर्ट्स) की भर्ती प्रक्रिया की डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन के लिए मेरिट आधार पर 32 और उम्मीदवारों को बुलाया जा रहा है। आयोग के सचिव डॉ. विक्रम महाजन ने बताया कि टीजीटी (आर्ट्स) के 425 पदों को भरने के लिए आयोजित कंप्यूटर आधारित परीक्षा (सीबीटी) का परिणाम 4 अप्रैल को घोषित किया गया था तथा मेरिट के आधार पर उम्मीदवारों को डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन के लिए बुलाया गया था। उन्होंने बताया कि पदों और उम्मीदवारों की संख्या को देखते हुए अब मेरिट के आधार पर ही 32 और उम्मीदवारों को डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन का मौका दिया जा रहा है। डॉ. विक्रम महाजन ने बताया कि इन सभी 32 उम्मीदवारों के रोल नंबर आयोग की वेबसाइट पर डाल दिए गए हैं। इनकी डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन एक जून को सुबह 10 बजे आयोग के कार्यालय में आरंभ होगी, जिसका शेड्यूल अलग से अपलोड किया जाएगा और उम्मीदवारों को उनकी ईमेल आईडी पर सूचित किया जाएगा। उन्हें अलग से बुलावा पत्र नहीं भेजे जाएंगे। डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन के समय इन उम्मीदवारों को अपने साथ सभी आवश्यक दस्तावेजों की मूल प्रतियां, इनकी सेल्फ अटेस्टड फोटो प्रतियों के दो-दो सैट, आवेदन पत्र की डॉउनलोडड कॉपी और आईडी प्रूफ इत्यादि साथ लाने होंगे। सचिव ने बताया कि अगर कोई उम्मीदवार निर्धारित तिथि को डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन के लिए उपस्थित नहीं होता है तो उसे कोई और अवसर नहीं दिया जाएगा।

---

# डीएवी गुब्बर अब डीएवी संस्था में शामिल

## वर्ष 2017 में शुरू की थी डीएवी संस्था के अधीन लाने की प्रक्रिया

अनंत ज्ञान



डीएवी गुब्बर अब डीएवी मैनेजमेंट में हस्तांतरित कर दिया। अनंत ज्ञान

हमीरपुर। डीएवी गुब्बर की संबद्धता को लेकर उठाए गए सवालों पर विराम लग गया है। डीएवी गुब्बर स्कूल अब डीएवी मैनेजमेंट नई दिल्ली के अंतर्गत हस्तांतरित कर दिया है। इस प्रक्रिया के तहत डीएवी गुब्बर अब डीएवी संस्था में शामिल हो गया है। बता दें कि डीएवी गुब्बर विद्यालय औपचारिक रूप से डीएवी मैनेजमेंट, नई दिल्ली के अंतर्गत हस्तांतरित कर दिया गया है। यह महत्वपूर्ण उपलब्धि स्थानीय डीएवी स्कूल गुब्बर कमेटी के अध्यक्ष वीरेंद्र ठाकुर तथा डीएवी एचपी. जोन - सी के सहायक क्षेत्रीय अधिकारी कुलदीप सिंह गुलेरिया एवं डीएवी विद्यालय हमीरपुर के प्रधानाचार्य महेंद्र सिंह ठाकुर के अथक प्रयासों और मेहनत का परिणाम है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2017 में भी इस प्रक्रिया को अमल में लाने का प्रयास किया गया था, किंतु कुछ प्रशासनिक एवं तकनीकी कारणों से यह पूर्ण रूप से लागू नहीं हो पाया था। अब सभी आवश्यक औपचारिकताएं पूर्ण होने के बाद विद्यालय को सफलतापूर्वक डीएवी मैनेजमेंट, नई दिल्ली के अंतर्गत शामिल कर लिया गया है। विद्यालय के डीएवी मैनेजमेंट के अधीन आने से गुब्बर सहित आसपास के क्षेत्रों जैसे ऊहल, ककड़, बजरोल, गवारड़ू, ग्वालती, लुगालती तथा अन्य निकटवर्ती क्षेत्रों में खुशी और उत्साह का माहौल है। स्थानीय लोगों एवं अभिभावकों का मानना है कि इससे क्षेत्र में शिक्षा की गुणवत्ता को नई दिशा मिलेगी तथा विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं एवं अवसर प्राप्त होंगे। क्षेत्रवासियों ने इस उपलब्धि के लिए सभी संबंधित पदाधिकारियों एवं स्थानीय डीएवी स्कूल गुब्बर की समिति के सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए इसे क्षेत्र शिक्षा के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक कदम बताया है।

## न्यूज ब्रीफ

### मंडी में रेहड़ी-फड़ी वालों के बीच हुई मारपीट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** मंडी शहर में रेहड़ी-फड़ी लगाने वालों के बीच हुए विवाद ने शुक्रवार को सड़क पर हंगामे का रूप ले लिया। जानकारी के अनुसार किसी बात को लेकर दो पक्षों में कहासुनी शुरू हुई, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गई। घटना के दौरान मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया और आसपास लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार विवाद के दौरान एक व्यक्ति ने महिला के मुंह पर मुक्का मार दिया, जिससे माहौल और अधिक तनावपूर्ण हो गया। घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें दोनों पक्षों के बीच तीखी बहस और हाथापाई दिखाई दे रही है। स्थानीय लोगों ने बीच-बचाव कर मामला शांत करवाने का प्रयास किया। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने दोनों पक्षों से पूछताछ शुरू कर दी है तथा वायरल वीडियो के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की जांच के बाद नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। घटना के बाद क्षेत्र में कुछ समय तक तनाव का माहौल बना रहा।

### चांबी स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस के अवसर पर हिमाचल प्रदेश राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की क्षेत्रीय प्रयोगशाला सुंदरनगर द्वारा राजकीय उच्च विद्यालय चाम्बी सुंदरनगर में जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में जैव विविधता संरक्षण, पर्यावरण संतुलन तथा प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करना था। कार्यक्रम में लगभग 40 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर क्षेत्रीय प्रयोगशाला सुंदरनगर की वैज्ञानिक अधिकारी रेनू बाला ने विद्यार्थियों को जैव विविधता के महत्त्व एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया। उन्होंने बताया कि इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस की थीम 'एक्टिंग लोकली फॉर ग्लोबल इंपैक्ट' अर्थात 'वैश्विक प्रभाव के लिए स्थानीय स्तर पर कार्य करना' रखी गई है। उन्होंने कहा कि यदि प्रत्येक व्यक्ति अपने आसपास के पर्यावरण, जल स्रोतों, वनस्पतियों एवं जीव-जंतुओं के संरक्षण के लिए छोटे-छोटे प्रयास करे, तो उसका सकारात्मक प्रभाव वैश्विक स्तर पर दिखाई देगा। उन्होंने विद्यार्थियों को समझाया कि जैव विविधता केवल पेड़-पौधों और जीव-जंतुओं तक सीमित नहीं है, बल्कि यह मानव जीवन, कृषि, जलवायु और स्वास्थ्य के संतुलन का आधार है। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण से जुड़े विभिन्न प्रश्न भी पूछे तथा अपने संदेहों का समाधान प्राप्त किया।

### करसोग में हुआ दूसरे चरण का चुनावी पूर्वाभ्यास



**अनंत ज्ञान, करसोग।** पंचायतीराज संस्थाओं के सामान्य चुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करवाने के उद्देश्य से राजकीय महाविद्यालय करसोग में दूसरे चरण का चुनावी पूर्वाभ्यास आयोजित किया गया। निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम करसोग गौरव महाजन के दिशा-निर्देशानुसार आयोजित दूसरे चरण के चुनाव पूर्वाभ्यास कार्यक्रम की अध्यक्षता सहायक निर्वाचन अधिकारी (मतगणना) एवं खंड विकास अधिकारी करसोग सुरेंद्र कुमार ने की। दूसरे चरण के पूर्वाभ्यास कार्यक्रम में कुल 363 अधिकारियों व कर्मचारियों ने भाग लिया, जिनमें पोलिंग ऑफिसर, प्रीजाइडिंग ऑफिसर, एआरओ व सेक्टर ऑफिसर शामिल रहे। मास्टर ट्रेनर महेंद्र कुमार ने चुनावी ड्यूटी में तैनात सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को मतदान प्रक्रिया से संबंधित विभिन्न चरणों की विस्तृत एवं व्यावहारिक जानकारी प्रदान की गई। पूर्वाभ्यास के दौरान मतदान केंद्रों पर अपनाई जाने वाली प्रक्रियाओं, निर्वाचन सामग्री के प्रबंधन, मतदान की विधि तथा अन्य आवश्यक दिशा-निर्देशों के बारे में भी विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।

### चुनाव कर्मचारियों को दी अहम जानकारियां

**अनंत ज्ञान, करसोग।** पंचायती राज संस्थाओं के सामान्य चुनाव 2026 को स्वतंत्र निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करवाने के उद्देश्य से शुक्रवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला खील में द्वितीय चरण का चुनावी पूर्वाभ्यास आयोजित किया गया। पूर्वाभ्यास कार्यक्रम की अध्यक्षता सहायक निर्वाचन अधिकारी (मतगणना) एवं खंड विकास अधिकारी विकासखंड चुराग यशवंत भारद्वाज ने की। इस दौरान नायब तहसीलदार बग्शाड मेहर सिंह व पंचायत निरीक्षक अमरनाथ भी उपस्थित रहे। चुनावी ड्यूटी में तैनात अधिकारियों व कर्मचारियों को मुख्य ट्रेनर चंद्रकांत शर्मा व दयंत शर्मा ने मतदान प्रक्रिया से संबंधित विभिन्न चरणों की विस्तृत एवं व्यावहारिक जानकारी प्रदान की। द्वितीय चरण के इस चुनावी पूर्वाभ्यास में कुल 70 पीठासीन अधिकारी तथा 210 मतदान अधिकारी शामिल रहे। मास्टर ट्रेनर चंद्रकांत शर्मा ने मतदान कर्मियों को चुनाव संबंधी सभी आवश्यक प्रक्रियाओं की जानकारी प्रदान की, जिसमें मतदान सामग्री का रखरखाव, मतदान केन्द्रों पर अपनाई जाने वाली सावधानियां, मतदाताओं की पहचान, चुनाव आयोग के दिशा निर्देशों तथा मतदान समाप्ति के बाद अपनाई जाने वाली प्रक्रियाओं के बारे में प्रशिक्षण प्रदान किया।

### भडयाल में 26 मई को होगा रोचक मुकाबला

**प्रकाश धीमान, अनंत ज्ञान, बैहना।** बल्ह उपमंडल की ग्राम पंचायत भडयाल में 26 मई को होने वाले पंचायत चुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। पंचायत में प्रधान और उपप्रधान पद के लिए मुकाबला काफी रोचक माना जा रहा है। दोनों पदों के लिए चार-चार उम्मीदवार चुनाव मैदान में उतर चुके हैं और गांव-गांव जाकर जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है। वहीं बीडीसी पद के लिए टिक्कर कलां, भडयाल तथा चण्डयाल पंचायतों से कुल पांच उम्मीदवार अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। चुनावी माहौल पूरी तरह सक्रिय हो चुका है और प्रत्याशी मतदाताओं को अपने पक्ष में करने के लिए लगातार बैठकों और प्रचार कार्यक्रमों का आयोजन कर रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में चुनाव को लेकर लोगों में भी खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। विकास कार्य, मूलभूत सुविधाएं और पंचायत स्तर की योजनाएं इस बार चुनाव के प्रमुख मुद्दे बने हुए हैं। मतदाता भी प्रत्याशियों के पिछले कार्यों और भविष्य की योजनाओं को ध्यान में रखकर अपना समर्थन तय करने की बात कर रहे हैं। पंचायत में शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष मतदान को लेकर प्रशासन भी आवश्यक तैयारियों में जुटा हुआ है। अब सभी की नजर 26 मई को होने वाले मतदान और उसके परिणामों पर टिकी हुई है।

# पंचायत चुनाव में शराब बांटने वाले प्रत्याशियों को भराड़ी में नहीं मिलेगी एंट्री

## महिला मंडल भराड़ी का प्रलोभन देने वाले प्रत्याशियों के बहिष्कार का ऐलान

अनंत ज्ञान

**राजेंद्र कुमार, जयदेवी।** ग्राम पंचायत चांबी के अंतर्गत महिला मंडल भराड़ी की महिलाओं ने पंचायत चुनावों को लेकर एक अहम निर्णय लिया है। महिला मंडल ने साफ शब्दों में कहा है कि चुनाव के दौरान जो भी उम्मीदवार शराब बांटेगा या वोट हासिल करने के लिए किसी प्रकार का प्रलोभन देगा, उसका गांव में विरोध किया जाएगा तथा ऐसे लोगों का सामाजिक बहिष्कार किया जाएगा।

महिला मंडल की प्रधान कमला चौधरी ने बताया कि चुनावों के समय अक्सर शराब बांटने और लोगों को लालच देने जैसी घटनाएं सामने आती हैं, जिससे गांव का माहौल खराब होता है और सामाजिक बुराइयों को बढ़ावा मिलता है। उन्होंने कहा कि कई बार समाचार पत्रों में भी ऐसी खबरें देखने को मिलती हैं, जहां चुनावों के बाद सरकारी क्षेत्रों और गांवों के आसपास शराब की खाली बोतलें बिखरी पाई जाती हैं। उन्होंने कहा कि कुछ उम्मीदवार वोट लेने के लिए शराब और अन्य प्रलोभनों का सहारा लेकर लोगों को बहलाने-फुसलाने का प्रयास करते हैं, जिससे गांव का भाईचारा प्रभावित होता है।

इसी को देखते हुए महिला मंडल ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया है कि गांव के वातावरण को खराब नहीं होने दिया जाएगा। महिला मंडल ने चेतावनी दी है कि यदि कोई उम्मीदवार या उसका प्रचारक गांव में शराब बांटते या लोगों को प्रलोभन देते पाया गया तो उसे गांव में प्रवेश नहीं करने दिया जाएगा। इसके बावजूद यदि कोई ऐसी गतिविधि करता है तो उसके खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कर कानूनी कार्रवाई भी करवाई जाएगी।




भराड़ी में चुनावों के दौरान शराब और प्रलोभन देने के खिलाफ महिला मंडल की सदस्य। अनंत ज्ञान

◆ **जरूरत पड़ने पर पुलिस कार्रवाई की भी चेतावनी**

# लोअर बैहली के खेत आज भी सिंचाई सुविधा से वंचित

◆ **अन्नदाता बारिश के भरोसे खेती करने को मजबूर**

◆ **बारिश न होने पर सूखे रहते हैं खेत, नहीं होती फसल**

◆ **सिंचाई सुविधा न मिली तो खेती करना छोड़ देंगे किसान**

अनंत ज्ञान

**महेंद्र सिंह राणा, भौर।** ग्राम पंचायत लोअर बैहली के वार्ड नंबर तीन मसोह, हरवाणी और डमोहल क्षेत्र के किसान आज भी सिंचाई सुविधा के अभाव में बारिश के भरोसे खेती करने को मजबूर हैं। हजारों हेक्टेयर कृषि भूमि सिंचाई व्यवस्था से वंचित होने के कारण अन्नदाता मायूस हैं और खेती-किसानी पर संकट गहराता जा रहा है। किसानों का कहना है कि केंद्र और प्रदेश सरकारें भले ही किसानों के हित में बड़े-बड़े दावे करती हों, लेकिन जमीनी स्तर पर उनकी समस्याओं की सुनवाई नहीं हो रही। स्थानीय लोगों के अनुसार बारिश होने पर ही खेतों में बिजाई हो पाती है, जबकि सूखे के दिनों में खेत बंजर पड़े रहते हैं।

पूर्व वार्ड सदस्य सुखराम ने बताया कि काफी समय पहले क्षेत्र के विधायक ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर समस्या के समाधान का भरोसा दिया था, लेकिन लंबे समय बाद भी कोई कार्य शुरू नहीं हो पाया। किसानों का आरोप है कि चुनाव के समय राजनीतिक दल बड़े वादे करते हैं, लेकिन जीत के बाद गांवों की समस्याओं को भुला दिया जाता है। किसानों ने कहा कि बढ़ती महंगाई के दौर में बीज, खाद और ट्रैक्टर का खर्च निकालना पहले ही मुश्किल हो गया है, ऐसे में समय पर बारिश न होने से उनकी मेहनत और पूंजी दोनों बर्बाद हो जाती हैं।

डमोहल निवासी समाजसेवी एवं शहीद भगत सिंह स्मृति संघ के प्रधान देवेंद्र ठाकुर ने कहा कि क्षेत्र में गर्मियों और सर्दियों दोनों मौसम में सिंचाई की भारी किल्लत रहती है, जबकि आसपास के अन्य क्षेत्रों में पानी उपलब्ध है। स्थानीय निवासी नंद लाल, देवी राम, रामचंद्र, मुनीलाल, पवन कुमार, मनीराम, अतर सिंह, यादविंदर, लीलाधर और जयकिशन ने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन ने उनकी समस्या का समाधान नहीं किया तो आने वाले समय में उन्हें मजबूरन खेती छोड़नी पड़ेगी।

# नवनिर्वाचित पार्षद विजय ने अपने भाई मनोज शर्मा को दिया जीत का श्रेय

अनंत ज्ञान

**जंगमबाग।** नगर परिषद सुंदरनगर में हाल ही में संपन्न हुए शहरी निकाय चुनाव में पुराना बाजार वार्ड से जीतकर आए विजय कुमार ने अपने सर बंधे जीत के सेहरे के पीछे अपने बड़े भाई पंडित मनोज कुमार शर्मा जो पांडित्य कर्म में अग्रणी हैं का आशीर्वादी हाथ बताया है जो जाने माने पूर्व सुकेत रियासत की अगली राजपरिवार के पुरोहित भी बताए जाते हैं जिनकी यजमानी क्षेत्र भर में है और वे जाने माने ज्योतिषी भी हैं अब डॉक्टर मनोज शर्मा के नाम से मशहूर हैं। नवनिर्वाचित पार्षद विजय कुमार अपनी जीत को अपनी जीत न मानकर सामूहिक मानते हैं और जनता जनार्दन को नमन करते हुए कहते हैं कि सेवाभाव उन्हें विरासत में मिला है क्योंकि उनके बुजुर्ग सुकेत रियासत के शासकों के राज पुरोहित थे और उनके पिता पंडित कांशीराम भागवत प्रवक्ता भी थे जिन्होंने राजतंत्र के समय विदेश यात्रा भी की।



संस्कारित परिवार में पले-बढ़े एवं समाजसेवा में रमे विजय कुमार का कहना है कि उनका यहां त्रिकोणीय मुकाबला था जहां कुल 1809 मतों में से उन्हें 442 मत पड़े इस तरह उन्होंने यह मुकाबला 8मतों से जीता। विजय कुमार ने अपने सेवानिवृत्त शिक्षक बड़े भाई की कड़ी मेहनत को सराहते हुए वार्ड के अंतर्गत आते पुराना बाजार,नया बाजार, स्वाड़ मोहल्ला और आधे चौगान की जनता का तहे दिल से धन्यवाद एवं आभार जताया है।

विजय कुमार एक संपन्न परिवार से ताल्लुक रखते हैं, जिन्होंने कई वर्ष विदेशों में रहकर धन कमाया और अब वे हर हाल में निस्वार्थ भाव से अपने समाज में रहकर तन -मन-धन से सेवा में लगे रहने का पूरा- पूरा मन मना चुके हैं। त्रांबड़ी धार (तांब्रकूट पर्वत)की तराई में वास करने वाले विजय कुमार ने भाजपा प्रत्याशी के रूप में यह चुनाव लड़ा और जीत हासिल की।

# भनवाड़ में आज होगा जागरण

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** गांव भनवाड़, सुंदरनगर स्थित मां भगवती महाकाली जालपा देवी महामाई मंदिर में 23 और 24 मई को विशाल जागरण एवं भंडारे का आयोजन किया जाएगा। आयोजन समिति के अनुसार 23 मई शनिवार को रात्रि जागरण का आयोजन होगा, जिसमें प्रसिद्ध पंजाबी भजन गायक साजन शहजादा, हिमाचली भजन गायिका जॉनी ठाकुर तथा भजन गायक राजेश कुमार श्रद्धालुओं को भजनों की प्रस्तुति देंगे। कार्यक्रम में फ्यूजन बैंड और साउंड सर्विस जय मां कोयला भी विशेष आकर्षण का केंद्र रहेंगे। वहीं 24 मई रविवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा, जिसमें क्षेत्र सहित दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करेंगे। आयोजन समिति ने सभी भक्तजनों से कार्यक्रम में पहुंचकर माता रानी का आशीर्वाद प्राप्त करने की अपील की है। मंदिर परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया है तथा श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखा जा रहा है।

## 4 मई की एनकॉर्ड बैठक में लिए निर्णयों पर कार्रवाई शुरू

# उपायुक्त ने 24 रेड जोन पंचायतों में लगाई अधिकारियों की ड्यूटी

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** जिला स्तरीय नार्को समन्वय केंद्र समिति (एनकॉर्ड) की 4 मई को आयोजित मासिक बैठक में लिए गए निर्णयों पर कार्रवाई करते हुए उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन ने जिला की चिन्हित 24 रेड जोन पंचायतों में नशे की रोकथाम के लिए वरिष्ठ प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों की ड्यूटी निर्धारित करने संबंधी आदेश जारी किए हैं। जारी आदेशों के अनुसार जून माह के दौरान अधिकारी पंचायत स्तर पर जाकर नशे के खिलाफ चल रही गतिविधियों, जनजागरूकता अभियानों तथा निगरानी व्यवस्था की समीक्षा करेंगे।

उपायुक्त ने 4 मई की बैठक में स्पष्ट निर्देश दिए थे कि ड्रग्स की सप्लाई रोकने के साथ-साथ इसकी मांग को समाप्त करने पर भी समान रूप से कार्य किया जाए तथा जिला की 24 रेड जोन पंचायतों के लिए एक ठोस और समन्वित रणनीति तैयार की जाए। इसी क्रम में अब प्रशासन और पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को पंचायतवार जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं ताकि जमीनी स्तर पर प्रभावी निगरानी सुनिश्चित की जा सके। जारी आदेशों के अनुसार उपायुक्त मंडी स्वयं भड़याल, नागचला, कुम्मी, गोड़ा-गागल, टकोली, गुमाणु, मराथू, सदयाणा, रंधाड़ा तथा नगवाईं पंचायतों का दौरा करेंगे। इसी प्रकार पुलिस अधीक्षक मंडी को धेलू, पधयूं, सुधार, धमचयान, लटराण, तरस्वाण, डलाह, चौंतड़ा, सलापड़ तथा कांगू पंचायतों की जिम्मेदारी सौंपी गई है। अतिरिक्त उपायुक्त मंडी बलद्वाड़ा नगर पंचायत और खुडला पंचायत का दौरा करेंगे, जबकि अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी मंडी को सुलपुर जबोठ पंचायत तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मंडी को ब्रयोगी पंचायत का निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए हैं।



उपायुक्त ने कहा कि मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में इस महीने आयोजित उपायुक्तों और पुलिस अधीक्षकों की बैठक में भी प्रशासनिक और पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को इन पंचायतों का दौरा करने के निर्देश दिए गए थे। मुख्यमंत्री के निर्देशों तथा 4 मई की एनकॉर्ड बैठक में लिए गए निर्णयों की अनुपालना करते हुए यह आदेश जारी किए गए हैं।

# महंगाई रोकने में केंद्र सरकार पूरी तरह फेल : हीरापाल सिंह

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हीरापाल सिंह ने केंद्र सरकार पर महंगाई, बेरोजगारी और जनविरोधी नीतियों को लेकर तीखा हमला बोला है। मीडिया को जारी बयान में उन्होंने कहा कि लगातार बढ़ रही पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की कीमतें केंद्र सरकार की आर्थिक और विदेश नीति की विफलता को दर्शाती हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले कई वर्षों से देश की जनता को वास्तविक मुद्दों से भटकाने का प्रयास किया जा रहा है, जबकि आम लोगों की समस्याओं पर कोई गंभीर चर्चा नहीं हो रही।

हीरापाल सिंह ने कहा कि देश में बेरोजगारी और महंगाई लगातार बढ़ रही है, लेकिन केंद्र सरकार इन मुद्दों का समाधान करने की बजाय धार्मिक और भावनात्मक विषयों को आगे रखकर राजनीति कर रही है। उन्होंने कहा कि जनता अब सरकार की नीतियों को समझ चुकी है और कांग्रेस पार्टी जनविरोधी फैसलों के खिलाफ बड़े स्तर पर आंदोलन करेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को अब सड़क पर उतरकर केंद्र सरकार का घेराव करना होगा तथा धरना, प्रदर्शन और जनआंदोलन के माध्यम से जनता की आवाज बुलंद करनी होगी। उन्होंने आरोप लगाया कि यदि ऐसी महंगाई किसी कांग्रेस सरकार के समय होती तो भाजपा बड़े आंदोलन करती, लेकिन आज भाजपा नेता जनता की परेशानियों पर मौन हैं।

# कांग्रेस जिला अध्यक्ष के पास दो वोटर कार्ड : आश्रय शर्मा

## चुनाव आयोग से मामले की जांच कर कार्रवाई की मांग

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** मंडी में आयोजित एक प्रेस वार्ता के दौरान भाजपा नेता एवं मंडी लोकसभा के पूर्व प्रत्याशी आश्रय शर्मा ने कांग्रेस की जिला अध्यक्ष चंपा ठाकुर पर चुनाव आयोग के नियमों के उल्लंघन के गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने दावा किया कि चंपा ठाकुर ने दो अलग-अलग स्थानों के वोटर कार्ड बनवा रखे हैं। आश्रय शर्मा के अनुसार एक वोटर कार्ड नगर निगम मंडी के पैलेस वार्ड-2 का है, जबकि दूसरा डवाहन गांव का बनाया गया है। उन्होंने प्रेस वार्ता के दौरान दस्तावेज दिखाते हुए मामले की जांच की मांग उठाई। आश्रय शर्मा ने आरोप लगाया कि कांग्रेस जिला अध्यक्षा के पति सरकारी कर्मचारी होने के बावजूद चुनाव प्रचार में सक्रिय रूप से भाग ले रहे हैं, जो नियमों के विरुद्ध है। उन्होंने कहा कि इस मामले में सरकार और चुनाव आयोग को तुरंत संज्ञान लेते हुए उचित कार्रवाई करनी चाहिए। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि जिला परिषद चुनाव के दौरान दूसरे प्रत्याशियों पर दबाव बनाने का प्रयास किया जा रहा है। आश्रय शर्मा ने कहा कि निष्पक्ष चुनाव के लिए चुनाव आयोग को सख्त कदम उठाने चाहिए।



# सुंदरनगर में पीलिया की रोकथाम के लिए दूषित जलस्त्रोत किए बंद

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** क्षेत्र में पीलिया के मामले सामने आने के बाद जल शक्ति विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग ने संयुक्त रूप से रोकथाम के प्रयास तेज कर दिए हैं। विभागीय अधिकारियों के अनुसार पिछले दिनों क्षेत्र में पीलिया के करीब 65 मामले सामने आने के बाद प्रभावित इलाकों में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। एहतियात के तौर पर दूषित पाए गए कई प्राकृतिक जल स्त्रोतों और हैंडपंपों को अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया है, जबकि पेयजल योजनाओं से जुड़े 24 टैंकों की सफाई और क्लोरीनेशन का कार्य पूरा कर लिया गया है। विभाग की ओर से बताया गया कि पानी के नमूनों की जांच में कुछ स्थानों पर जीवाणु संक्रमण की पुष्टि हुई थी, जिसके बाद तुरंत कार्रवाई करते हुए प्रभावित स्त्रोतों को बंद किया गया। अधिकारियों के अनुसार क्षेत्र में नियमित रूप से पानी के नमूने लिए जा रहे हैं और जल गुणवत्ता की लगातार निगरानी की जा रही है। स्वास्थ्य विभाग की टीमें भी प्रभावित क्षेत्रों में लोगों को जागरूक करने, स्वच्छ पानी उपयोग करने तथा उबालकर पानी पीने की सलाह दे रही हैं। विभाग ने लोगों से अपील की है कि किसी भी प्रकार के पीलिया जैसे लक्षण दिखाई देने पर तुरंत स्वास्थ्य केंद्र में जांच करवाएं। प्रशासन का कहना है कि स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है और संक्रमण को फैलने से रोकने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

# समय पर पेंशन पाने के लिए जल्द करवाएं आधार सीडिंग

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** जिला कल्याण अधिकारी मंडी समीर ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के अंतर्गत पेंशन प्राप्त कर रहे सभी लाभार्थियों से अपने बैंक अथवा डाकघर खातों की आधार सीडिंग शीघ्र करवाने का आग्रह किया है, ताकि पेंशन वितरण में किसी प्रकार की देरी या बाधा उत्पन्न न हो। उन्होंने बताया कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन का भुगतान एसएनए स्पर्श पोर्टल के आधार आधारित भुगतान मॉड्यूल के माध्यम से किया जाना है। ऐसे में सभी पेंशनरों के बैंक एवं डाकघर खातों का आधार से लिंक होना आवश्यक है।

जिन लाभार्थियों के खाते अभी तक आधार से लिंक नहीं हैं, वे संबंधित बैंक अथवा डाकघर में आवश्यक दस्तावेजों सहित संपर्क कर आधार सीडिंग प्रक्रिया पूर्ण करवाएं। जिला कल्याण अधिकारी ने अधीक्षक डाकघर मंडी तथा लीड बैंक प्रबंधक (पीएनबी) मंडी से भी सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के अंतर्गत आने वाले सभी पेंशनरों के खातों की आधार सीडिंग स्थिति का सत्यापन करने तथा इसकी रिपोर्ट शीघ्र उपलब्ध करवाने का आग्रह किया है।

जिन खातों में अभी तक आधार सीडिंग नहीं हुई है, वहां संबंधित पेंशनरों से आवश्यक दस्तावेज प्राप्त कर प्रक्रिया पूर्ण करने के निर्देश भी दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि समय पर आधार सीडिंग सुनिश्चित होने से पेंशन वितरण में देरी अथवा विफलता जैसी समस्याओं से बचा जा सकेगा। इसके अतिरिक्त सभी तहसील कल्याण अधिकारियों को भी संबंधित डाकघरों और बैंकों के साथ समन्वय स्थापित कर पेंशनरों के खातों की आधार सीडिंग स्थिति शीघ्र प्राप्त करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि लाभार्थियों को समय पर पेंशन उपलब्ध करवाई जा सके।

**समारोह** इंडस ग्लोबल स्कूल में नव निर्वाचित छात्र परिषद का पद ग्रहण समारोह संपन्न

# यश को हेड ब्वॉय और श्रिया कटोच को चुना हेड गर्ल

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** वल्लभ राजकीय महाविद्यालय मंडी के प्रोफेसर एवं एनसीसी एयर विंग के स्क्वाड्रन कमांडर फ्लाइंग ऑफिसर डॉ. चमन लाल क्रांति सिंह की गरिमामयी उपस्थिति में इंडस ग्लोबल स्कूल में नव निर्वाचित छात्र परिषद का पद ग्रहण समारोह उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ।

समारोह के दौरान विद्यालय के विभिन्न सदनों के कनिष्ठ एवं वरिष्ठ वर्गों के विद्यार्थियों को बैज प्रदान कर जिम्मेदारियां सौंपी गईं। विद्यालय स्तर पर स्कूल कैप्टन शरद पाठक, हेड बॉय यश, हेड गर्ल श्रिया कटोच, स्पोर्ट्स कैप्टन आराध्या, वाइस स्पोर्ट्स कैप्टन यशार्थ, कल्चरल कैप्टन आरना कौंडल, वाइस कल्चरल कैप्टन मृणल सैनी, डिसिप्लिन कैप्टन सुहानी सैनी तथा वाइस डिसिप्लिन कैप्टन प्रज्ञा को दायित्व सौंपे गए। आकाश सदन, अग्नि सदन, पवन सदन और पृथ्वी सदन के विभिन्न पदाधिकारियों को भी पदभार ग्रहण करवाया गया। मुख्य अतिथि डॉ. चमन लाल क्रांति सिंह ने विद्यार्थियों को नेतृत्व क्षमता, अनुशासन, सेवा भावना और राष्ट्र निर्माण के प्रति समर्पण का संदेश देते हुए कहा कि विद्यालय स्तर पर मिलने वाली जिम्मेदारियां विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास की मजबूत नींव तैयार करती हैं। विद्यालय की प्रधानाचार्य सोनिया पवार एवं विद्यालय प्रशासन ने सभी नव निर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए अपने दायित्वों का निष्ठा से निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया। देशभक्ति, अनुशासन और उत्साहपूर्ण वातावरण के बीच आयोजित समारोह सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।



इंडस ग्लोबल स्कूल में छात्र परिषद पद ग्रहण समारोह में पदाधिकारियों के साथ मुख्यातिथि डॉ. चमन लाल व अन्य। अनंत ज्ञान

◆ **डॉ. चमन लाल क्रांति सिंह ने विद्यार्थियों को दिया राष्ट्र निर्माण का संदेश**

# एडीसी ने किया पेंशन, जीपीएफ एवं लेखा कार्यशाला का शुभारंभ

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक के दिशा-निर्देशों के अनुसार जिला स्तर पर पेंशन, जीपीएफ एवं लेखा कार्यशाला का आयोजन प्रधान महालेखाकार (लेखा व हकदारी) कार्यालय द्वारा आज यहां उपायुक्त कार्यालय परिसर मंडी में किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ अतिरिक्त उपायुक्त गुरसिमर सिंह ने किया। कार्यशाला में प्रधान महालेखाकार सुशील ठाकुर के निर्देशों पर पेंशन व सामान्य भविष्य निधि के मामलों में हकदारी कार्यों में गुणवत्ता एवं पारदर्शिता लाए जाने तथा हितधारकों के मामलों को समय पर निपटाए जाने के लिए जागरूकता तथा आहरण एवं संवितरण अधिकारियों, कोष कार्यालय एवं लोक निर्माण विभाग मण्डलों, जल शक्ति मडलों में कार्यरत मंडलीय, वरिष्ठ मंडलीय लेखा अधिकारियों के साथ लेखों से संबंधित जानकारियां साझा की गईं, ताकि जमीनी स्तर पर लेखांकन को सुदृढ़ किया जा सके।



इसके अतिरिक्त वरिष्ठ लेखा अधिकारी मदन लाल भारद्वाज ने लेखों की गुणवत्ता एवं महत्वत्ता पर पीपीटी प्रस्तुत की। इस पेंशन अदालत में जिला स्तर पर स्थित सभी आहरण एवं संवितरण अधिकारियों, मंडलीय लेखा अधिकारियों, कोष अधिकारियों एवं उनके प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

# ओपिनियन



**जहां** अकारण अत्यंत सत्कार हो, वहां परिणाम में दुख की आशंका करनी चाहिए।

-कुमार संभव

## संपादकीय

# पंचायत चुनावों में घटता भरोसा

हिमाचल प्रदेश में पंचायत चुनावों को लेकर राजनीतिक सरगर्मियां अपने चरम पर हैं। चुनाव में अब केवल चार दिन शेष हैं और इस बार का चुनाव कई मायनों में खास बन गया है। गांवों में लोकतंत्र का उत्सव दिखाई दे रहा है। हर वर्ग का व्यक्ति चुनाव मैदान में उतरकर अपनी किस्मत आजमाना चाहता है। कई पंचायतों में एक सीट पर दस-दस प्रत्याशी मैदान में उतर आए हैं। यह स्थिति बताती है कि लोकतंत्र के प्रति लोगों की रुचि और जागरूकता पहले से कहीं अधिक बढ़ी है, मगर दूसरी ओर चुनाव प्रक्रिया में सामने आ रही लापरवाहियां और बैलेट पेपर गायब होने जैसी घटनाएं इस उत्साह पर सवालिया निशान भी लगा रही हैं।

दरअसल, प्रत्याशियों की संख्या इतनी अधिक हो गई है कि चुनाव आयोग को कई जगहों पर दोबारा बैलेट पेपर छापने पड़ रहे हैं। यह स्थिति प्रशासनिक दृष्टि से चुनौतीपूर्ण अवश्य है, लेकिन लोकतंत्र के लिए शुभ संकेत भी मानी जा सकती है। जब आम लोग चुनाव लड़ने के लिए आगे आते हैं, तो यह इस बात का प्रमाण होता है कि लोकतांत्रिक व्यवस्था के प्रति उनका विश्वास बना हुआ है। पंचायत चुनाव सत्ता हासिल करने का माध्यम नहीं हैं, अपितु गांव के विकास और स्थानीय नेतृत्व को मजबूत करने का अवसर भी होते हैं। यही कारण है कि अब लोग इन चुनावों में अधिक सक्रियता दिखा रहे हैं, लेकिन लोकतंत्र केवल भागीदारी से मजबूत नहीं होता, बल्कि पारदर्शिता और निष्पक्षता भी उतनी ही आवश्यक होती है। दुर्भाग्यवश हिमाचल प्रदेश में हाल के दिनों में बैलेट पेपर गायब होने की घटनाओं ने चुनावी प्रक्रिया की विश्वसनीयता पर गंभीर प्रश्न खड़े कर दिए हैं।

पहले सोलन जिले के कुनिहार में दो बैलेट पेपर गायब होने का मामला सामने आया और अब बिलासपुर में 50 बैलेट पेपर रहस्यमयी परिस्थितियों में गायब हो जाना प्रशासनिक तंत्र की बड़ी चूक माना जा रहा है। कुनिहार में जब केवल दो बैलेट पेपर गायब हुए थे, तब ही प्रशासनिक अधिकारियों में हड़कंप मच गया था। मीडिया और सोशल मीडिया पर इस मामले ने खूब सुर्खियां बटोरीं। तस्वीरें और खबरें तेजी से वायरल हुईं, जिसके बाद प्रशासन ने आठ कर्मचारियों के खिलाफ मामला दर्ज किया। अब बिलासपुर में तो मामला और भी गंभीर है, क्योंकि यहां गायब बैलेट पेपरों की संख्या 50 है। सूचना मिलते ही सहायक निर्वाचन अधिकारी (एआरओ) को हटा दिया गया, जो प्रशासन की तत्परता को दर्शाता है, लेकिन केवल अधिकारियों को हटाने या निलंबित करने से जनता के मन में उठे संदेह समाप्त नहीं होंगे।

सबसे बड़ा प्रश्न यही है कि आखिर चुनाव आयोग जनता का भरोसा कैसे बहाल करेगा? चुनाव किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था की आत्मा होते हैं। यदि चुनाव प्रक्रिया पर ही सवाल उठने लगें, तो लोकतंत्र कमजोर होने लगता है। यह केवल हिमाचल प्रदेश का मामला नहीं है, बल्कि पूरे देश में इसकी चर्चा होना स्वाभाविक है। लोग यह सवाल पूछेंगे कि आखिर इतनी संवेदनशील चुनावी सामग्री की सुरक्षा में बार-बार चूक कैसे हो रही है? क्या यह केवल लापरवाही है या इसके पीछे कोई साजिश भी हो सकती है? हालांकि जांच के बिना किसी निष्कर्ष पर पहुंचना उचित नहीं होगा, लेकिन यह भी सच है कि ऐसी घटनाएं चुनाव आयोग और प्रशासन दोनों की छवि को नुकसान पहुंचाती हैं।

पुलिस और प्रशासन की भूमिका पर भी अंगुलियां उठने लगती हैं। यदि समय रहते सख्त कदम नहीं उठाए गए तो भविष्य में लोगों का लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं पर विश्वास कमजोर पड़ सकता है। चुनाव आयोग को चाहिए कि वह बैलेट पेपरों की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाए। संवेदनशील चुनावी सामग्री के रख-रखाव और परिवहन के दौरान जवाबदेही तय होनी चाहिए। हर स्तर पर निगरानी बढ़ाने की आवश्यकता है।

डिजिटल मॉनिटरिंग, सीसीटीवी निगरानी और जिम्मेदार अधिकारियों की स्पष्ट जवाबदेही जैसी व्यवस्थाएं लागू की जानी चाहिए ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। कई बार छोटी घटनाओं को राजनीतिक रंग देकर माहौल खराब करने की कोशिश की जाती है। इससे जनता के बीच भ्रम और अविश्वास बढ़ता है। सोशल मीडिया के इस दौर में अफवाहें बहुत तेजी से फैलती हैं, इसलिए प्रशासन को पारदर्शिता बनाए रखते हुए समय-समय पर सही जानकारी जनता तक पहुंचानी चाहिए।

जनता की भी जिम्मेदारी कम नहीं है। नागरिकों को भी अफवाहों से बचना चाहिए और जांच पूरी होने तक धैर्य बनाए रखना चाहिए। यदि कोई दोषी पाया जाता है, तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई होना आवश्यक है ताकि भविष्य के लिए एक मजबूत संदेश जाए। कहना गलत नहीं होगा कि हिमाचल में पंचायत चुनाव लोकतंत्र के प्रति लोगों के बढ़ते उत्साह का प्रतीक हैं, मगर इस उत्साह को बनाए रखने के लिए चुनाव प्रक्रिया का निष्पक्ष और पारदर्शी होना बेहद जरूरी है।

## आज की प्रमुख हस्ती

### भारत के प्रसिद्ध गणितज्ञ



पीसी वैद्य
जन्म : 23 मई, 1918
मृत्यु : 12 मार्च, 2020

**पीसी वैद्य** भारत के उन चुनिंदा गणितज्ञों में से एक थे, जिन्होंने न केवल गणित के क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर महत्वपूर्ण योगदान दिया, बल्कि शिक्षा को सरल और रोचक बनाने का भी आजीवन प्रयास किया। उनका मानना था कि गणित सिखाना कठिन हो सकता है, लेकिन सीखना नहीं, क्योंकि यह हमारी संस्कृति का अभिन्न हिस्सा है।

उनका जन्म 23 मई, 1918 को गुजरात के जूनागढ़ जिले के शाहपुर में हुआ। प्रारंभिक शिक्षा भावनगर में प्राप्त करने के बाद उन्होंने बंबई विश्वविद्यालय से अनुप्रयुक्त गणित में एमएससी की उपाधि हासिल की। वे प्रसिद्ध वैज्ञानिक विष्णु वासुदेव नार्लीकर से अत्यधिक प्रभावित थे और उनके निर्देशन में बनारस हिंदू विश्वविद्यालय में सापेक्षता सिद्धांत पर शोध कार्य प्रारंभ किया।

इसी शोध के दौरान उन्होंने 'वैद्य सॉल्यूशन' प्रस्तुत किया, जिसने सापेक्षतावादी खगोल भौतिकी में महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त किया। 1960 के दशक में जब उच्च ऊर्जा खगोल भौतिकी के अध्ययन को मान्यता मिली, तब उनके शोध को अंतरराष्ट्रीय पहचान प्राप्त हुई और वे वैज्ञानिक जगत में प्रतिष्ठित हो गए। उन्होंने सूरत, राजकोट और मुंबई में गणित अध्यापन किया। वैद्य ने गुजराती और अंग्रेजी में कई महत्वपूर्ण पुस्तकें लिखीं। प्रशासनिक क्षेत्र में भी उन्होंने उल्लेखनीय कार्य किए। वे गांधीवादी विचारधारा से भी गहराई से प्रभावित थे। उन्होंने सादगीपूर्ण जीवन अपनाया और उपकुलपति जैसे उच्च पद पर रहते हुए भी सरकारी वाहन का उपयोग न करके साइकिल से विश्वविद्यालय जाते थे। यह उनके नैतिक मूल्यों और सादगी का प्रतीक था। 12 मार्च 2010 को उनका निधन हो गया।



कविता

## मानव

डॉ. पीसी कौंडल, वरिष्ठ साहित्यकार, गांव ददोह डाकघर धावन, त. बल्ह, जिला मंडी (हि.प्र.)

**हे** मानव, कीचड़ में पांव मत डालो, धंस कर तुम रह जाओगे।
लाख कोशिश करने पर भी तुम निकल नहीं पाओगे।।
डुबोने वाले लाखों हैं, बचाने वाला कोई नहीं।
यही दस्तूर है दुनिया का प्यारे, यहां अपना कोई दिखता नहीं।।
ऊंचाई पाने को प्यारे हुनर चाहिए, नैन तो धड़ाम से गिर जाओगे।
गिर जाओगे जब धरती पर, फिर कभी उठ नहीं पाओगे।।
मारना ही है तो कुछ अच्छा कर दिखाओ, दुनिया में तुम अमर हो जाओगे।
नाम पत्थरों पर खुदवा मिलेगा, इतिहास का पन्ना बन जाओगे।।
यूं तो सामाजिक प्राणी तुम कहलाते हो,पर समाज को कुछ दे नहीं पाओगे।
कुछ अच्छा समाज को जो दे पाएगा, बस वही मानव कहलाएगा।

# स्वदेशी जल संरक्षण तकनीकें : परंपरा, पर्यावरण व भविष्य का समाधान



डॉ. तारा देवी सेन
वल्लभ कॉलेज, मंडी, विभागाध्यक्ष वनस्पति शास्त्र
अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र



भारत सदियों से विविध भौगोलिक परिस्थितियों वाला देश रहा है। कहीं राजस्थान के तपते रेगिस्तान हैं, कहीं हिमालय की बर्फीली चोटियां, कहीं पूर्वोत्तर के वर्षा-समृद्ध पहाड़ तो कहीं दक्षिण भारत के शुष्क पठार। ऐसी भिन्न परिस्थितियों में जीवन को सुचारु बनाए रखने के लिए भारतीय समाज ने प्रकृति के साथ सामंजस्य स्थापित करते हुए अनेक स्वदेशी जल संरक्षण तकनीकों का विकास किया।

ऐतिहासिक दृष्टि से देखें तो भारत में जल संरक्षण की परंपरा अत्यंत प्राचीन रही है। सिंधु घाटी सभ्यता की विकसित जल निकासी प्रणाली और विशाल जलाशय इस बात के प्रमाण हैं कि प्राचीन भारतीय जल प्रबंधन में अत्यंत दक्ष थे। मौर्य एवं चोल शासकों ने तालाबों, नहरों और जलाशयों का विस्तृत नेटवर्क विकसित किया, जबकि मध्यकालीन बावड़ियां स्थापत्य कला और जल संरक्षण का अद्भुत उदाहरण बनकर उभरीं।

स्वदेशी जल संरक्षण तकनीकें वे पारंपरिक उपाय हैं जिन्हें स्थानीय समुदायों ने अपनी भौगोलिक और जलवायु परिस्थितियों के अनुरूप विकसित किया। इनका मुख्य उद्देश्य वर्षा जल का संग्रह, भूजल पुनर्भरण तथा सिंचाई और घरेलू उपयोग के लिए जल उपलब्ध कराना था। इन प्रणालियों में मिट्टी, पत्थर, लकड़ी और बांस जैसी स्थानीय सामग्री का उपयोग होता था तथा इनके रखरखाव में सामुदायिक भागीदारी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती थी। आज बढ़ते जल संकट और भूजल स्तर में गिरावट के दौर में ये पारंपरिक तकनीकें टिकाऊ जल प्रबंधन की दिशा में प्रेरणास्रोत बनकर फिर से प्रासंगिक हो उठी हैं।

भारत में विभिन्न भौगोलिक परिस्थितियों के अनुसार अनेक स्वदेशी जल संरक्षण प्रणालियां विकसित हुईं, जो आज भी पारंपरिक ज्ञान और वैज्ञानिक सोच का उत्कृष्ट उदाहरण हैं। राजस्थान के जोहड़ और खडीन वर्षा जल संचयन तथा भूजल पुनर्भरण में प्रभावी रहे हैं, जबकि तमिलनाडु की एरी प्रणाली तालाबों के माध्यम से सिंचाई और बाढ़ नियंत्रण दोनों में सहायक है। गुजरात और राजस्थान की बावड़ियां जल संरक्षण के साथ सामाजिक जीवन का भी केंद्र थीं। मेघालय की बांस ड्रिप सिंचाई तकनीक जल बचत का अद्भुत उदाहरण है। हिमाचल प्रदेश की कूहल, बावड़ी और छूड़ प्रणालियां पहाड़ी क्षेत्रों में जल उपलब्धता सुनिश्चित करती रही हैं। बिहार की आहर-पाइन तथा नगालैंड की जाबो प्रणाली सामुदायिक और पर्यावरण संतुलित जल प्रबंधन की अनूठी मिसाल हैं।

ये सभी प्रणालियां आज के जल संकट के दौर में टिकाऊ और पर्यावरण-अनुकूल समाधान प्रस्तुत करती हैं। इन तकनीकों का महत्व आज के समय में और अधिक बढ़ गया है। भारत में सीमित मीठे जल संसाधनों के बीच ये प्रणालियां वर्षा जल संचयन और भूजल पुनर्भरण के माध्यम से जल संकट का प्रभावी समाधान प्रस्तुत करती हैं। साथ ही ये मिट्टी के कटाव को रोककर पर्यावरण संरक्षण और जैव विविधता को बढ़ावा देती हैं। गुरुत्वाकर्षण आधारित होने के कारण इनमें ऊर्जा की खपत भी कम होती है। इन प्रणालियों का निर्माण और रखरखाव सामुदायिक सहयोग से होता था, जिससे सामाजिक एकता और जल के प्रति सामूहिक जिम्मेदारी की भावना विकसित होती थी। जलवायु परिवर्तन और अनियमित मानसून के दौर में ये पारंपरिक तकनीकें टिकाऊ, किफायती और पर्यावरण-अनुकूल जल प्रबंधन का प्रभावी मॉडल सिद्ध हो रही हैं। आज जल संकट, भूजल दोहन, अनियमित मानसून और जलवायु परिवर्तन जैसी चुनौतियों के बीच स्वदेशी जल संरक्षण प्रणालियों का महत्व अत्यधिक बढ़ गया है। पारंपरिक तकनीकें स्थानीय सामग्री, कम लागत और सामुदायिक सहभागिता पर आधारित होने के कारण पर्यावरण-अनुकूल और टिकाऊ मानी जाती हैं, जबकि आधुनिक प्रणालियां अधिक खर्चीली तथा ऊर्जा-निर्भर होती हैं। कूहल, बावड़ी और चश्मों जैसी संरचनाएं केवल जल स्रोत नहीं थीं, बल्कि सामाजिक सहयोग और सांस्कृतिक विरासत का भी प्रतीक थीं। आज अनेक पारंपरिक जल स्रोत अतिक्रमण और उपेक्षा के कारण समाप्त हो रहे हैं। ऐसे में आवश्यक है कि सरकार, शोधकर्ता, गैर-सरकारी संस्थाएं और स्थानीय समुदाय मिलकर इन प्रणालियों का पुनर्जीवन करें तथा उन्हें आधुनिक तकनीकों के साथ जोड़ें, ताकि जल संरक्षण और सतत विकास को मजबूत आधार मिल सके।

उदाहरणस्वरूप जोहड़ों के साथ भूजल मॉनिटरिंग, एरी प्रणाली के साथ आधुनिक जल प्रबंधन तथा बांस ड्रिप तकनीक के साथ वैज्ञानिक सिंचाई योजनाओं को जोड़कर जल संरक्षण को अधिक प्रभावी बनाया जा सकता है। यदि स्थानीय समुदाय, पंचायतें और युवा मिलकर बावड़ियों, कूहलों तथा अन्य पारंपरिक जल स्रोतों की सफाई, संरक्षण और पुनर्भरण पर कार्य करें, तो जल संकट को काफी हद तक कम किया जा सकता है।

विद्यालयों और महाविद्यालयों में भी इन प्रणालियों के प्रति जागरूकता बढ़ाना आवश्यक है ताकि नई पीढ़ी अपनी सांस्कृतिक और पर्यावरणीय विरासत को समझ सके। वास्तव में भारत की स्वदेशी जल संरक्षण तकनीकें केवल अतीत की धरोहर नहीं, बल्कि भविष्य की आवश्यकता हैं। ये प्रणालियां प्रकृति के साथ संतुलित और सतत विकास का मार्ग दिखाती हैं तथा आज के वैश्विक जल संकट के समाधान के लिए पूरी दुनिया को प्रेरित कर सकती हैं।

**(ये लेखिका के निजी विचार हैं)**

# हिमाचल में बच्चों में नशे की बढ़ती प्रवृत्ति समाज के लिए गंभीर चुनौती



सुभाष चंद काशव
गांव जौवा, डाकघर गैहरा (चंबा)
अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र



मानव जीवन प्रकृति का सबसे अनमोल उपहार है और बच्चे किसी भी राष्ट्र का भविष्य माने जाते हैं। यदि बच्चों का बचपन सुरक्षित, संस्कारित और स्वस्थ होगा तो समाज और राष्ट्र दोनों का भविष्य उज्ज्वल बनेगा, किंतु वर्तमान समय में बच्चों और किशोरों में नशे की बढ़ती प्रवृत्ति अत्यंत गंभीर सामाजिक समस्या का रूप ले चुकी है।

आज छोटी आयु के बच्चे भी तंबाकू, सिगरेट, शराब, गुटखा और नशीले पदार्थों की ओर आकर्षित हो रहे हैं, जो समाज के लिए चिंताजनक स्थिति है। नशा केवल शरीर को ही नहीं, बल्कि व्यक्ति के चरित्र, शिक्षा, मानसिक संतुलन और भविष्य को भी नष्ट कर देता है। बच्चों में नशे की आदत पनपने के पीछे कई कारण जिम्मेदार हैं। सबसे प्रमुख कारण पारिवारिक वातावरण है। यदि परिवार में माता-पिता या अन्य सदस्य नशे का सेवन करते हैं तो बच्चे भी उसी का अनुकरण करने लगते हैं। परिवार में तनाव, झगड़े और संवादहीनता बच्चों को मानसिक रूप से कमजोर बना देती है। माता-पिता की अत्यधिक व्यस्तता के कारण बच्चों को पर्याप्त समय और भावनात्मक सहारा नहीं मिल पाता, जिससे वे गलत संगति की ओर मुड़ जाते हैं। किशोरावस्था में मित्रों का प्रभाव अत्यधिक होता है और कई बच्चे केवल आधुनिक या साहसी दिखने के लिए नशे का प्रयोग शुरू कर देते हैं।

मीडिया और मनोरंजन जगत भी इस समस्या को बढ़ाने में कहीं न कहीं जिम्मेदार है। फिल्मों, वेब सीरीज और सोशल मीडिया में नशे को फैशन और आधुनिकता के रूप में प्रस्तुत किया जाता है। बच्चे अपने पसंदीदा कलाकारों की नकल करते हुए नशे की ओर आकर्षित होने लगते हैं। इसके अतिरिक्त शिक्षा में बढ़ती प्रतिस्पर्धा, परीक्षा का तनाव और असफलता का डर भी बच्चों को मानसिक दबाव में डाल देता है। कुछ बच्चे तनाव कम करने या जागकर पढ़ाई करने के लिए नशीले पदार्थों का सहारा लेने लगते हैं, जो धीरे-धीरे लत में बदल जाता है। नशे का प्रभाव बच्चों के शरीर और मन दोनों पर अत्यंत घातक पड़ता है। इससे स्मरण शक्ति कमजोर होती है, मानसिक संतुलन बिगड़ता है और बच्चा चिड़चिड़ा तथा आक्रामक हो जाता है। उसकी पढ़ाई प्रभावित होती है और वह स्कूल तथा परिवार से दूर होने लगता है। कई बार बच्चे चोरी, झूठ और अपराध जैसी गतिविधियों में भी शामिल हो जाते हैं। इस प्रकार नशा केवल एक बच्चे का भविष्य नहीं बिगाड़ता, बल्कि पूरे समाज की शांति और व्यवस्था को प्रभावित करता है। इस समस्या के समाधान के लिए परिवार, विद्यालय, समाज और सरकार सभी को मिलकर कार्य करना होगा। माता-पिता को बच्चों के साथ मित्रवत व्यवहार करना चाहिए और उन्हें पर्याप्त समय देना चाहिए।

विद्यालयों में नैतिक शिक्षा, योग, खेलकूद और नशा विरोधी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाने चाहिए। समाज और मीडिया को भी नशे के महिमामंडन से बचते हुए सकारात्मक संदेश देने चाहिए। सरकार को नशीले पदार्थों की बिक्री पर कठोर नियंत्रण लगाना चाहिए तथा नशा मुक्ति केंद्रों की संख्या बढ़ानी चाहिए। कुल मिलाकर, कहा जा सकता है कि बच्चों में नशे की बढ़ती प्रवृत्ति समाज और राष्ट्र दोनों के लिए गंभीर खतरा है। इसका समाधान केवल कानून से नहीं, बल्कि प्रेम, संस्कार, जागरूकता और सामूहिक प्रयास से संभव है। यदि बच्चों को सही मार्गदर्शन, अच्छा वातावरण और भावनात्मक सहारा मिले तो वे नशे से दूर रहकर एक स्वस्थ और उज्ज्वल भविष्य का निर्माण कर सकते हैं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

# वैश्विक मंच पर भारतीय कला और संस्कृति व स्वदेशी उत्पाद की 'फ्री ब्रांडिंग'



डॉ. नितिका शर्मा
भोरंज, जिला हमीरपुर
हि.प्र. केंद्रीय विवि की पूर्व शोधार्थी
अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारतीय कला और संस्कृति के साथ स्वदेशी उत्पादों को पूरे विश्व में पहचान बनाने के हर मौके को भुनाते हैं। जब भी प्रधानमंत्री विश्व के किसी देश की यात्रा पर जाते हैं, तो उस देश के मुखिया अर्थात राष्ट्राध्यक्ष को उपहार में ऐसे चीजें भेंट करते हैं, जिससे भारत की कला और संस्कृति को बढ़ावा मिल सके। हाल ही में प्रधानमंत्री की पांच देशों की यात्रा इसका ताजा उदाहरण है। इससे साफ जाहिर है कि प्रधानमंत्री कार्यालय की टीम को कितनी गंभीरता के साथ प्रधानमंत्री के विदेशी दौरे को लेकर योजना बनानी पड़ती होगी।

प्रधानमंत्री द्वारा भारतीय कला और संस्कृति से जुड़े कारीगरों और कामगारों के लिए एक वैश्विक मंच तैयार कर रहे हैं, जिस पर कोई चर्चा नहीं कर रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने पांच देशों की यात्रा के दौरान वहां के प्रमुख नेताओं को भारतीय कला, संस्कृति और स्वदेशी उत्पाद खास तौर से उपहार भेंट किए।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इन पांच देश संयुक्त अरब अमीरात, नीदरलैंड, स्वीडन, नॉर्वे और इटली की यात्रा पूरी कर ली। इस दौरे के दौरान भारत की सांस्कृतक विरासत, पारंपरिक कला और कृषि उत्पादों को वैश्विक मंच पर विशेष पहचान मिली। प्रधानमंत्री मोदी ने विभिन्न देशों के नेताओं को भारत की विविध परंपराओं और हस्तशिल्प से जुड़े खास उपहार भेंट किए, जिससे भारत के उत्तर से लेकर दक्षिण और पूर्व से लेकर पश्चिम तक के उपरोक्त कला, संस्कृति, हस्तशिल्प और घरेलू उत्पादों में जुड़े सभी कारीगरों और लोगों को एक प्रोत्साहन मिला, जिसकी कल्पना सिर्फ वही कर सकते हैं, जो इन चीजों से प्रत्यक्ष रूप से जुड़े हैं। एक ओर जहां भारत में लोकल फॉर वोकल को बढ़ावा दिया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर भारतीय उत्पादों के लिए विदेशी बाजार को तैयार करने के लिए प्रधानमंत्री द्वारा लगातार व्यक्ति प्रयास किया जा रहा है, जो हर देशवासियों के लिए गर्व को विषय है।

प्रधानमंत्री ने असम की प्रसिद्ध मूगा सिल्क स्टोल भेंट की।

गोल्डन सिल्क के नाम से मशहूर मूगा सिल्क पूर्वोत्तर भारत की ब्रह्मपुत्र घाटी की एक दुर्लभ और प्रतिष्ठित पारंपरिक विरासत मानी जाती है। इसके अलावा आगरा की प्रसिद्ध पच्चीकारी कला से बना मार्बल इनले वर्क बॉक्स और पंडित भीमसेन जोशी व एमएस सुब्बुलक्ष्मी की सीडी भेंट की।

संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति को प्रधानमंत्री ने गुजरात के जीआई टैग वाले केसर आम भेंट किए। यूएई के क्राउन प्रिंस को राजस्थान की पारंपरिक कोफ्तगिरी कला से सजी औपचारिक कटार भेंट किए। संयुक्त राष्ट्र के खाद्य व कृषि संगठन के महानिदेशक क्यू डोंग्यू को भारत के प्रसिद्ध चावल की विभिन्न किस्मों के नमूने भी भेंट किए। इनमें केरल का पलक्कड़ रेड राइस, पश्चिम बंगाल का गोबिंदभोग चावल, इंडो-गंगेटिक क्षेत्र का बासमती चावल, असम का जोहा राइस और उत्तर प्रदेश का कालानमक चावल शामिल रहे। साथ ही हेल्दी मिलेट बार्स भी भेंट किए। प्रधानमंत्री द्वारा विदेशी नेताओं को भेंट किए गए उपहार केवल सम्मान के प्रतीक नहीं, बल्कि भारतीय कला, संस्कृति और स्वदेशी विरासत के वैश्विक परिचायक भी हैं।

राजस्थान की ब्लू पॉटरी, मधुबनी पेंटिंग, बीदरी सिल्वर वर्क, मीनाकारी-कुंदन कला तथा शांतिनिकेतन शिल्प जैसी कलाओं की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि भारतीय सांस्कृतिक समृद्धि को दर्शाती है। इन उपहारों के माध्यम से भारत ने विश्व मंच पर अपनी पारंपरिक कला, हस्तशिल्प और स्वदेशी उत्पादों के संरक्षण, संवर्धन तथा प्रचार का सशक्त संदेश दिया है।

**(ये लेखिका के निजी विचार हैं)**

# पीएम मोदी को एफएओ कृषि पदक : वैश्विक कृषि नेतृत्व की मान्यता



दिनेश दमाथीआ
स्वतंत्र लेखक
अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को हाल ही में रोम स्थित खाद्य एवं कृषि संगठन मुख्यालय में वर्ष 2026 के प्रतिष्ठित कृषि पदक से सम्मानित किया गया। यह सम्मान वैश्विक स्तर पर खाद्य सुरक्षा, सतत कृषि विकास और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के उनके प्रयासों की मान्यता के रूप में प्रदान किया गया। प्रधानमंत्री ने यह पुरस्कार एफएओ के महानिदेशक डॉ. क्यू डोंग्यू से ग्रहण किया और इसे भारत के किसानों, कृषि वैज्ञानिकों तथा ग्रामीण समुदायों को समर्पित किया, जो लगातार देश की खाद्य सुरक्षा को मजबूत करने में योगदान दे रहे हैं।

प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि भारत में कृषि केवल आर्थिक गतिविधि नहीं, बल्कि जीवन, संस्कृति और प्रकृति के बीच गहरे संबंध का प्रतीक है। उन्होंने इसे 'धरती माता और मानव समाज के बीच पवित्र बंधन' बताते हुए इस बात पर बल दिया कि भारत की कृषि नीति अब परंपरागत ज्ञान और आधुनिक विज्ञान के समन्वय पर आधारित है। यह दृष्टिकोण न केवल उत्पादन बढ़ाने पर केंद्रित है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और जलवायु अनुकूलता को भी समान महत्व देता है।

भारत ने पिछले वर्षों में कृषि क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण सुधार किए हैं। 'प्रति बूंद अधिक फसल' जैसी पहलें जल संरक्षण और सूक्ष्म सिंचाई को बढ़ावा देती हैं। इसके माध्यम से किसानों को सीमित जल संसाधनों का अधिकतम उपयोग करने में सहायता मिल रही है। ड्रिप सिंचाई, स्प्रिंकलर प्रणाली और जल प्रबंधन आधारित योजनाएं कृषि उत्पादन को अधिक टिकाऊ बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। प्रधानमंत्री ने यह भी बताया कि आधुनिक तकनीकें भारतीय कृषि को नई दिशा दे रही हैं।

डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना, एआई आधारित कृषि सलाह प्रणाली, ड्रोन तकनीक, रिमोट सेंसिंग और सेंसर-आधारित मशीनरी के उपयोग से किसानों को समय पर मौसम, मिट्टी और फसल संबंधी जानकारी मिल रही है। इससे निर्णय लेने की क्षमता बढ़ी है और कृषि जोखिमों में कमी आई है।

एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में उन्होंने बताया कि पिछले 10 वर्षों में भारत ने लगभग 3,000 जलवायु-प्रतिरोधी फसल किस्में विकसित की हैं। ये किस्में सूखा, बाढ़ और बदलते तापमान जैसी परिस्थितियों में भी बेहतर उत्पादन देने में सक्षम हैं। इससे देश की कृषि प्रणाली अधिक लचीली और सुरक्षित बनी है। भारत ने बाजरा जैसे पोषक अनाजों को वैश्विक स्तर पर बढ़ावा देने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। अंतरराष्ट्रीय बाजरा वर्ष के दौरान भारत ने इन पारंपरिक अनाजों के पोषण और पर्यावरणीय लाभों को दुनिया के सामने प्रस्तुत किया। इससे छोटे किसानों को भी नई बाजार संभावनाएं मिली हैं। भारत, संयुक्त राष्ट्र खाद्य एवं कृषि संगठन का संस्थापक सदस्य होने के नाते, वैश्विक खाद्य सुरक्षा, सतत कृषि और भूख-मुक्त विश्व के लक्ष्य में सक्रिय भागीदार रहा है। भारत विशेष रूप से वैश्विक दक्षिण के देशों के साथ तकनीकी और नीतिगत सहयोग को बढ़ावा दे रहा है, ताकि विकासशील देशों में खाद्य सुरक्षा को मजबूत किया जा सके। प्रधानमंत्री की यह एफएओ यात्रा इसलिए भी महत्वपूर्ण मानी जा रही है क्योंकि यह पिछले तीन दशकों में किसी भारतीय राष्ट्राध्यक्ष की पहली यात्रा है।

यह भारत की बढ़ती वैश्विक भूमिका और कृषि क्षेत्र में उसके नेतृत्व को दर्शाता है। यह सम्मान केवल एक व्यक्ति की उपलब्धि नहीं, बल्कि भारत की समग्र कृषि यात्रा, वैज्ञानिक प्रगति और किसानों की मेहनत की अंतरराष्ट्रीय मान्यता है। यह भारत के लिए एक प्रेरणास्रोत है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

अनंत ज्ञान

प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद धर्मशाला न्यायालय के अधीन होंगे।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## ग्लैमरस अंदाज में पीवी सिंधु

**नई दिल्ली।** दो बार की ओलंपिक विजेता पीवी सिंधु अपने खेल को लेकर अक्सर चर्चा में छाई रहती हैं। हालांकि, फैंस उनकी खूबसूरती के भी दीवाने हैं। सिंधु सोशल मीडिया पर अपनी तस्वीरें शेयर करती रहती हैं।



## स्पोर्ट्स विंडो

### चालिहा का मलेशिया मास्टर्स में शानदार सफर क्वार्टर फाइनल में थमा

**एजेंसी, कुआलालंपुर।** भारत की अश्मिता चालिहा का मलेशिया मास्टर्स सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल में शानदार सफर शुक्रवार को यहां क्वार्टर फाइनल में थम गया। चालिहा ने हालांकि डेनमार्क की विश्व में 23वें नंबर खिलाड़ी लाइन होजमार्क कजर्सफेल्ड के सामने कड़ी चुनौती पेश की। चोट से उबरने के बाद वापसी करने वाली विश्व में 71वें रैंकिंग की भारतीय खिलाड़ी ने कड़े संघर्ष के बाद शुरुआती गेम जीता लेकिन वह इसका फायदा नहीं उठा पाईं और एक घंटे से थोड़ा अधिक समय तक चले मुकाबले में आठवीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी से 23-21 18-21 11-21 से हार गईं। चालिहा ने शानदार शुरुआत करते हुए पहले गेम में इंटरवल तक 11-6 की बढ़त बना ली। लाइन इसके बाद वापसी करके 19-18 से आगे हो गईं, लेकिन भारतीय खिलाड़ी ने संयम बनाए रखा और गेम अपने नाम कर लिया। दूसरा गेम भी कुछ इसी तरह चला, जिसमें चालिहा ने एक बार फिर 10-5 की बढ़त बना ली, लेकिन डेनमार्क की खिलाड़ी ने 13-13 से बराबरी कर ली। इसके बाद लाइन ने मैच को निर्णायक गेम तक पहुंचा दिया। अंतिम गेम पूरी तरह से एकतरफा रहा क्योंकि लाइन ने शुरुआत में ही 8-4 की बढ़त बनाकर अपना दबदबा कायम कर लिया और चालिहा को वापसी का कोई मौका नहीं दिया। (अनंत ज्ञान)

### रोनाल्डो ने दो गोल दागकर सऊदी अरब में खिताब का सूखा किया खत्म

**एजेंसी, रियाद।** दिग्गज फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो आखिर में सऊदी अरब में कोई बड़ी ट्रॉफी जीतने में सफल रहे। पुर्तगाल के इस 41 वर्षीय स्टार खिलाड़ी के दो गोल की मदद से अल नासर ने दमाक के खिलाफ 4-1 से जीत हासिल की और इस तरह से सऊदी प्रो लीग का खिताब अपने नाम किया। रोनाल्डो के अल नासर क्लब में शामिल होने के तीन साल से अधिक समय बाद यह टीम की पहली बड़ी ट्रॉफी है। पुर्तगाल की विश्व कप टीम में शामिल किए जाने के ठीक दो दिन बाद रोनाल्डो ने ट्रॉफी उठाई। रोनाल्डो रिकॉर्ड छठी बार विश्व कप में भाग लेंगे। इस जीत ने अल नासर को लीग में शीर्ष स्थान दिला दिया। वह अल-हिलाल से दो अंक आगे रहा। अल-हिलाल ने 34 मैचों के सत्र में अजेय रहने के बावजूद दूसरा स्थान हासिल किया। सादियो माने और किंग्सले कोमन के गोल से अल नासर ने दूसरे हाफ में बढ़त बना ली, जिसके बाद रोनाल्डो ने सत्र के लीग में अपने 27वें और 28वें गोल दागे। (अनंत ज्ञान)

### ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए पाक की टीम में तीन नए खिलाड़ी

**एजेंसी, इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अगले सप्ताह से शुरू होने वाली तीन मैचों की एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सीरीज के लिए शुक्रवार को अपनी 16 सदस्यीय टीम में तीन नए खिलाड़ियों को शामिल किया। विकेटकीपर-बल्लेबाज रोहेल नाजिर, तेज गेंदबाज अहमद दानियाल और ऑलराउंडर अराफात मिन्हास ने कुछ टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं, लेकिन उन्हें पहली बार वनडे टीम में चुना गया है। नाजिर और ग़ाज़ी गोरी टीम में दो विकेटकीपर हैं। तीन मैचों की सीरीज का पहला मैच 30 मई को रावलपिंडी में खेला जाएगा। इसके बाद दो और चार जून को लाहौर में मैच खेले जाएंगे। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी टीम की कमानी करना जारी रखेंगे। अनुभवी खिलाड़ियों बाबर आजम, नसीम शाह और शादाब खान ने टीम में वापसी की है। फखर जमां और साइम अयूब चोटिल होने के कारण इस सीरीज में नहीं खेल पाएंगे। (अनंत ज्ञान)

## पंजाब को प्लेऑफ की उम्मीदें जीवंत रखने के लिए एलएसजी पर बड़ी जीत की जरूरत

# लगातार हार से टूटे पंजाब का लखनऊ से सामना आज

**एजेंसी, लखनऊ**

लगातार छह हार से जूझ रही पंजाब किंग्स के सामने आईपीएल प्लेऑफ की उम्मीदें बचाए रखने की बड़ी चुनौती है। शनिवार को लखनऊ में होने वाले मुकाबले में उसे लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाफ हर हाल में बड़ी जीत दर्ज करनी होगी।





पंजाब ने सत्र की शुरुआत शानदार अंदाज में करते हुए पहले सात में से छह मैच जीते थे, लेकिन दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 265 रन का रिकॉर्ड लक्ष्य हासिल करने के बाद टीम की लय पूरी तरह बिगड़ गई। लगातार छह हार ने उसकी प्लेऑफ की राह मुश्किल बना दी है।

फिलहाल पांचवें स्थान पर मौजूद पंजाब को एलएसजी के खिलाफ जीत के साथ रविवार को होने वाले मुंबई इंडियंस-राजस्थान रॉयल्स और केकेआर-दिल्ली कैपिटल्स मैचों के नतीजों पर भी निर्भर रहना होगा। टीम चाहेगी कि राजस्थान और केकेआर दोनों अपने मुकाबले हार जाएं।

श्रेयस अय्यर की कप्तानी वाली टीम के लिए चिंता की बात शीर्ष क्रम की खराब फॉर्म है। प्रियांश आर्य, प्रभसिमरन सिंह और कूपर कोनोली शुरुआती मैचों जैसी आक्रामक बल्लेबाजी नहीं कर पा रहे हैं। कप्तान अय्यर भी पिछले छह मैचों में सिर्फ एक अर्धशतक ही लगा सके हैं।

दूसरी ओर, एलएसजी पहले ही प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी है, लेकिन टीम अपने घरेलू मैदान पर अभियान का सकारात्मक अंत करना चाहेगी। मिचेल मार्श और जोश इंग्लिस की ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी हाल के मैचों में शानदार लय में रही है, जबकि निकोलस पूरन और कप्तान ऋषभ पंत बेहतर प्रदर्शन की तलाश में हैं।

गेंदबाजी में यह देखना दिलचस्प होगा कि अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शम्मी पिछले मैच में अनुपस्थित रहने के बाद वापसी कर पाते हैं या नहीं। (अनंत ज्ञान)

**मैच : शाम 7.30 बजे से**

### संभावित टीमें

**लखनऊ सुपर जायंट्स :** ऋषभ पंत (कप्तान), अब्दुल समद, आयुष बडोनी, मैथ्यू ब्रीट्जके, हिम्मत सिंह, एडेन मारक्रम, निकोलस पूरन, अर्शिन कुलकर्णी, मिचेल मार्श, शाहबाज अहमद, अवेश खान, मोहम्मद शमी, प्रिंस यादव, दिग्वेश सिंह राठी, मयंक प्रभु यादव, वानिंदु हसरंगा, एनरिक नोर्किया, जोश इंग्लिस, मोहसिन खान, नमन तिवारी, आकाश महाराज सिंह, मुकुल चौधरी, मणिमारन सिद्धार्थ, अर्जुन तेंदुलकर, अक्षत रघुवंशी।

**पंजाब किंग्स:** श्रेयस अय्यर (कप्तान), प्रियांश आर्य, प्रभसिमरन सिंह, मिचेल ओवेन, विष्णु विनोद, नेहल वढेरा, अजमतुल्लाह उमरजई, मार्को यानसन, मुशीर खान, शशांक सिंह, मार्कस स्टोइनिस, सूर्यांश शेडगे, अर्शदीप सिंह, जेवियर बार्टलेट, युजवेंद्र चहल, लॉकी फर्ग्युसन, हरप्रीत बराड़, विजयकुमार विशाक, कूपर कोनोली, बेन ड्वारशुइस, पाइला अविनाश, यश ठाकुर, हरनूर सिंह, प्रवीण दुबे, विशाल निषाद।

## विभिन्न परिस्थितियों में जल्द सामंजस्य बिठाना गुजरात की सफलता का राज : राशिद

**एजेंसी, अहमदाबाद**

गुजरात टाइटन्स के मध्य क्रम की कमजोरी की लगातार चर्चा चलती रही है लेकिन उसके स्टार स्पिनर राशिद खान ने कहा कि टीम ने इस सत्र में अपनी कमियों पर ध्यान देने के बजाय खिलाड़ियों पर भरोसा दिखाया तथा विभिन्न परिस्थितियों से तेजी से सामंजस्य बिठाकर सफलता हासिल की। गुजरात ने वीरवार को यहां चेन्नई सुपर किंग्स पर 89 रन की बड़ी जीत दर्ज कर अंक तालिका में शीर्ष दो में जगह पक्की की।





राशिद ने मैच के बाद कहा, ''मुझे लगता है कि प्रत्येक टीम में सुधार की गुंजाइश होती है। प्रत्येक टीम किसी विभाग में मजबूत होती है। कोई भी टीम शत प्रतिशत संपूर्ण नहीं होती है। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आपके पास कितने अच्छे खिलाड़ी हैं। पूरे टूर्नामेंट में हमारे मध्य क्रम और ऐसी ही चीजों को लेकर काफी चर्चा हुई है, लेकिन मुझे लगता है कि हर कोई अपना योगदान दे रहा है।''

उन्होंने कहा, ''हर कोई अपनी जिम्मेदारी समझ रहा है और मुझे लगता है कि यह बहुत महत्वपूर्ण है। अगर आप उन 10 या 15 प्रतिशत कमियों के बारे में सोचते रहेंगे तो इसका असर बाकी 70-75 या 80 प्रतिशत पर भी पड़ेगा।'' राशिद ने कहा, ''हम चीजों को सरल बनाए रखते हैं और यह काफी महत्वपूर्ण है। विरोधी टीम कोई भी हो हमारा खिलाड़ी मौका मिलने पर बेहतर प्रदर्शन कर सकता है। फिर चाहे वह बल्लेबाजी हो, गेंदबाजी हो या फील्डिंग, इसलिए हम अपने कमजोर और मजबूत पक्षों के बारे में ज्यादा नहीं सोचते हैं। हम सिर्फ इस बारे में सोचते हैं कि मैं टीम के लिए कैसे बेहतर कर सकता हूं।'' राशिद ने इस सत्र में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की जमकर तारीफ की।

उन्होंने कहा, ''विकेट में कोई बदलाव नहीं हुआ। मुझे लगता है हमारे पास बहुत अच्छा गेंदबाजी आक्रमण है। विशेषकर हमारे तेज गेंदबाजों ने पूरे टूर्नामेंट में बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है।'' अफगानिस्तान के लेग स्पिनर ने कहा कि गुजरात की सबसे बड़ी ताकत यह है कि वे विपक्षी टीम की तुलना में परिस्थितियों से बहुत जल्दी सामंजस्य बिठा लेते हैं। (अनंत ज्ञान)

## एमएस धोनी वही करेंगे जो टीम हित में होगा : एरिक सिमंस

**एजेंसी, अहमदाबाद**





चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के गेंदबाजी कोच एरिक सिमंस ने कहा कि महेंद्र सिंह धोनी कब वापसी करेंगे इसका फैसला यह अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज स्वयं करेगा। 44 वर्षीय धोनी पिंडली में चोट लगने के कारण आईपीएल के इस सत्र में एक भी मैच नहीं खेल पाए, लेकिन सिमंस ने कहा कि उन्होंने नेट पर अपनी बल्लेबाजी से प्रभावित किया।

सिमंस से पूछा गया कि क्या धोनी अगले साल के लिए उपलब्ध रहेंगे, उन्होंने कहा, ''क्या आप सचमुच यह सवाल पूछ रहे हैं। उनके पांव में चोट लगी थी जिससे उन्हें दौड़ने में बहुत दिक्कत हो रही थी और इसलिए वह नहीं खेल पाए।'' उन्होंने कहा, ''नेट पर अभ्यास के दौरान वह इस तरह से बल्लेबाजी कर रहे थे जैसा वह पहले किया करते थे। लेकिन मैं हमेशा कहता रहा हूं कि इसका फैसला स्वयं धोनी ही करेंगे ही कि वह कब खेलने के लिए तैयार हैं और उनकी वापसी के लिए सही समय क्या है।''

दक्षिण अफ्रीका के पूर्व ऑलराउंडर ने कहा कि धोनी हमेशा व्यक्तिगत उपलब्धियों से ऊपर टीम के हित को प्राथमिकता देते हैं। उन्होंने कहा, ''अगर उन्हें पता है कि वह फिट नहीं हैं तो वह नहीं खेलेंगे] लेकिन अगर वह फिट होते हैं तो वह जरूर खेलेंगे। वह व्यक्तिगत नहीं बल्कि टीम के हित में फैसला करेंगे। उनके खेलने से टीम को फायदा मिलेगा।'' सिमंस ने स्वीकार किया कि उनकी टीम की फील्डिंग अच्छी नहीं रही, जबकि इस विभाग में कड़ी मेहनत की गई थी।

सिमंस ने कहा, ''टीम इससे सीख लेकर कैसे आगे बढ़ती है इसका फैसला फील्डिंग कोच करेंगे, लेकिन हमने इस साल अपनी फील्डिंग पर काफी मेहनत की है। सुधार की गुंजाइश हमेशा रहती है। लेकिन फिर भी हम कुछ शानदार कैच लेते हैं और फिर कुछ आसान कैच छोड़ देते हैं जिससे हैरानी होती है।'' (अनंत ज्ञान)

## अंडर-18 महिला एशिया कप हॉकी में भारत की कप्तानी करेंगी कुजुर

**एजेंसी, नई दिल्ली।** स्वीटी कुजुर को जापान के काकामिगाहारा में 29 मई से छह जून तक होने वाले एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट के लिए शुक्रवार को 18 सदस्यीय भारतीय महिला अंडर-18 टीम का कप्तान नियुक्त किया गया। इस टीम में कुजुर के अलावा नौशीन नाज, प्रियंका मिंज, संदीप कुमारी और नैन्सी सरोहा अग्रिम पंक्ति में शामिल हैं। मध्य पंक्ति में श्रुति कुमारी, दीया, स्नेहा दावड़े, रश्मीन कौर, नम्मी गीताश्री और पुष्पा मांझी तथा रक्षापंक्ति में सुगन सांगा, नीलम टोपनो, रूबीना बक्सला, किरण एक्का, सुलोचनी और गोलकीपर महक परिहार और खिली कुमारी शामिल हैं। भारतीय टीम ने इस टूर्नामेंट के लिए भोपाल में राष्ट्रीय शिविर में हिस्सा लिया था। इस दौरान भारतीय टीम ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चार मैचों की सीरीज भी खेली। भारत को प्रतियोगिता में पूल ए में रखा गया है जहां उसका मुकाबला कोरिया, मलेशिया और सिंगापुर से होगा। भारत 30 मई को मलेशिया के खिलाफ अपना अभियान शुरू करेगा, जिसके बाद वह 31 मई को कोरिया और दो जून को सिंगापुर के खिलाफ खेलेगा। पूल-बी में चीन, जापान, चीनी ताइपे और बांग्लादेश शामिल हैं। सेमीफाइनल पांच जून और फाइनल छह जून को खेला जाएगा। (अनंत ज्ञान)

## विनेश फोगाट मामले में हाईकोर्ट की डब्ल्यूएफआई को फटकार

**एजेंसी, नई दिल्ली**





विनेश फोगाट को घरेलू प्रतियोगिताओं में भाग लेने से अयोग्य घोषित करने के फैसले पर दिल्ली उच्च न्यायालय ने भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) को फटकार लगाई है। अदालत ने केंद्र सरकार को फोगाट का मूल्यांकन करने के लिए विशेषज्ञ पैनल गठित करने और उन्हें आगामी एशियाई खेलों के चयन ट्रायल्स में भाग लेने की अनुमति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

मुख्य न्यायाधीश डीके उपाध्याय और न्यायमूर्ति तेजस कारिया की पीठ ने कहा कि शीर्ष खिलाड़ियों को अनुमति देने की पुरानी व्यवस्था से हटना कई सवाल खड़े करता है। अदालत ने टिप्पणी की कि देश में मातृत्व का सम्मान किया जाता है और संघ को 'प्रतिशोध' की भावना से काम नहीं करना चाहिए।

फोगाट मातृत्व अवकाश के बाद खेल में वापसी करना चाहती हैं। उनके वकील ने अदालत को बताया कि घरेलू प्रतियोगिता में भाग लेने से ठीक पहले उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया गया, जिससे यह संकेत मिलता है कि उन्हें रोकने की कोशिश की जा रही है।

अदालत ने पेरिस ओलंपिक में फोगाट की अयोग्यता को 'राष्ट्रीय शर्म' बताते हुए सवाल किया कि क्या उनके लिए चयन मानदंड बदले गए थे। अदालत ने कहा कि खेल और खिलाड़ियों के हितों को विवादों से प्रभावित नहीं होना चाहिए।

डब्ल्यूएफआई ने डोपिंगरोधी नियमों के तहत संन्यास से वापसी करने वाले खिलाड़ियों के लिए छह महीने की अनिवार्य नोटिस अवधि का हवाला देते हुए फोगाट को 26 जून 2026 तक घरेलू प्रतियोगिताओं के लिए अयोग्य घोषित किया था। (अनंत ज्ञान)

## अमेरिका ने ताइवान को हथियारों की बिक्री रोकी

**एजेंसी, वाशिंगटन।** अमेरिकी नौसेना के कार्यवाहक सचिव हंग काओ ने कहा कि अमेरिका ने ईरान के साथ चल रहे युद्ध के कारण ताइवान को हथियारों की बिक्री रोक दी है। उन्होंने यह जानकारी शीर्ष रिपब्लिकन नेता मिच मैककोनेल के एक सवाल के जवाब में दी। सीनेट की सुनवाई के दौरान, सीनेटर मैककोनेल ने काओ से कहा कि हमने ताइवान को अमेरिका से हथियार खरीदने के लिए प्रोत्साहित किया है। मगर अचानक से बिक्री रोक दी गई है। इस रोक के बारे में आपको ताइवान की तरफ से क्या जानकारी मिल रही है?

सीबीएस न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, काओ ने जवाब दिया कि मैंने ताइवान के अधिकारियों से बात नहीं की है। हालांकि, हमने उन्हें हथियारों की बिक्री की है। अभी हमने बिक्री इसलिए रोकी है ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि हमारे पास 'एपिक फ्यूरी' के लिए जरूरी गोला-बारूद मौजूद है। उन्होंने दावा किया कि अमेरिका के पास काफी मात्रा में गोला-बारूद है। काओ ने कहा कि जब ट्रंप प्रशासन को जरूरी लगेगा तब हथियारों की बिक्री फिर से शुरू हो जाएगी। उन्होंने कहा बिक्री कब फिर से शुरू होगी, यह तय करने का अधिकार रक्षा सचिव और विदेश सचिव के पास होगा। मैककोनेल ने इस पर कहा कि यही बात सबसे अधिक परेशान करने वाली है। (अनंत ज्ञान)

## होर्मुज में जहाजों से फीस वसूलने की तैयारी में ईरान

**एजेंसी, तेल अवीव/तेहरान**

ईरान और ओमान होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने वाले जहाजों पर फीस वसूली के सिस्टम को लेकर बातचीत कर रहे हैं। न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक ईरान की नई बनाई गई पर्शियन गल्फ स्ट्रेट अथॉरिटी (पीजीएसए) ने कहा कि उसने होर्मुज स्ट्रेट के 'मैनेजमेंट सुपरविजन एरिया' की सीमा तय कर दी है। अथॉरिटी के मुताबिक, यहां से गुजरने के लिए परमिट जरूरी होगा।

फरवरी में अमेरिकी और इजराइली हमलों के बाद ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट में कमर्शियल ट्रैफिक लगभग रोक दिया था। इससे अंतरराष्ट्रीय शिपिंग प्रभावित हुई और ऊर्जा कीमतों में तेजी आई। इसके बाद ईरानी अधिकारियों ने



### ओमान के साथ पेमेंट सिस्टम पर बातचीत जारी, अमेरिका बोला- यह मंजूर नहीं

इस जलमार्ग से राजस्व जुटाने के विकल्पों पर चर्चा शुरू की। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि होर्मुज स्ट्रेट अंतरराष्ट्रीय जलमार्ग है और यहां किसी तरह का टोल नहीं होना चाहिए। विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने भी इसका विरोध किया। दुनिया के करीब 20 प्रतिशत समुद्री तेल और प्राकृतिक गैस की सप्लाई होर्मुज स्ट्रेट से गुजरती है। ऐसे में यहां किसी भी तरह के शुल्क या प्रतिबंध का असर वैश्विक ऊर्जा बाजार और शिपिंग पर पड़ सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक ईरान सीधे टोल लगाने के बजाय सर्विस फीस मॉडल पर काम कर रहा है। इसमें जहाजों से ट्रांजिट फीस, पर्यावरण शुल्क और अन्य सेवाओं के नाम पर रकम ली जा सकती है।

दो ईरानी अधिकारियों के मुताबिक ओमान अब इस प्रस्ताव में संभावित आर्थिक फायदे देखते हुए हिस्सेदारी पर चर्चा कर रहा है। ओमान खाड़ी देशों और अमेरिका के साथ इस योजना को आगे बढ़ाने की कोशिश कर सकता है। (अनंत ज्ञान)

## सेंसेक्स 232 अंक चढ़ा, निफ्टी में भी 65 अंकों की आई तेजी

**एजेंसी, मुंबई**

शुक्रवार, 22 मई को शेयर बाजार में हल्की तेजी देखने को मिली। सेंसेक्स 232 अंक यानी 0.31



प्रतिशत की बढ़त के साथ 75,415 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, निफ्टी में भी 65 अंकों यानी 0.27 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई और यह 23,719 पर पहुंच गया।

कारोबार के दौरान बैंकिंग और मेटल सेक्टर के शेयरों में अच्छी खरीदारी देखने को मिली, जिससे पूरे बाजार को सपोर्ट मिला। निवेशकों का रुझान इन सेक्टरों की ओर ज्यादा रहा, जबकि कुछ अन्य सेक्टरों में मिलाजुला प्रदर्शन देखा गया। दिनभर के उतार-चढ़ाव के बीच बाजार अंततः सकारात्मक रुख के साथ बंद हुआ। (अनंत ज्ञान)


**अनंत Classifieds**

### नाम परिवर्तन

**मैं, पुपति** पत्नी राजू निवासी टी-1/619 नजदीक शिव मंदिर ढाकखर शाहपुर कंडी टाउनशिप तहसील पठानकोट पंजाब-145029 घोषणा करती हूं कि मेरा वास्तविक और सही नाम पुपदी (Pupdi) के स्थान पर पुपति (Poopati) है। सभी संबंधित नोट करें।

अदालत श्री रमन कायस्था, कार्यकारी दण्डाधिकारी, कांगड़ा जिला कांगड़ा हि. प्र.।
मुकदमा: जन्म पंजीकरण
तारीख पेशी: 20.05.2026
रिम्पी पुत्री श्री हरि सिंह निवासी गांव व डा. खोली तहसील व जिला कांगड़ा
बनाम आम जनता
विषय:- Application u/s 13(3) of HP Registration of Birth of Death Act 1969 for permission to enter birth of the applicant in GP Kholi Dev. Block Kangra.
उपरोक्त मुकदमा इस न्यायालय में विचाराधीन है जिसमें प्रार्थी ने लिखा है कि उसकी पुत्री रिम्पी पुत्री श्री हरि सिंह, शकुन्तला देवी (माता) निवासी गाँव व डा. खोली, तहसील व जिला कांगड़ा हि.प्र. का जन्म दिनांक 11.01.1983 ग्राम पंचायत खोली में हुआ था। परन्तु इसका इन्द्राज ग्राम पंचायत खोली, तहसील व जिला कांगड़ा के रिकॉर्ड में दर्ज नहीं हुआ है। संबंधित अनापत्ति प्रमाण पत्र Chief Registrar (Birth & Death)-cum-Director Health Services Himachal Pradesh, Shimla-9 vide letter No. HFW-KGR/ST(Delayed) (B& D) 2026-1105 dated 25.03.2026 and Additional District Registrar (Birth & Death)-cum-Medical Officer of Health Kangra at Dharamshala vide letter No. 1571 dated 04.04.2026 द्वारा उक्त जन्म तिथि को दर्ज करने बारे प्राप्त किया गया है। अतः उपरोक्त मुकदमा बारे आम जनता को सूचित किया जाता है कि यदि उक्त जन्म तिथि को संबंधित ग्राम पंचायत खोली में दर्ज करने बारे कोई उज्र या एतराज हो तो वह दिनांक 12.06.2026 को इस अदालत में असालतन या वकालतन एतराज दर्ज करवा सकता / सकती है। किसी भी प्रकार का एतराज दर्ज न होने की सूरत में आगामी कार्यवाही करके आदेश पारित कर दिए जाएंगे। आज दिनांक: 20.05.2026 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर सहित इस न्यायालय से जारी हुआ।
कार्यकारी, दण्डाधिकारी
कांगड़ा जिला कांगड़ा हि.प्र.।


# पीएम मोदी संग साइप्रस राष्ट्रपति की सेल्फी ने बटोरी सुर्खियां

**एजेंसी, नई दिल्ली**

साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलिड्स और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच शुक्रवार को नई दिल्ली में मुलाकात हुई। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच एक बहुत ही दोस्ताना पल देखने को मिला। हैदराबाद हाउस में औपचारिक बातचीत शुरू होने से पहले राष्ट्रपति क्रिस्टोडौलिड्स ने पीएम मोदी के साथ अपने मोबाइल से एक सेल्फी ली। दोनों नेताओं ने एक-दूसरे का बहुत गर्मजोशी से स्वागत किया।

इससे पहले भी कई बड़े विदेशी नेता, जैसे फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और इटली की प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी, पीएम मोदी के साथ सेल्फी ले चुके हैं। शुक्रवार सुबह राष्ट्रपति क्रिस्टोडौलिड्स ने राजघाट जाकर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि भी दी।

### हैदराबाद हाउस में दिखी खास दोस्ती, संबंधों को मजबूत करने पर जोर



विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भी राष्ट्रपति क्रिस्टोडौलिड्स से मुलाकात की और भारत-साइप्रस संबंधों और भारत-यूरोपीय संघ सहयोग को मजबूत करने के लिए उनके सकारात्मक रवैये और मार्गदर्शन की सराहना की।

बैठक के बाद विदेश मंत्री जयशंकर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, 'आज नई दिल्ली में साइप्रस गणराज्य के राष्ट्रपति क्रिस्टोडौलिड्स से मिलकर खुशी हुई। भारत-साइप्रस संबंधों और भारत-ईयू सहयोग को मजबूत करने के लिए उनके सकारात्मक विचारों और मार्गदर्शन की सराहना करता हूं।' इससे पहले, राष्ट्रपति क्रिस्टोडौलिड्स गुरुवार को नई दिल्ली पहुंचे थे।

एयरपोर्ट पर केंद्रीय राज्य मंत्री अजय अजय टम्टा ने उनका स्वागत किया था। इसको लेकर विदेश मंत्रालय सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, 'साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलिड्स का नई दिल्ली पहुंचने पर गर्मजोशी से स्वागत किया गया। मुंबई दौरे के बाद वह दिल्ली पहुंचे। इस दौरान उन्हें, औपचारिक स्वागत और गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। (अनंत ज्ञान)

## कॉकरोच जनता पार्टी फाउंडर बोले- शिक्षामंत्री धर्मेंद्र प्रधान दें इस्तीफा

**एजेंसी, नई दिल्ली।** कॉकरोच जनता पार्टी के फाउंडर अभिजीत दीपके शुक्रवार को सोशल मीडिया पेज बनाने के 7 दिन बाद पहली ऑनलाइन आए। उन्होंने नीट पेपर लीक मामले में शिक्षामंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग की है।

दीपके ने एक्स पर वीडियो पोस्ट किया। उन्होंने कहा कि आज हम एक पिटीशन शुरू करने जा रहे हैं। जिसमें शिक्षामंत्री के इस्तीफे की मांग की है। आप सब लोग ज्यादा से ज्यादा इस पिटीशन पर साइन कीजिए, ताकि सिस्टम की गलती पर सवाल उठ सके। अभिजीत ने कॉकरोच जनता पार्टी सीजेआई सूर्यकांत की टिप्पणी के विरोध में बनाई है। सीजेआई ने 15 मई को सुनवाई के दौरान कुछ बेरोजगारों को कॉकरोच कहा था। उधर 'कॉकरोच जनता पार्टी' पेज के इंस्टाग्राम पर अचानक लोकप्रिय होने से उसके फाउंडर अभिजीत दीपके के माता-पिता बहुत ज्यादा परेशान हो गए हैं। उन्हें डर है कि उनका बेटा किसी मुसीबत में पड़ सकता है। उसे गिरफ्तार भी किया जा सकता है।

अभिजीत के पेरेंट्स भगवान और अनीता दीपके महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर में रहते हैं। दोनों ने एक न्यूज चैनल को बताया कि हम अपने बेटे को राजनीति में नहीं भेजना चाहते थे। अभिजीत के इस कदम के बारे में सुनकर हमारी रातों की नींद उड़ गई है। (अनंत ज्ञान)

## दुनिया के सबसे गर्म 22 शहरों में सभी भारत के

### यूपी के 13 शहर, 35 शहरों में रात में भी चलीं गर्म हवाएं

**एजेंसी, नई दिल्ली**

देश को अगले 3 दिन तक गर्मी से राहत के आसार नहीं हैं। एक्यूआई वेदर के मुताबिक शुक्रवार दोपहर 3 बजे दुनिया के 22 सबसे गर्म शहरों में पारा 47 डिग्री से ज्यादा रिकॉर्ड किया गया। यह सभी शहर भारत के हैं। इनमें 13 शहर उत्तर प्रदेश के हैं। ओडिशा का बोलांगीर और बिहार का सासाराम सबसे ज्यादा गर्म रहा। भारतीय मौसम विभाग के मुताबिक देश के 35 शहरों में वीरवार को रात का पारा 30 डिग्री से ऊपर रहा। बिहार के पटना और



गयाजी में गर्मी के कारण 22 से 26 मई तक 5वीं तक के स्कूल बंद किए गए हैं। वहीं, राज्य के मधेपुरा और सहरसा में वीरवार को बारिश हुई, इस दौरान बिजली गिरने से 3 लोगों की मौत हो गई। (अनंत ज्ञान)

## मई में रोहतांग और शिंकुला दर्रों में बर्फबारी, मौसम ने अचानक बदला मिजाज

# रोहतांग में बर्फीले तूफान में फंसे पर्यटक प्रशासन ने रोकी वाहनों की आवाजाही

अनंत ज्ञान

**कमलेश वर्मा कुल्लू/केलांग।** मौसम के बदले मिजाज ने जहां एक तरफ उत्तर भारत को भीषण गर्मी से राहत दी है, वहीं प्रदेश के ऊंचाई वाले इलाकों में आफत खड़ी कर दी है। शुक्रवार को जिला कुल्लू और लाहौल घाटी में मौसम ने अचानक करवट बदली। मई के महीने में जब मैदानी इलाकों में सूरज आग उगल रहा है, वहीं रोहतांग दर्रा और शिंकुला पास समेत ऊंची चोटियों पर ताजा बर्फबारी हुई है। मई माह में बर्फबारी को देखकर स्थानीय लोग भी हैरान हैं।

उधर, रोहतांग दर्रे से एक डराने वाली तस्वीर सामने आई है, जहां अचानक आए भयंकर बर्फीले तूफान में कई पर्यटक फंस गए। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में देखा जा सकता है कि तेज बर्फीली हवाओं और आसमान से गिरते बर्फ के फाहों के बीच पर्यटक एक-दूसरे को संभालते नजर आ रहे हैं। तूफान की रफ्तार इतनी तेज थी कि वहां लगा एक टेंट भी हवा में उड़ गया।


बर्फीले तूफान के बीच दीवार का सहारा लेते हुए। अनंत ज्ञान

सुरक्षा के मद्देनजर जिला प्रशासन ने सुबह 8 बजे के बाद ही रोहतांग की तरफ जाने वाले ट्रैफिक को पूरी तरह से रोक दिया था। हालांकि, जो वाहन सुबह 8 बजे से पहले ही रोहतांग के लिए निकल चुके थे, उनमें सवार पर्यटकों को इस बर्फीले तूफान और कड़ाके की ठंड के कारण भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

रोहतांग के दीदार के बाद सैलानी अटल टनल के रास्ते लाहुल घाटी के शिंकुला पास पहुंचे, जहां लगातार ताजा बर्फबारी हो रही थी। जैसे ही मौसम ज्यादा खराब हुआ और बर्फबारी का सिलसिला बढ़ा, लाहुल-स्पीति जिला प्रशासन ने तुरंत एक्शन लेते हुए शिंकुला सहित अन्य दर्रों की ओर वाहनों की आवाजाही पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया। वहां मौजूद वाहनों को भी सुरक्षित वापस भेज दिया गया है। इन दिनों कुल्लू घाटी में सेब और अन्य नकदी फसलें तैयार हो रही हैं। ऐसे में अचानक बदले मौसम के कारण बागवानों को ओलावृष्टि का डर सताने लगा है, जिससे फसलों को भारी नुकसान पहुंच सकता है।

उधर, कुल्लू व लाहुल स्पीति जिला प्रशासन ने सभी पर्यटकों और स्थानीय निवासियों से अपील की है कि वे खराब मौसम के दौरान ऊंचाई वाले क्षेत्रों और दर्रों की तरफ रुख न करें और सरकारी गाइडलाइंस का पालन करें।

## शाढ़ाबाई में लाखों के गहनों की चोरी

**अनंत ज्ञान, भुंतर।** हिमाचल प्रदेश के भुंतर क्षेत्र के शाढ़ाबाई-बंजर इलाके में चोरी की बड़ी वारदात सामने आई है, जिससे स्थानीय लोगों में दहशत का माहौल है। चोरों ने एक घर को निशाना बनाकर लाखों के गहने और अन्य कीमती सामान चोरी कर लिया।

पीड़िता सुनीता बौद्ध ने भुंतर थाना में शिकायत दर्ज करवाई है। उन्होंने बताया कि वह अपनी बेटी के पास मनाली गई हुई थीं, इसी दौरान अज्ञात चोर घर में घुसकर चोरी की घटना को अंजाम देकर फरार हो गए। चोरों ने वारदात के बाद घर में लगा डीवीआर भी साथ ले लिया ताकि सबूत मिटाए जा सकें।

सबसे हैरानी की बात यह रही कि चोरी के अगले ही दिन आरोपी फिर उसी इलाके में चोरी की कोशिश करते नजर आए, लेकिन आहट सुनकर स्थानीय लोग बाहर आ गए, जिससे वे भाग निकले। इस दौरान कुछ संदिग्ध गतिविधियां पास के सीसीटीवी कैमरों में कैद हुई हैं, जिनसे पुलिस को अहम सुराग मिले हैं। भुंतर थाना प्रभारी एसपी ठाकुर ने बताया कि मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है और आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## आनी में हरियाणा के महिला-पुरुष सात किलो चरस के साथ गिरफ्तार

अनंत ज्ञान



**आनी।** नशा तस्करों के खिलाफ चलाए गए अभियान में कुल्लू पुलिस की आनी थाना टीम को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान हरियाणा नंबर की एक गाड़ी से भारी मात्रा में चरस बरामद की है।

मामले में एक महिला और एक पुरुष को गिरफ्तार किया गया है, जो हरियाणा के रहने वाले हैं। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस थाना आनी की टीम ने 'निगाण चौक' पर सुरक्षा व संदिग्ध गतिविधियों की रोकथाम के लिए विशेष नाकाबंदी कर रखी थी। इसी दौरान वहां से गुजर रही एक संदिग्ध गाड़ी (नंबर एचआर 30वी-1424) को जांच के लिए रोका गया।

जब पुलिस टीम ने गाड़ी की सघन तलाशी ली, तो उसमें सवार हरियाणा निवासी एक व्यक्ति और एक महिला के कब्जे से कुल 7.00 किलोग्राम चरस (कैनाबिस) बरामद हुई। बरामद चरस की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लाखों रुपये आंकी जा रही है। पुलिस ने प्रतिबंधित मादक पदार्थ को कब्जे में लेकर गाड़ी को सीज कर दिया है इस संदर्भ में पुलिस थाना आनी में दोनों आरोपियों के खिलाफ मादक पदार्थ अधिनियम की धारा 20 और 29 के अंतर्गत मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है।आनी पुलिस के अनुसार, पकड़े गए आरोपियों से कड़ी पूछताछ की जा रही है। पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि इतनी बड़ी खेप कहां से लाई गई थी और इसे आगे कहां सप्लाई किया जाना था। इस नशा नेटवर्क के मुख्य सरगना और बैकवर्ड-फॉरवर्ड लिंकेज (सप्लाई चेन) को तोड़ने के लिए गहन अन्वेषण (जांच) जारी है।

## मनाली लेफ्ट बैंक रोड बीआरओ को सौंपने की तैयारी

**अनंत ज्ञान, मनाली।** कुल्लू-मनाली क्षेत्र की महत्वपूर्ण लेफ्ट बैंक रोड (सैनिक चौक-भुंतर-रामशिला-नग्गर-मनाली) को सीमा सड़क संगठन को सौंपने की तैयारी चल रही है। लोक निर्माण विभाग ने इस संबंध में बीआरओ को प्रस्ताव भेज दिया है। यह मार्ग मनाली और कुल्लू के लिए एक वैकल्पिक लाइफलाइन माना जाता है। ब्यास नदी में बार-बार आने वाली बाढ़ और भूस्खलन के कारण नेशनल हाईवे अक्सर बाधित हो जाता है, ऐसे में यह मार्ग लगातार उपयोग में आता है। 2023 की आपदा के दौरान भी इस सड़क ने अहम भूमिका निभाई थी। प्रस्ताव के अनुसार भुंतर से कुल्लू तक 13 किलोमीटर हिस्सा पहले ही एनएच द्वारा विकसित किया जा चुका है, जबकि शेष करीब 52 किलोमीटर मार्ग बीआरओ को सौंपने की योजना है। लोक निर्माण विभाग का कहना है कि भारी वाहनों के दबाव और लगातार खराब होती स्थिति को देखते हुए इस सड़क का रखरखाव अब बीआरओ के पास जाने से अधिक मजबूत और सुरक्षित होगा। अगर प्रस्ताव स्वीकार होता है तो सड़क को आधुनिक रूप दिया जाएगा और क्षेत्र की कनेक्टिविटी बेहतर होगी।

# बंजार की 'वायरल जोड़ी' की महिला साथी सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल, एम्स बिलासपुर रेफर

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** जिला कुल्लू के बंजार की सोशल मीडिया पर बेहद चर्चित 'वायरल जोड़ी' की महिला साथी एक दर्दनाक सड़क हादसे का शिकार हो गई हैं। तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से वह गंभीर रूप से घायल हो गई हैं। प्राथमिक उपचार के बाद उनकी नाजुक हालत को देखते हुए उन्हें क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू से एम्स ( बिलासपुर रेफर कर दिया गया है, जहां वह जिंदगी की जंग लड़ रही हैं।प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह हादसा वीरवार को बंजार बाजार क्षेत्र में पेश आया। यहां एक तेज रफ्तार बाइक सवार ने महिला को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भयानक थी कि महिला लहूलुहान होकर वहीं गिर पड़ी। हादसे के तुरंत बाद स्थानीय लोगों ने मुस्तैदी दिखाते हुए उन्हें बंजार अस्पताल पहुंचाया। बंजार में प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें तुरंत क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू भेजा गया। कुल्लू अस्पताल के डॉक्टरों के अनुसार, महिला के सिर, मुंह और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए वीरवार देर शाम ही उन्हें बेहतर इलाज के लिए एम्स बिलासपुर रेफर कर दिया गया। इस हादसे के बाद पूरे कुल्लू जिला सहित अन्य जिलों से लोग सोशल मीडिया पर महिला के जल्द स्वस्थ होने की कामना कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ के लिए प्रार्थनाओं का दौर जारी है। उधर, पुलिस ने लापरवाही से बाइक चलाने वाले आरोपी चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और आगामी छानबीन शुरू कर दी है।

### सोशल मीडिया पर मदद की मुहिम



**महिला** की गंभीर स्थिति को देखते हुए अब सोशल मीडिया पर उनके चाहने वाले और स्थानीय लोग आर्थिक मदद की गुहार लगा रहे हैं। इलाज का खर्च उठाने के लिए परिवार को पैसों की सख्त जरूरत है। इसी बीच सोशल मीडिया पर एक खास अपील भी वायरल हो रही है। लोगों का कहना है कि इस जोड़ी की शादी के बाद कई सोशल मीडिया क्रिएटर्स और पेजों ने इनकी वीडियो डालकर लाखों व्यूज बटोरे और खूब पैसे कमाए। आज जब यह महिला जिंदगी और मौत के बीच जूझ रही है, तो उन सभी लोगों को आगे आना चाहिए और दिल खोलकर इनकी आर्थिक मदद करनी चाहिए।

### लोग बोले- पता नहीं किसकी नजर लगी

**बंजार** के थरिम्बला गांव के 66 वर्षीय सोम देव ने खुद से 31 साल छोटी, 35 वर्षीय युवती से विवाह रचाकर जीवन की नई पारी शुरू की है। मामला सुर्खियों में आने के बाद से यह जोड़ा लगातार सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। लेकिन अभी महिला की इस हालत के बाद लोग सोशल मीडिया पर एक ही बात कह रहे हैं कि इस जोड़े को पता नहीं किसकी नजर लग गई।

# सुधांशु महाराज बोले-चेतना का केंद्र बिंदु 'आज्ञा चक्र'

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, कुल्लू।** जिला कुल्लू घुड़दौड़ में आयोजित पांच दिनों से ध्यान साधना शिविर (दूसरा सत्र) के समापन अवसर पर सुधांशु जी महाराज ने सभी को अपना दिव्य मंगल आशीष (शक्ति पात) देते हुए सुखमय जीवन की परमात्मा से प्रार्थना की। इस अवसर पर परम सुधांशु जी महाराज ने कहा कि चेतना केन्द्र का मुख्य बिन्दु आपका आज्ञा चक्र है और इसको जागृत करने से सदाशिव भगवान शिव की कृपा बरसती है। यही वह चक्र है जहां से भाग्य बदलती है तथा प्रज्ञा और मेधा का चक्र भी यही है। उन्होंने बुद्धिमत्ता का मध्य अंश बताया और इस भाग पर सबसे ज्यादा ध्यान देने को कहा। अपने आज्ञा चक्र को शीतल करने के लिए तिलक लगाकर परमात्मा के प्रति अपना प्रेम, शान्ति और स्थिर भाव जगाने को कहा। पांच दिवसीय ध्यान साधना शिविर (दूसरा सत्र) में बैठे साधकों से ध्यान एवं योग गुरु डॉ. अर्चिका दीदी ने कहा कि परमात्मा के लिए वह व्यक्ति अति प्रिय है जो शान्त व स्थिर रहता है। उन्होंने कहा कि जब व्यक्ति का मन विचलित होता है तब वह परमात्मा से गुरु से दूर हो जाता है वहीं से उसके ऊपर कृपा भी दूर होती चली जाती है इसलिए उन्होंने हर परिस्थिति में जुड़े रहने को कहा।

# रौरिक ट्रस्ट में कला प्रदर्शनी का शुभारंभ

## 'इनसाइट आर्ट ग्रुप' की प्रदर्शनी का रूसी क्यूरेटर लारिसा ने किया उद्घाटन

अनंत ज्ञान

**मोहन कपूर, पतलीकूहल।** अंतरराष्ट्रीय रौरिक मेमोरियल ट्रस्ट नगर, जिला कुल्लू में शुक्रवार को भारतवर्ष के 25 प्रख्यात कलाकारों की कलाकृतियों की भव्य प्रदर्शनी का शुभारंभ किया गया। 'इनसाइट आर्ट ग्रुप' द्वारा आयोजित इस प्रदर्शनी की क्यूरेटरशिप दिल्ली के सिकंदर जांगड़ा और दीक्षा कैन द्वारा की जा रही है।

इस विशेष कला प्रदर्शनी का उद्घाटन रौरिक मेमोरियल ट्रस्ट की रूसी क्यूरेटर लारिसा सुरगिना द्वारा किया गया। इस अवसर पर भारतीय क्यूरेटर सुरेश कुमार नड्डा भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि लारिसा सुरगिना ने देशभर से आए कलाकारों का गर्मजोशी से स्वागत करते हुए उनकी रचनात्मक प्रतिभा और कला-कौशल की सराहना की। उन्होंने भविष्य में भी रौरिक ट्रस्ट के साथ ऐसे ही कलात्मक सहयोग बनाए रखने की अपील की। प्रदर्शनी में देश के विभिन्न राज्यों के 25 अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कलाकारों की पेंटिंग्स प्रदर्शित की गई हैं। इनमें दिल्ली, पुणे, कोलकाता, छत्तीसगढ़, बिहार, नोएडा और गाजियाबाद सहित कई स्थानों के कलाकार शामिल हैं।

क्यूरेटर सिकंदर जांगड़ा और दीक्षा कैन ने आयोजन की सफलता के लिए रौरिक ट्रस्ट के निदेशक एवं जिलाधीश कुल्लू अनुराग चंद्र शर्मा सहित पूरे प्रबंधन का आभार व्यक्त किया। उद्घाटन समारोह में रूसी क्यूरेटर सहायक दमित्री सुरगिन, देशभर से आए कलाकार और कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। यह प्रदर्शनी 24 मई तक आम जनता और पर्यटकों के लिए खुली रहेगी, जिसमें कला प्रेमी विविध कलाकृतियों का आनंद ले सकते हैं।



### 45 से अधिक चित्रों की प्रदर्शनी और बिक्री

**इस** प्रदर्शनी में कलाकारों द्वारा बनाए गए लगभग 45 मुख्य चित्र, कई लघु चित्र (छोटे चित्र) और सोविनियर (स्मृति चिन्ह) दर्शकों के अवलोकन तथा बिक्री के लिए रखे गए हैं।

## वार्षिक ऋण योजना के लक्ष्यों-क्रेडिट डिपॉजिट अनुपात पर की चर्चा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** मार्च 2026 तिमाही समाप्ति के उपरांत लाहौल ब्लॉक केलांग में ब्लॉक स्तरीय बैंक समिति (बीएलबीसी) की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता बीडीओ केलांग डॉ. विवेक गुलेरिया ने की। इस दौरान केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन, लाभार्थी आधारित कार्यक्रमों, स्वरोजगार योजनाओं और वित्तीय समावेशन से जुड़ी गतिविधियों की विस्तृत समीक्षा की गई। वार्षिक ऋण योजना के लक्ष्यों और क्रेडिट-डिपॉजिट अनुपात पर भी चर्चा हुई। बैठक में बैंकिंग सेवाओं को अधिक प्रभावी बनाने और पात्र लाभार्थियों को समय पर ऋण उपलब्ध कराने पर जोर दिया गया। एलडीएम सुनील कौंडल ने वित्तीय जागरूकता बढ़ाने और योजनाओं को जमीनी स्तर तक पहुंचाने की आवश्यकता पर बल दिया। बैठक में विभिन्न बैंक शाखाओं के प्रबंधक उपस्थित रहे और विकासात्मक गतिविधियों को सुदृढ़ करने पर सहमति बनी।

# स्पीति में 7 दिवसीय क्रिकेट महोत्सव का आगाज, युवाओं में दिखा उत्साह

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, काजा।** स्पीति क्षेत्र के लरी गांव में खमन दल (क्लब) लरी द्वारा आयोजित सात दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ उत्साह और उमंग के साथ हुआ। उद्घाटन समारोह में खेल प्रेमियों, स्थानीय ग्रामीणों और युवाओं की भारी भागीदारी देखने को मिली, जिससे पूरे क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल बन गया। प्रतियोगिता के पहले दिन मैदान में खिलाड़ियों के जोश और दर्शकों के उत्साह ने आयोजन को खास बना दिया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि यश बौद्ध ताबो, सम्मानित अतिथि तंजिन राय तथा ताबो मठ के लामा सोनम का खातक और स्मृति चिह्न देकर भव्य स्वागत किया गया। इसके साथ ही प्रतियोगिता को सफल बनाने में योगदान देने वाले प्रायोजकों और अन्य गणमान्य लोगों को भी सम्मानित किया गया। आयोजन समिति की ओर से बताया गया कि प्रथम पुरस्कार की ट्रॉफी के प्रायोजक दोरजे राप्टेन तथा द्वितीय पुरस्कार ट्रॉफी के प्रायोजक दोरजे छेरिंग रहे। वहीं मैन ऑफ द मैच और मैन ऑफ द सीरीज पुरस्कार के लिए भारतीय स्टेट बैंक के प्रबंधक शुभम कांता और लोक निर्माण विभाग के बाबू लोबजंग ने सहयोग दिया।



इसके अलावा लरी और ताबो के नंबरदार, महिला मंडल लरी एवं ताबो तथा गांव के वरिष्ठ समतेन सहित अन्य अतिथियों को भी सम्मानित किया गया। आयोजन समिति ने युवाओं से खेलों को अपनाने, नशे से दूर रहने और आपसी भाईचारे को मजबूत करने का संदेश दिया। आने वाले सात दिनों तक चौकों-छक्कों की गूंज से पूरा क्षेत्र खेलमय बना रहेगा।

## अवैध शराब की 159 बोतलें बरामद

**अनंत ज्ञान, आनी।** आनी और निरमंड क्षेत्र में अवैध शराब कारोबार के खिलाफ आबकारी विभाग ने बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। एक्साइज विभाग आनी और एक्साइज पुलिस कुल्लू की संयुक्त टीम द्वारा विभिन्न स्थानों पर छापेमारी अभियान चलाया गया। इस दौरान टीम ने अवैध रूप से बेची जा रही अंग्रेजी ब्रांड की 30 बोतलें, देसी शराब की 45 बोतलें व 84 बोतल बियर बरामद कीं। मामले में चार लोगों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत केस दर्ज किया गया है। साथ ही 65 हजार जुर्माना लगाया गया। आबकारी विभाग आनी के सहायक राज्य कर एवं आबकारी अधिकारी नेत्र सिंह ने कार्रवाई की पुष्टि करते हुए बताया कि क्षेत्र में अवैध शराब बेचने वालों के खिलाफ भविष्य में भी सख्त अभियान जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि ढाबों और दुकानों में अवैध शराब बेचने वालों पर विशेष नजर रखी जा रही है तथा बाहरी क्षेत्रों से आनी-निरमंड में अवैध शराब की सप्लाई किसी भी सूरत में नहीं होने दी जाएगी।

## रघुनाथ हॉस्पिटल में बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. कृतिका की सेवाएं शुरू

# 31 मई तक बाल रोग ओपीडी पूरी तरह मुफ्त

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** कुल्लू घाटी और आसपास के दूरदराज क्षेत्रों के बच्चों व नवजात शिशुओं को अब आपातकालीन स्थिति में बेहतर इलाज के लिए बड़े शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा। जिला के अग्रणी स्वास्थ्य संस्थान रघुनाथ हॉस्पिटल, कुल्लू ने अपनी बाल चिकित्सा सेवाओं का विस्तार करते हुए प्रख्यात विशेषज्ञ डॉ. कृतिका फामरा को बतौर कंसल्टेंट पीडियाट्रिशियन एवं नियोनेटोलॉजिस्ट नियुक्त किया है। इस महत्वपूर्ण शुरुआत के अवसर पर अस्पताल प्रबंधन ने क्षेत्र की जनता को बड़ी राहत देते हुए घोषणा की है कि 31 मई तक अस्पताल में बाल रोग ओपीडी सेवा पूरी तरह नि:शुल्क रहेगी। इसका मुख्य उद्देश्य अभिभावकों को बच्चों के स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना और समय पर विशेषज्ञ परामर्श सुनिश्चित करना है। डॉ. कृतिका फामरा बच्चों की सामान्य मौसमी बीमारियों से लेकर नवजात शिशुओं की गंभीर व जटिल समस्याओं के इलाज में व्यापक अनुभव रखती हैं। अस्पताल में उनके जुड़ने से अब बेहद संवेदनशील और गंभीर अवस्था वाले नवजात शिशुओं को आधुनिक व समर्पित स्वास्थ्य लाभ मिल सकेगा। सबसे खास बात यह है कि डॉ. कृतिका अस्पताल में 24 घंटे सेवाएं देंगी, जिससे आपातकालीन स्थिति में बच्चों को तुरंत विशेषज्ञ डॉक्टर का इलाज मिल सकेगा।शिशु से किशोर तक का इलाज: नवजात बच्चों से लेकर किशोर आयु तक की सभी स्वास्थ्य समस्याओं का समाधान। बच्चों के लिए सभी प्रकार के आवश्यक टीकों की उपलब्धता। बच्चों की शारीरिक व मानसिक वृद्धि और पोषण संबंधी उचित परामर्श।


डॉ. कृतिका का अस्पताल प्रबंधन स्वागत करते हुए। अनंत ज्ञान

रघुनाथ अस्पताल प्रबंधन के अनुसार हमारा उद्देश्य कुल्लू और इसके साथ लगते ग्रामीण व जनजातीय क्षेत्रों के लोगों को स्थानीय स्तर पर ही आधुनिक, विश्वसनीय और संवेदनशील स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना है। डॉ. कृतिका के आने से हमारी पीडियाट्रिक्स टीम बेहद मजबूत हुई है और अब किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए हम पूरी तरह तैयार हैं। अस्पताल प्रबंधन ने कहा है कि यदि आपके बच्चे को कोई स्वास्थ्य संबंधी समस्या है, या आप रूटीन चेकअप व टीकाकरण के संबंध में सलाह लेना चाहते हैं, तो 31 मई तक रघुनाथ हॉस्पिटल, कुल्लू में जाकर इस नि:शुल्क ओपीडी सेवा का लाभ उठा सकते हैं।

## 23 को होने वाला दिव्यांगता मूल्यांकन शिविर स्थगित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** चिकित्सा अधीक्षक कुल्लू, डॉ. हीरा लाल बौद्ध ने जानकारी देते हुए बताया कि क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू में 23 मई को आयोजित होने वाला दिव्यांगता मूल्यांकन शिविर अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि भारत सरकार के यूडीआइडी पोर्टल को अपग्रेड करके नए 'एनजीसी क्लाउड सर्विस' पर माइग्रेट किया जा रहा है। इस तकनीकी रखरखाव के कारण यूडीआइडी पोर्टल 21 मई से 24 मई तक पूरी तरह से अस्थायी रूप से बंद रहेगा, और इस दौरान पोर्टल की सभी सेवाएँ निलंबित रहेंगी। दिव्यांगता प्रमाणपत्र से जुड़ी सभी ऑनलाइन प्रक्रियाएं इसी पोर्टल के माध्यम से पूरी की जाती हैं, इसलिए पोर्टल के बंद होने की वजह से 23 मई को होने वाले शिविर को रद्द करने का निर्णय लिया गया है।

शिविर के आयोजन की आगामी तिथि पोर्टल के दोबारा सुचारू रूप से शुरू होने के बाद जल्द ही अधिसूचित कर दी जाएगी।

**बैठक** 49 वर्षों की अमिट सांस्कृतिक विरासत के साथ स्वर्णिम वर्ष में प्रवेश करेगा सूत्रधार: दिनेश सेन

# 21 से 23 जून तक 49वां वर्षगांठ उत्सव मनाएगा सूत्रधार

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** वर्ष 1977 में स्थापित सूत्रधार कला संगम कुल्लू आगामी 21 जून को अपने गौरवशाली 49 वर्ष पूर्ण कर 50वें स्वर्ण जयंती वर्ष में प्रवेश करने जा रहा है । सूत्रधार कला संगम कुल्लू अपने रजत जयंती वर्षगांठ उत्सव से कुल्लू घाटी की युवा व बाल प्रतिभाओं को सृजनात्मक कार्यों में जोड़ने के लिए तथा दुर्व्यसनों से बचाने के लिए शुरू की गई प्रतियोगिता सूत्रधार वर्षगांठ उत्सव अब 49वें वर्षगांठ को मनाने जा रहा है और इस उत्सव को आकर्षक बनाने के लिए कार्यकारिणी की महत्वपूर्ण बैठक अध्यक्ष दिनेश सेन की अध्यक्षता में संपन्न हुई, जिसमें आगामी 21 से 23 जून तक आयोजित होने वाले 49वें सूत्रधार वर्षगांठ उत्सव को ऐतिहासिक एवं भव्य स्वरूप देने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

अध्यक्ष दिनेश सेन ने कहा कि सूत्रधार कला संगम कुल्लू ने अपनी रजत जयंती वर्षगांठ उत्सव से ही कुल्लू घाटी की युवा एवं बाल प्रतिभाओं को सांस्कृतिक गतिविधियों से जोड़ने तथा उन्हें नशे एवं अन्य दुर्व्यसनों सहित समाज में व्याप्त कुरीतियों से दूर रखने के उद्देश्य से विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन आरम्भ किया था। वर्तमान समय में युवाओं के बीच तेजी से फैल रही नशे की प्रवृत्ति समाज के लिए गंभीर चिंता का विषय है और ऐसे समय में कला एवं संस्कृति ही युवाओं को सकारात्मक दिशा प्रदान कर सकती है।

उन्होंने कहा कि सूत्रधार कला संगम का उद्देश्य केवल मंचीय प्रस्तुतियां देना नहीं, बल्कि युवा पीढ़ी को अपनी लोक संस्कृति, लोक परंपराओं एवं नैतिक मूल्यों से जोड़ते हुए उन्हें जागरूक, सृजनात्मक एवं संस्कारित नागरिक बनाना है। बैठक में 49वें सूत्रधार वर्षगांठ उत्सव की विभिन्न सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं के नियमों एवं रूपरेखा पर विस्तार से विचार-विमर्श कर आवश्यक संशोधन भी किए गए। इस वर्ष 49वें सूत्रधार वर्षगांठ उत्सव के अंतर्गत कुल्लू के ऐतिहासिक लाल चंद प्रार्थी कला केंद्र एवं अटल सदन में भव्य सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन 21 जून से 23 जून तक किया जाएगा।


बैठक के दौरान सूत्रधार कला संगम के पदाधिकारी। अनंत ज्ञान

इनमें लोकनृत्य (कुल्लवी नाटी), लोकनृत्य (रेकॉर्डेड), समूह नृत्य, लघुनाटक, फैशन शो, समूहगान, वाद्यवृन्द, प्रिंसेस सूत्रधार, लोकगीत, फिल्म गीत, शास्त्रीय गायन एवं फैंसी ड्रेस प्रतियोगिताएं आकर्षण का केंद्र रहेंगी। विशेष बात यह रहेगी कि इस वर्ष पहली बार अखिल भारतीय स्तर के लोकनृत्य (रेकॉर्डेड) प्रतियोगिता को भी शामिल किया गया है। वहीं कुल्लवी संस्कृति एवं पारंपरिक लोकनृत्य को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कुल्लवी नाटी की अलग प्रतियोगिता भी आयोजित की जाएगी।

इस 49वें सूत्रधार वर्षगांठ उत्सव में प्रतियोगिता के सर्वश्रेष्ठ दलों (प्रथम, द्वितीय व तृतीय) को ट्रॉफी के साथ-साथ आकर्षक ईनाम भी प्रदान किये जायेंगे ।प्रचार-प्रसार प्रभारी सुंदर श्याम महंत ने जानकारी देते हुए बताया कि शीघ्र ही विभिन्न शिक्षण संस्थानों को प्रतियोगिताओं से संबंधित विस्तृत नियमावली एवं आमंत्रण भेजे जाएंगे, ताकि युवा कलाकार समय रहते अपनी तैयारियां प्रारंभ कर सकें। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने संस्था के 50वें स्वर्णिम वर्ष को ऐतिहासिक, भव्य एवं अविस्मरणीय बनाने हेतु सामूहिक रूप से कार्य करने का संकल्प लिया तथा स्थानीय शिक्षण संस्थानों, अभिभावकों एवं युवा कलाकारों से इस सांस्कृतिक महोत्सव में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया।

बैठक में संस्था अध्यक्ष दिनेश सेन सहित संरक्षक मण्डल सदस्य राजेन्द्र सूद, उपाध्यक्ष कंवर वीरेंद्र सिंह, महासचिव अतुल गुप्ता, वित्त सचिव जोगिन्दर ठाकुर, सचिव मंजुलता शर्मा, यशोदा शर्मा व हितेश गोगी, लोकनृत्य प्रभारी सीमा शर्मा, प्रचार-प्रसार प्रभारी सुंदर श्याम महंत, सहप्रभारी धर्मेन्द्र शर्मा के अलावा प्रबन्धक उत्तम चंद सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# हरि चंद नेगी को 'स्टार परफॉर्मर ऑफ द मंथ' के सम्मान से नवाजा

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, केलांग।** जिला लाहौल-स्पीति पुलिस के जवान एएसआई हरि चंद नेगी को 'स्टार परफॉर्मर ऑफ द मंथ' के सम्मान से नवाजा गया है। अपनी उत्कृष्ट कार्यशैली, अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठा के लिए पहचान रखने वाले हरि चंद नेगी को यह सम्मान जिला पुलिस विभाग के प्रति उनकी बेहतरीन सेवाओं, समर्पण और जिम्मेदारियों के सफल निर्वहन के लिए प्रदान किया गया है।



जिला पुलिस के अनुसार एएसआई हरि चंद नेगी ने अपने कार्यकाल के दौरान हमेशा ईमानदारी, पेशेवर रवैये और जिम्मेदारी की भावना के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन किया है। कानून व्यवस्था बनाए रखने में उनकी सक्रिय भूमिका और जनसेवा के प्रति समर्पण विभाग के मूल्यों को दर्शाता है। विभाग ने कहा कि हरि चंद नेगी की मेहनत, सकारात्मक सोच और कार्य के प्रति प्रतिबद्धता न केवल विभाग के लिए महत्वपूर्ण योगदान है, बल्कि उनके सहकर्मियों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत है। उनकी यह उपलब्धि उनके उत्कृष्ट कार्य और सेवा के प्रति समर्पण का प्रमाण है। साहसी और कर्तव्यनिष्ठ अधिकारी सहायक उपनिरीक्षक (एएसआई) हरी चंद नेगी को उनकी उत्कृष्ट कार्यप्रणाली, अनुशासन और अनुकरणीय सेवाओं के लिए लाहुल स्पीति पुलिस द्वारा इस महीने का 'स्टार परफॉर्मर ऑफ द मंथ' चुना गया है।

एएसआई हरी चंद नेगी ने हमेशा अपनी ज़िम्मेदारियों को पूरी ईमानदारी, पेशेवर रवैये और उच्च सेवा भावना के साथ निभाया है। दुर्गम और चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों वाले ज़िला लाहुल-स्पीति में कानून-व्यवस्था बनाए रखने, जनसेवा के प्रति समर्पित रहने और अपने काम को कुशलता से अंजाम देने में उनका प्रदर्शन हमेशा सर्वश्रेष्ठ रहा है। उनका यह समर्पण हिमाचल पुलिस के उच्च आदर्शों और वास्तविक मूल्यों को दर्शाता है। एसपी लाहौल-स्पीति शिवानी मैहला व अन्य उच्च अधिकारियों के अनुसार हरी चंद नेगी की कड़ी मेहनत, ईमानदारी और काम के प्रति उनका सकारात्मक नज़रिया उनके साथी पुलिसकर्मियों के लिए भी एक बड़ी प्रेरणा है। विभाग में उनके इस महत्वपूर्ण योगदान को देखते हुए ही उन्हें इस सम्मान से नवाज़ा गया है। जो उनकी असाधारण सेवा और कर्तव्य के प्रति उनकी निष्ठा का जीता-जागता प्रमाण है।

> **एएसआई** हरी चंद नेगी को स्टार परफॉर्मर ऑफ द मंथ' चुने जाने पर पूरे लाहुल स्पीति जिला पुलिस परिवार की ओर से बधाई एवं शुभकामनाएं। साथ ही उनके उज्ज्वल भविष्य तथा निरंतर सफलता की भी कामना करते हैं । जिला पुलिस को अपने ऐसे जांबाज जवानों पर गर्व है।
>
> **-शिवानी मैहला, एसपी, लाहौल-स्पीति।**

# बढ़ती गर्मी के दृष्टिगत स्वास्थ्य विभाग ने जारी की एडवाइजरी

अनंत ज्ञान



**सोलन ।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग ने निरंतर बढ़ती गर्मी के दृष्टिगत परामर्श जारी किया है। यह परामर्श लोगों को स्वस्थ रखने एवं बचाव के उपाय अपनाने के लिए जारी किया गया है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी सोलन डॉ. अजय पाठक ने इस सम्बन्ध में जानकारी देते हुए लोगों से आग्रह किया कि गर्मी के दृष्टिगत दोपहर के समय अनावश्यक रूप से घर से बाहर न जाएं तथा अनावश्यक शारीरिक श्रम करने से बचें। उन्होंने कहा कि बाहर जाने की स्थिति में सूती एवं पूरी बाजू के कपड़े पहनें तथा सिर ढक कर बाहर निकलें। उन्होंने कहा कि बाहर जाते समय अपने साथ पानी की बोतल अवश्य रखें और नियमित अंतराल पर पानी पीते रहें। उन्होंने कहा कि कॉफी एवं कोल्ड ड्रिंक के स्थान पर नींबू पानी, फलों का रस तथा नमक-चीनी के घोल का सेवन करें। इनके सेवन से शरीर में पानी की कमी नहीं होगी। डॉ. अजय पाठक ने कहा कि लू लगने की स्थिति में प्रभावित व्यक्ति को तुरंत ठंडी जगह पर ले जाएं और उन्हें ओ.आर.एस. या नमक-चीनी का घोल दें तथा शरीर को ठंडा करने का प्रयास करें। आवश्यकता पड़ने पर पीड़ित व्यक्ति को तुरंत समीप के स्वास्थ्य केन्द्र में उपचार के लिए ले जाएं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने सभी खण्ड चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिए कि लू से प्रभावित व्यक्तियों के उपचार के लिए आवश्यक दवाएं एवं व्यवस्थाओं के साथ पूरी तरह सतर्क एवं तत्पर होकर कार्य करें। उन्होंने कहा कि एहतियाती उपाय अपनाकर शरीर में जल की कमी एवं लू लगने से बचाव किया जा सकता है।

# विधायक के वोट से परमाणु, अर्की में बदल सकते हैं सत्ता समीकरण

अनंत ज्ञान

**आर मोहन चौहान, सोलन ।** हाल ही में संपन्न हुए नगर परिषद और नगर पंचायत अर्की में अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पदों को लेकर राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। दोनों ही निकायों में भाजपा समर्थित पार्षद फिलहाल मामूली बढ़त पर हैं, लेकिन कांग्रेस विधायकों का एक-एक वोट पूरे समीकरण को बदल सकता है। ऐसे में अब सबकी नजर आगामी अध्यक्ष और उपाध्यक्ष चुनाव पर टिक गई है। परवाणू नगर परिषद में भाजपा और कांग्रेस समर्थित उम्मीदवारों के बीच मुकाबला बेहद करीबी रहा। यहां तीन-तीन उम्मीदवार दोनों दलों के समर्थन से जीत दर्ज करने में सफल रहे, जबकि एक वार्ड में भाजपा और कांग्रेस समर्थित उम्मीदवारों को बराबर 128-128 वोट मिले। बाद में लॉटरी के जरिए भाजपा समर्थित उम्मीदवार विजयी घोषित हुई। इस तरह परिषद में भाजपा समर्थित चार और कांग्रेस समर्थित तीन पार्षद पहुंचने में सफल रहे। हालांकि यहां से कांग्रेस विधायक विनोद सुल्तानपुरी का वोट कांग्रेस के पक्ष में पड़ने से स्थिति फिर बराबरी पर आ सकती है। यदि ऐसा हुआ तो अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद का फैसला लॉटरी तक पहुंच सकता है। कुछ ऐसी ही स्थिति अर्की नगर पंचायत में भी बनी हुई है। यहां भाजपा समर्थित चार और कांग्रेस समर्थित तीन उम्मीदवार जीतकर आए हैं। अर्की से कांग्रेस विधायक संजय अवस्थी का वोट कांग्रेस को बराबरी पर ला सकता है। ऐसे में दोनों ही निकायों में सत्ता संतुलन विधायक के वोट पर निर्भर करता दिखाई दे रहा है। चूंकि नगर




परिषद और नगर पंचायत चुनाव पार्टी चिन्ह पर नहीं हुए थे, इसलिए निर्वाचित पार्षदों पर दल-बदल विरोधी कानून लागू नहीं होगा। यही कारण है कि दोनों राजनीतिक दल अपने-अपने समर्थित पार्षदों को एकजुट रखने और बहुमत मजबूत करने के प्रयासों में जुट गए हैं। इतना नहीं जोड़ तोड़ के डर से परवाणु में विजयी हुए भाजपा समर्थित पार्षद तो हरियाणा के किसी हिल स्टेशन के होटल में छुट्टियां बीताने पहुंचे बताए जा रहे हैं। राजनीतिक गलियारों में जोड़-तोड़ और संभावित पाला बदलने की चर्चाएं भी तेज हो गई हैं। इस बीच लोगों की निगाहें अब 31 मई को आने वाले सोलन नगर निगम चुनाव परिणामों पर भी टिकी हैं। नगर निगम चुनाव पार्टी सिंबल पर हुए हैं, इसलिए यहां जीत और हार सीधे तौर पर राजनीतिक दलों की प्रतिष्ठा से जुड़ी मानी जा रही है। नगर निगम में बहुमत के लिए 17 में से कम से कम 10 पार्षदों का समर्थन जरूरी होगा। यहां भी कांग्रेस विधायक का एक वोट महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। नगर परिषद और नगर पंचायतों में अध्यक्ष व उपाध्यक्ष चुनाव की तिथि जिला प्रशासन द्वारा तय की जाएगी। तब तक राजनीतिक सरगर्मियां और जोड़-तोड़ की राजनीति जारी रहने की संभावना है।

## सोलन में 16 जून से शुरू होगा हाउस लिस्टिंग सर्वे

**अनंत ज्ञान, सोलन ।** सोलन में वर्ष 2027 की जनगणना को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। जिला प्रशासन द्वारा 16 जून से हाउस लिस्टिंग सर्वे शुरू किया जाएगा। इस सर्वे के तहत जनगणना कर्मी घर-घर जाकर मकानों, परिवारों और उपलब्ध सुविधाओं से संबंधित जानकारी एकत्र करेंगे। प्रशासन के अनुसार यह जनगणना का पहला चरण होगा, जिसमें प्रत्येक भवन और परिवार का रिकॉर्ड तैयार किया जाएगा। सर्वे के दौरान मकान की स्थिति, परिवार के सदस्यों की संख्या, पेयजल, शौचालय, बिजली समेत अन्य बुनियादी सुविधाओं की जानकारी जुटाई जाएगी। बताया जा रहा है कि इस बार जनगणना प्रक्रिया डिजिटल माध्यम से भी संचालित की जाएगी। जनगणना कर्मियों को विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है ताकि सर्वे कार्य सही और व्यवस्थित तरीके से पूरा किया जा सके। केंद्र सरकार की ओर से भी जनगणना-2027 को लेकर दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि सर्वे के दौरान सही जानकारी उपलब्ध करवाएं और जनगणना कर्मियों का सहयोग करें।

## न्यूज ब्रीफ

### पुस्तकों के पठन और लेखन से अच्छी दिनचर्या बना सकते हैं कैदी : अभिषेक त्रिवेदी



**अनंत ज्ञान, सोलन ।** सोलन कारागार में आयोजित 'अक्षर से आत्मबोध' कार्यक्रम में महानिदेशक कारागार हिमाचल प्रदेश अभिषेक त्रिवेदी ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस अवसर पर उन्होंने कैदियों को पुस्तकों के पठन-पाठन और लेखन की आदत अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि पुस्तकें व्यक्ति के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का माध्यम बनती हैं। पढ़ने और लिखने की आदत से कैदी अपनी दिनचर्या को बेहतर बना सकते हैं और मानसिक रूप से मजबूत बनकर समाज की मुख्यधारा में लौट सकते हैं। उन्होंने कहा कि जेल केवल सजा का स्थान नहीं बल्कि सुधार और आत्ममंथन का केंद्र भी होना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान कैदियों द्वारा साहित्य, कविता और लेखन से जुड़े अनुभव भी साझा किए गए। 'अक्षर से आत्मबोध' पहल के माध्यम से कारागार में शिक्षा और रचनात्मक गतिविधियों को बढ़ावा देने का प्रयास किया जा रहा है ताकि बंदियों में सकारात्मक सोच विकसित हो सके। इस अवसर पर जेल प्रशासन के अधिकारियों सहित अन्य गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे।

### बी एल सेंट्रल स्कूल में लायन ईको क्लब का गठन




**अनंत ज्ञान, अर्की ।** बी.एल सेंट्रल पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल कुनिहार के लायन इको क्लब के लिए सत्र 2026-27 हेतु लड़कों में कक्षा 12वीं के छात्र मृदुल गर्ग को तथा लड़कियों में कक्षा 12वीं की छात्रा इशिता को इको क्लब कैप्टन चुना गया। विद्यालय प्रशासन ने दोनों विद्यार्थियों को बधाई देते हुए पर्यावरण संरक्षण एवं जागरूकता गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाने की शुभकामनाएं दीं। विद्यालय प्रशासन ने दोनों विद्यार्थियों को बधाई देते हुए पर्यावरण संरक्षण एवं जागरूकता गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाने की शुभकामनाएं दीं।

### मांगों को लेकर बार-बार गुमराह कर रहा है बांध प्रबंधन : योगेश ठाकुर



**एसपी जैरथ, नाहन।** रेणुका बांध विस्थापित संघर्ष समिति ने एक बार फिर रेणुका जी बाँध प्रबंधन की कार्य प्रणाली पर सवाल उठाए हैं। समिति का आरोप है कि एक तरफ जहां प्रबंधन द्वारा विस्थापितों की मांगों को लगातार अनदेखा किया जा रहा है वहीं दूसरी तरफ एनजीटी के आदेशों की भी धज्जियां उड़ाई जा रही है। नाहन में मीडिया से बात करते हुए समिति के प्रेस सचिव योगेश ठाकुर ने बताया कि पिछले 17 सालों से रेणुका जी बांध विस्थापित अपनी मांगों को लगातार बांध प्रबंधन के सामने उठा रहे हैं मगर गंभीरता से मांगों को नहीं लिए जा रहा है। उन्होंने कहा कि बाँध प्रबंधन द्वारा एनजीटी के आदेशों को दरकिनार करते हुए सुरंगो का निर्माण कार्य शुरू किया गया है और रेणुका जी बांध विस्थापित संघर्ष समिति की दखल के बाद अब काम को रोका गया है।उन्होंने कहा कि एनजीटी ने जो शर्तें रेणुका बांध निर्माण कार्य शुरू करने के लिए रखी थी उन शर्तो को पूरा नहीं किया गया है और बाँध प्रबंधन को समिति ने चेतावनी दी है कि यदि एनजीटी द्वारा तय मापदंडों पर काम नहीं होता है तो दोबारा से एनजीटी में केस रिओपन किया जाएगा।उन्होंने कहा कि बाँध प्रबंधन यहाँ जबरन कई शर्तों को विस्थापितों पर थोपा जा रहा है जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा वहीं उन्होंने यह भी कहा कि बंद प्रबंधन द्वारा जो जमीन विस्थापितों के लिए देखी गई है उसे किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं किया जाएगा क्योंकि कुछ जमीनी बरसात के कारण बाढ़ की चपेट में आती है तो कुछ जमीनों पर विवाद चल रहे हैं और ऐसी जमीनों पर विस्थापित नही बसना चाहते।

# बायर क्रॉप साइंस नौणी विवि में खोलेगा बायर लर्निंग सेंटर

अनंत ज्ञान

**◆ विश्वविद्यालय और बायर के बीच में एमओयू हस्ताक्षरित**

**सोलन ।** डॉ. यशवंत सिंह परमार बागवानी एवं वानिकी विश्वविद्यालय तथा बायर क्रॉप साइंस के बीच विश्वविद्यालय परिसर में बायर लर्निंग सेंटर की स्थापना के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। बायर एक वैश्विक कंपनी है, जिसकी विशेषज्ञता स्वास्थ्य सेवा और कृषि क्षेत्रों में कार्य कर रही है तथा यह बायर लर्निंग सेंटरों की स्थापना के माध्यम से कृषि क्षेत्र में अनुभवात्मक शिक्षण को बढ़ावा दे रही है। इस सहयोग के अंतर्गत दोनों संस्थान विश्वविद्यालय में स्थापित होने वाले बायर लर्निंग सेंटर के माध्यम से उन्नत कृषि तकनीकों का संयुक्त प्रदर्शन करेंगे, जिससे उद्योग और अकादमिक जगत के बीच सहयोग को मजबूती मिलेगी। समझौता ज्ञापन पर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. एच.एस. बवेजा तथा बायर क्रॉपसाइंस इंडिया के क्लस्टर कमर्शियल लीड (भारत, बांग्लादेश एवं श्रीलंका) डॉ. मोहन बाबू राजाराम ने हस्ताक्षर किए। इस सहयोग का उद्देश्य उन्नत कृषि तकनीकों के प्रदर्शन एवं प्रसार, विद्यार्थियों के कौशल विकास एवं अनुभवात्मक शिक्षण को बढ़ावा देने, टिकाऊ कृषि पद्धतियों को प्रोत्साहित करने तथा उद्योग-अकादमिक सहयोग को सुदृढ़ करने हेतु बायर लर्निंग सेंटर की स्थापना करना है। समझौते के अनुसार विश्वविद्यालय अपने फार्मों पर बीएलसी गतिविधियों के संचालन में सहयोग प्रदान करेगा तथा छात्र प्रतिभागियों को नियमित शैक्षणिक मार्गदर्शन एवं निगरानी सहायता उपलब्ध कराएगा। बायर क्रॉपसाइंस प्रदर्शन गतिविधियों हेतु आवश्यक सभी सामग्री जैसे बीज, फसल सुरक्षा उत्पाद, उर्वरक, सूक्ष्म पोषक तत्व एवं अन्य संबंधित सामग्री उपलब्ध कराएगा। कंपनी संचालन एवं रखरखाव हेतु आवश्यक कुशल श्रमिकों का व्यय भी वहन करेगी। इसके अतिरिक्त, विश्वविद्यालय के परामर्श से बीएलसी के प्रबंधन एवं निगरानी में सक्रिय रूप से शामिल विद्यार्थियों को प्रोत्साहन एवं छात्रवृत्ति भी प्रदान की जाएगी इसके



वानिकी विश्वविद्यालय तथा बायर क्रॉप साइंस में हुआ समझौता — अनंत ज्ञान

अतिरिक्त कंपनी प्रभावी तकनीकी प्रदर्शन हेतु तकनीकी जानकारी, साहित्य एवं विशेषज्ञों के भ्रमण की व्यवस्था करेगी तथा विश्वविद्यालय के सहयोग से बीएलसी स्थल पर एक्सपोजर विजिट, फील्ड डे एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम भी आयोजित करेगी। यह साझेदारी विद्यार्थियों को अनुभवी पेशेवरों के मार्गदर्शन में इंटर्नशिप एवं व्यावसायिक अनुभव प्राप्त करने के अवसर भी प्रदान करेगी। इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. राजाराम ने कहा कि बायर लर्निंग सेंटर की स्थापना के माध्यम से बायर ऐसे कुशल विद्यार्थियों एवं पेशेवरों को तैयार करना चाहता है, जो कृषि क्षेत्र में सार्थक योगदान दे सकें। उन्होंने कहा कि इस साझेदारी से अधिक से अधिक किसानों तक भी नवीनतम ज्ञान पहुंचाने में मदद मिलेगी। इस सहयोग को विश्वविद्यालय के लिए एक ऐतिहासिक क्षण बताते हुए कुलपति डॉ. एच.एस. बवेजा ने कहा कि यह साझेदारी विश्व की अग्रणी फसल विज्ञान कंपनियों में से एक के साथ संरचित एवं वित्तपोषित अनुसंधान सहयोग की शुरुआत है। उन्होंने कहा कि बायर की वैज्ञानिक विशेषज्ञता एवं उत्पाद पोर्टफोलियो, विश्वविद्यालय की बागवानी एवं वानिकी क्षेत्र की विशेषज्ञता के साथ मिलकर क्षेत्र के किसानों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होंगे। उन्होंने कहा कि यह पहल विद्यार्थियों के व्यावहारिक कौशल को मजबूत करेगी।

# चेवा पंचायत में त्रिकोणीय प्रतिष्ठा की जंग विकास और मूलभूत सुविधाएं बने बड़े मुद्दे

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन ।** सोलन विकास खंड की चेवा पंचायत में इस बार पंचायत चुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। पंचायत में पूर्व उप प्रधान मुकेश कुमार रॉकी, पूर्व बीडीसी सदस्य सुरेन्द्र कुमार सयाल और कांग्रेस नेता व पूर्व प्रधान रमेश चौहान की प्रतिष्ठा दांव पर लगी हुई है। तीनों नेताओं की साख को लेकर पंचायत क्षेत्र में चर्चाओं का दौर जारी है। पंचायत के विभिन्न गांवों में इस बार विकास और मूलभूत सुविधाएं चुनावी मुद्दों के केंद्र में हैं। ग्रामीणों का कहना है कि कई क्षेत्रों में आज भी सड़क और पेयजल जैसी समस्याएं बनी हुई हैं। विशेष रूप से पड़गयानी, हिम्मतपुर- धावली, चेवा रोड और मारुती सर्विस स्टेशन सड़क की हालत लोगों के लिए परेशानी का कारण बनी हुई है। ग्रामीणों ने इन सड़कों के सुधार की मांग उठाई है। पेयजल समस्या भी पंचायत में बड़ा मुद्दा बनी हुई है। गर्मियों के दौरान कई क्षेत्रों में पानी की किल्लत बढ़ जाती है, जिससे लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। वहीं दूध उत्पादकों ने भी अपनी समस्याएं सामने रखी हैं। उनका कहना है कि परिवहन और सुविधाओं के अभाव में उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है। कुमारहट्टी क्षेत्र में पार्किंग की कमी लोगों के लिए बड़ी समस्या बनी हुई है। स्थानीय व्यापारियों और लोगों का कहना है कि बाजार में वाहनों की बढ़ती संख्या के कारण जाम की स्थिति बनी रहती है। इसके अलावा कूड़े के उचित निस्तारण और सार्वजनिक शौचालय की कमी को लेकर भी लोगों में नाराजगी देखी जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि इस बार पंचायत में वही नेतृत्व मजबूत माना जाएगा जो केवल वादों तक सीमित न रहकर विकास कार्यों को धरातल पर उतारने की क्षमता रखता हो। पंचायत चुनाव को लेकर अब क्षेत्र में राजनीतिक माहौल पूरी तरह गर्म हो चुका है।

# पंचायत चुनाव ड्यूटी को लेकर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का विरोध

अनंत ज्ञान

**राजगढ़ ।** राजगढ़ में पंचायत चुनाव के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की ड्यूटी पोलिंग पार्टियों के लिए भोजन बनाने में लगाए जाने के आदेशों का विरोध शुरू हो गया है। इस संबंध में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने उपमंडल अधिकारी (एसडीएम) राजकुमार ठाकुर को ज्ञापन सौंपकर अपनी आपत्ति दर्ज करवाई। कार्यकर्ताओं का कहना है कि उन्हें चुनाव ड्यूटी के तहत पोलिंग पार्टियों के लिए खाना बनाने के निर्देश दिए गए हैं, जो उनके लिए व्यवहारिक रूप से कठिन हैं। उन्होंने बताया कि कई पोलिंग



ज्ञापन सौंपतीं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता। — अनंत ज्ञान

स्टेशन उनके घरों से काफी दूर स्थित हैं, ऐसे में देर रात घर लौटना सुरक्षा की दृष्टि से भी चुनौतीपूर्ण है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने यह भी सवाल उठाया कि यदि वे भोजन व्यवस्था में व्यस्त रहेंगी तो अपने मताधिकार का प्रयोग कैसे कर पाएंगी। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि इस निर्णय पर पुनर्विचार किया जाए और उनकी ड्यूटी में बदलाव किया जाए। एसडीएम को सौंपे गए ज्ञापन में कार्यकर्ताओं ने स्पष्ट किया कि वे चुनाव प्रक्रिया में सहयोग के पक्ष में हैं, लेकिन वर्तमान आदेशों में व्यावहारिक समस्याओं को नजरअंदाज किया गया है।

# पंचायती राज चुनाव में सिरमौर में 371404 मतदाता करेंगे मतदान

**नाहन।** पंचायती राज चुनाव को लेकर होने जा रहे मतदान के मद्देनजर सिरमौर जिला में प्रशासन की तैयारी अंतिम चरण में है। मतदान प्रक्रिया को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से संपन्न करवाने के लिए प्रशासन सभी तैयारियां को मुकम्मल करने में जुटा है। मीडिया से बात करते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी व उपायुक्त सिरमौर प्रियंका वर्मा ने बताया कि पूरे जिला में कुल 1641 पोलिंग बूथ बनाए गए हैं, जहां मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे उन्होंने कहा कि जिला में 54 मतदान केंद्रों को अति संवेदनशील और 268 मतदान केंद्रों को संवेदनशील घोषित किया गया है। इन केंद्रों पर अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात किए जाएंगे। उपायुक्त ने बताया कि जिला में कुल 3 लाख 71 हजार 404 मतदाता अपने मत का प्रयोग करेंगे। इनमें 1 लाख 94 हजार 309 पुरुष मतदाता और 1 लाख 77 हजार 93 महिला मतदाता शामिल हैं। उन्होंने कहा कि मतदान प्रक्रिया को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए करीब 10 हजार कर्मचारी अपनी सेवाएं देंगे। जिला में भी तीन चरणों में मतदान आयोजित किया जाएगा। पहले चरण में 94 ,दूसरे चरण में 90 और अंतिम चरण में 89 पंचायतों में चुनाव संपन्न होंगे।

# लांस नायक मुकेश कुमार का पूरे सैन्य सम्मान के साथ हुआ अंतिम संस्कार

अनंत ज्ञान

**अनुराग गुप्ता, पांवटा साहिब।** जिला सिरमौर के पांवटा साहिब क्षेत्र के टोका नंगला गांव के वीर सपूत लांसनायक मुकेश कुमार का पूरे सैन्य सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। 30 वर्षीय जवान की अंतिम विदाई के दौरान गांव में शोक की लहर छा गई और हर आंख नम नजर आई। सेना की 15 आर्टिलरी रेजिमेंट (फील्ड) के जवानों ने अपने बहादुर साथी को अंतिम सलामी देकर श्रद्धांजलि अर्पित की। मुकेश कुमार का जन्म 25 जून 1996 को टोका नंगला गांव में पिता उजागर सिंह और माता राजबाला के घर हुआ था। वर्ष 2015 में वह भारतीय सेना में भर्ती हुए और वर्तमान में देहरादून में तैनात थे। बताया जा रहा है कि वह कुछ दिन पहले ही छुट्टी लेकर अपने घर आए थे। 21 मई की सुबह खेतों में परिवार के साथ ट्रैक्टर-ट्रॉली में गोबर खाद डालते समय यह दर्दनाक हादसा हुआ। मुकेश कुमार ट्रॉली के पीछे खड़े थे, तभी खेत के ऊपर से गुजर रही हाई टेंशन बिजली लाइन की चपेट में आ गए और नीचे गिर पड़े। गंभीर हालत में उन्हें सिविल अस्पताल पांवटा साहिब पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इसके बाद पोस्टमार्टम के लिए पार्थिव शरीर को नाहन मेडिकल कॉलेज भेजा गया। शहीद जवान की पार्थिव देह जब उनके पैतृक गांव पहुंची तो पूरे गांव में मातम छा गया। माता-पिता, भाई-बहन और परिजनों की चीख-पुकार से माहौल गमगीन हो उठा। सैन्य अधिकारियों, जवानों और भूतपूर्व सैनिक संगठन पांवटा साहिब-शिलाई क्षेत्र के सदस्यों ने परिवार को ढांढस बंधाया। प्रात: पूरे सैन्य सम्मान के साथ अंतिम यात्रा निकाली गई, जिसमें क्षेत्र के सैकड़ों लोग शामिल हुए। 'शहीद मुकेश अमर रहे' के नारों के बीच छोटे भाई और सेना में सेवारत जवान मंजीत ने नम आंखों से अपने बड़े भाई को मुखाग्नि दी। सेना की टुकड़ी ने अंतिम सलामी देकर वीर जवान को श्रद्धांजलि अर्पित की। भूतपूर्व सैनिक संगठन



पंचतत्व में विलीन मुकेश कुमार

पांवटा साहिब-शिलाई क्षेत्र ने इस हादसे पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहा कि भारतीय सेना के एक युवा, कर्तव्यनिष्ठ और बहादुर जवान का इस तरह असमय चले जाना पूरे क्षेत्र और देश के लिए अपूरणीय क्षति है। अंतिम संस्कार में सेना की ओर से कमांडिंग ऑफिसर कर्नल एच. नायर, अन्य सैन्य अधिकारी व जवान, एसडीएम द्विज गोयल, तहसीलदार पांवटा साहिब, भूतपूर्व सैनिक संगठन के पदाधिकारी तथा क्षेत्र के सैकड़ों गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# शमरोड से प्रधान पद के प्रत्याशी जगमोहन चौहान ने रखी विकास की रूपरेखा

अनंत ज्ञान



**सोलन।** सोलन खंड विकास की शमरोड पंचायत से प्रधान पद के प्रत्याशी जगमोहन चौहान ने पंचायत के विकास को लेकर अपनी प्राथमिकताएं और नई सोच जनता के सामने रखी हैं। उन्होंने कहा कि यदि उन्हें पंचायत की जिम्मेदारी मिलती है तो वे गांव के समग्र विकास के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य करेंगे। जगमोहन चौहान ने कहा कि उनकी पहली प्राथमिकता पंचायत के सभी पात्र लोगों की पेंशन लगवाना होगी ताकि जरूरतमंद लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सके। इसके अलावा किसानों की भूमि का सुधार करवाने, बेहतर पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा बिजली से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए भी विशेष प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने पंचायत में गौशाला निर्माण, पार्क निर्माण और बच्चों के लिए बेहतर खेल मैदान उपलब्ध करवाने का भी वादा किया। साथ ही पंचायत को नशा मुक्त बनाने के लिए जागरूकता अभियान चलाने की बात कही। शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत करना भी उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है। जगमोहन चौहान ने अपनी 'नई सोच और नया दृष्टिकोण' साझा करते हुए पंचायत में सौर ऊर्जा परियोजना लाने का संकल्प जताया। उनका कहना है कि भविष्य में इससे हर घर को सस्ती अथवा मुफ्त बिजली उपलब्ध करवाने की दिशा में काम किया जा सकेगा। उन्होंने डुंगी-सेर खालटू क्षेत्र में बहने वाली क्वाल नदी पर सुंदर झील विकसित करने की योजना भी रखी, जिससे पर्यटन बढ़ेगा और स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे। वहीं सभी गांवों को एम्बुलेंस मार्ग से जोड़ने की बात कहते हुए उन्होंने कहा कि इससे आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं के साथ किसानों को नकदी फसलें मंडियों तक पहुंचाने में सुविधा मिलेगी। उन्होंने यह भी कहा कि पंचायत में अनुसूचित जाति एवं जनजाति बहुल क्षेत्रों के लिए केंद्र सरकार की 5 करोड़ रुपये की योजना लाने का प्रयास किया जाएगा।

# फ्रांसबीन के उचित दाम नहीं मिलने से किसानों के चेहरे पर छाई मायूसी

अनंत ज्ञान

**बीआर चौहान,राजगढ़ ।** फ्रांसबीन के दाम में गिरावट आने से किसानों के चेहरे पर मायूसी छा गई है। बता दें कि राजगढ़ क्षेत्र से फ्रांसबीन की खेप प्रतिदिन स्थानीय मंडी और प्रदेश की सबसे बड़ी सब्जी मंडी सोलन पहुंच रही है। शुरूआती दौर में फ्रांसबीन के अधिकतम दाम 120 रूपये प्रति किलोग्राम रहे। प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से फ्रांसबीन की आवक बढ़ जाने से सोलन में 60 रूपये, राजगढ़ में 50 रूपये व ढली सब्जी मंडी में फ्रांसबीन 40 से 60 रूपये प्रति किलोग्राम बिकी । हालांकि पिछले हफ्ते फ्रांसबीन का रेट अधिकतम 90 रूपये रहा। गौर रहे कि अप्रैल व मई माह के दौरान अच्छी बारिश होने से इस बार फ्रांसबीन की बंपर फसल हुई है । प्रगतिशील किसान प्रीतम ठाकुर, कुश्ल तोमर, रविकांत आर्य सहित अनेक किसानों ने बताया कि यदि 50 रूपये तक फ्रांसबीन का रेट स्थिर रहा तो किसानों को काफी लाभ होगा अन्यथा कई बार फ्रांसबीन का रेट काफी कम होने से किसानों को बीज व मजदूरी की कीमत भी हासिल नहीं होती। उन्होंने बताया कि फ्रासबीन की दो किस्में होती है जिसमें पहली प्रकार की किस्म झंब्बे वाली होती है जो कम दाम पर बिकती है जबकि दूसरा बूटिया अर्थात फाल्गुनी किस्म की फ्रांसबीन जो बिना झंब्बे से उगाई जाती है के दाम मार्केट में अच्छे मिलते हैं। प्रीतम ठाकुर के अनुसार फ्रांसबीन फसल सबसे कम अर्थात 60 दिन में तैयार हो जाती है जिसमें किसानों को ज्यादा मेहनत भी नहीं करनी पड़ती है। गौर रहे कि राजगढ़ क्षेत्र में सोलन की तर्ज पर फ्रांसबीन, टमाटर, लसुहन, शिमला मिर्च इत्यादि नकदी फसलों की भारी मात्रा में पैदावार की जाती है जिससे किसानों की आर्थिकी में क्रांतिकारी परिवर्तन देखने को मिल रहा है।



फ्रांसबीन तोड़ती महिलाएं

ट्रांस्पोटर प्रदीप ब्रागटा के अनुसार प्रदेश के अन्य क्षेत्रों से फ्रांसबीन की भारी आमद आने से रेट में कुछ गिरावट आई है। सोलन व ढली में भी सबसे बढ़िया बीन अधिकतम 60 रूपये प्रति किलोग्राम बिक रही है। इनका कहना है कि फ्रांसबीन का रेट उसकी क्वालिटी पर निर्भर कर रहा है। इसके बावजूद भी किसानों को फ्रांसबीन के औसतन अच्छे दाम मिल रहे हैं।

## स्वास्थ्य जांच शिविर में 103 लोगों ने स्वास्थ्य परीक्षण करवाया

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट ।** स्यार में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दाड़लाघाट की ओर से आयोजित स्वास्थ्य जांच शिविर में क्षेत्र के 103 लोगों ने स्वास्थ्य परीक्षण करवाकर लाभ उठाया। शिविर में लोगों के नि:शुल्क छाती के एक्स-रे किए गए तथा गैर संचारी रोग जांच (एनसीडी स्क्रीनिंग) के अंतर्गत रक्तचाप, शुगर, हीमोग्लोबिन, वजन और लंबाई की जांच की गई। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने तथा नियमित स्वास्थ्य जांच करवाने के लिए प्रेरित किया। क्षेत्रवासियों ने इस पहल की सराहना करते हुए स्वास्थ्य विभाग का आभार व्यक्त किया। इस स्वास्थ्य शिविर में डॉ. मुकुल, हेमंत, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी अनुराधा, महिला स्वास्थ्य पर्यवेक्षक मीना शर्मा, महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता किरण गौतम, आशा कार्यकर्ता अनीता गौतम, धनवंती, मीना, प्रेमा, निर्मला और कविता गौतम ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं।

# जौणाजी पंचायत में प्रधान पद को लेकर त्रिकोणीय मुकाबला, प्रचार ने पकड़ा जोर

अनंत ज्ञान

**सोलन।** विकास खंड सोलन की जौणाजी पंचायत में प्रधान पद को लेकर इस बार मुकाबला काफी दिलचस्प होता जा रहा है। पंचायत चुनाव में पूर्व उप प्रधान, पूर्व बीडीसी सदस्य एवं पूर्व बीडीसी उपाध्यक्ष लक्ष्मी ठाकुर ने चुनावी मैदान में उतरकर प्रचार अभियान तेज कर दिया है। उनका मुकाबला रीता शर्मा और सचिन शर्मा से माना जा रहा है, जिससे पंचायत में त्रिकोणीय मुकाबले की स्थिति बन गई है। चुनावी माहौल के बीच तीनों प्रत्याशी अपने-अपने स्तर पर ग्रामीणों से संपर्क साध रहे हैं और पंचायत के विकास को लेकर वादे कर रहे हैं। वहीं लक्ष्मी ठाकुर ने पंचायत के विकास को अपनी प्राथमिकता बताते हुए कई महत्वपूर्ण मुद्दों को जनता के सामने रखा है। लक्ष्मी ठाकुर का कहना है कि पंचायत क्षेत्र में सड़क और रास्तों की स्थिति सुधारना उनकी प्रमुख प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने कहा कि कई गांवों में लोगों को आज भी आवाजाही में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, जिन्हें चरणबद्ध तरीके से दूर किया जाएगा। इसके अलावा युवाओं को खेल सुविधाएं उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से पंचायत में इंडोर स्पोर्ट्स हॉल निर्माण की बात भी उन्होंने उठाई है। उनका कहना है कि ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं में प्रतिभा की कमी नहीं है, लेकिन उचित सुविधाओं के अभाव में उन्हें आगे बढ़ने का अवसर नहीं मिल पाता। कृषि और बागबानी क्षेत्र को मजबूत करने के लिए लक्ष्मी ठाकुर ने किसान क्लस्टर क्लब बनाने की योजना भी साझा की। उन्होंने कहा कि इसके माध्यम से किसानों को नकदी फसलों के उचित दाम दिलाने में मदद मिलेगी और उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। जौणाजी पंचायत में अब चुनावी सरगर्मियां लगातार बढ़ रही हैं और आने वाले दिनों में प्रचार अभियान और तेज होने की संभावना है। पंचायत में मुकाबला रोचक बनता जा रहा है, जिस पर सभी की नजरें टिकी हुई हैं।

# लठियाणी-अंबोटा वार्ड में त्रिकोणीय मुकाबले से बदले चुनावी समीकरण

## बागियों और निर्दलीयों ने बढ़ाई भाजपा-कांग्रेस की चिंता, चलेट में भी मुकाबला रोचक

अनंत ज्ञान

राजेश शर्मा, ऊना। पंचायती राज चुनावों में इस बार जिला परिषद वार्डों के मुकाबले बेहद दिलचस्प होते जा रहे हैं। खासकर बंगाणा के लठियाणी जिला परिषद वार्ड और गगरेट के अंबोटा वार्ड में त्रिकोणीय संघर्ष ने राजनीतिक दलों के चुनावी समीकरण पूरी तरह बदल दिए हैं। भाजपा और कांग्रेस के पारंपरिक मुकाबले के बीच बागी और निर्दलीय उम्मीदवारों की सक्रियता ने दोनों दलों की चिंता बढ़ा दी है। लठियाणी जिला परिषद वार्ड में भाजपा और कांग्रेस के अलावा भाजपा से बागी उम्मीदवार ने भी पूरी ताकत झोंक दी है। कांग्रेस समर्थित उम्मीदवार सत्या देवी को विधायक विवेक शर्मा का समर्थन प्राप्त है। भाजपा ने यहां से अनीता देवी को चुनाव मैदान में उतारा है, जबकि पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर के करीबी माने जाने वाले राजेंद्र रिंकू की पत्नी सीमा देवी भी दमखम के साथ चुनाव लड़ रही हैं।

राजनीतिक जानकारों के अनुसार सीमा देवी का प्रभाव बंगाणा, हटली और आसपास के क्षेत्रों में माना जाता है। वहीं भाजपा प्रत्याशी अनीता देवी सोलह सिंगी धार क्षेत्र में मजबूत पकड़ रखती हैं। दूसरी ओर कांग्रेस समर्थित उम्मीदवार सत्या देवी सबसे बड़ी पंचायत लठियाणी से संबंध रखती हैं, जिससे मुकाबला और भी रोचक बन गया है। तीनों उम्मीदवार अपने-अपने क्षेत्रों में लगातार जनसंपर्क अभियान चलाकर मतदाताओं को साधने में जुटे हुए हैं।

उधर, गगरेट के अंबोटा जिला परिषद वार्ड में भी चुनावी मुकाबला पूरी तरह त्रिकोणीय बन चुका है। यहां पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष पवन और कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष सुरिंद्र के बीच सीधी टक्कर मानी जा रही थी, लेकिन कांग्रेस नेता अश्वनी और अन्य उम्मीदवारों की सक्रियता ने मुकाबले को दिलचस्प बना दिया है। गांव-गांव में चुनाव प्रचार तेज हो चुका है और सभी प्रत्याशी मतदाताओं तक पहुंच बनाने के लिए लगातार डोर-टू-डोर अभियान चला रहे हैं।

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि तीसरे उम्मीदवार की मौजूदगी से वोटों का बंटवारा तय माना जा रहा है, जिसका सीधा असर मुख्य मुकाबले पर पड़ सकता है। खासकर चलेट वार्ड में तेजी से बदलते समीकरण चर्चा का विषय बने हुए हैं। यहां स्थानीय मुद्दों, व्यक्तिगत संपर्कों और जातीय समीकरणों का प्रभाव चुनाव परिणामों में अहम माना जा रहा है। भंजाल वार्ड में भाजपा और कांग्रेस समर्थित उम्मीदवारों के बीच सीधा मुकाबला देखने को मिल रहा है। दोनों दलों के कार्यकर्ता घर-घर जाकर प्रचार में जुटे हैं।

वहीं, चलेट वार्ड में तीसरे उम्मीदवार रजनी दीवान की मौजूदगी भाजपा प्रत्याशी आरती शर्मा और कांग्रेस दोनों के लिए चुनौती बनती दिखाई दे रही है। राजनीतिक पर्यवेक्षकों का मानना है कि इस बार जिला परिषद चुनावों में स्थानीय विकास, पंचायतों में प्रतिनिधित्व, जातीय संतुलन और व्यक्तिगत राजनीतिक प्रभाव निर्णायक भूमिका निभा सकते हैं। यही कारण है कि अंबोटा और लठियाणी वार्ड जिले के सबसे चर्चित और हाई-प्रोफाइल मुकाबलों में शामिल हो गए हैं।

## शारीरिक शिक्षकों की काउंसलिंग 3 और 4 जून को

अनंत ज्ञान ऊना। उप निदेशक प्रारंभिक शिक्षा ऊना, सोमलाल धीमान ने बताया कि जिला रोजगार कार्यालय ऊना तथा उपरोजगार कार्यालय बंगाणा, अंब एवं हरोली द्वारा बैच आधार पर शारीरिक शिक्षक के रिक्त पदों को भरने के लिए जिन अभ्यर्थियों के नाम प्रायोजित किए गए हैं, उनकी बैचवाइज काउंसलिंग प्रक्रिया 3 एवं 4 जून को प्रातः 10:30 बजे उप निदेशक, स्कूल शिक्षा (प्रारंभिक) ऊना कार्यालय में आयोजित की जाएगी। ऊना जिला में शारीरिक शिक्षकों के कुल 39 पदों के लिए काउंसलिंग होगी, जिनमें अनारक्षित श्रेणी में 7 पद, ईडब्ल्यूएस श्रेणी के 2 पद, ओबीसी सामान्य श्रेणी में 7 पद, ओबीसी की बीपीएल श्रेणी में 5 पद, ओबीसी की स्वतंत्रता सेनानियों की श्रेणी में 1 पद, एससी की सामान्य श्रेणी में 6 पद, एससी की बीपीएल श्रेणी में 3 पद, एससी की स्वतंत्रता सेनानियों की श्रेणी में 2 पद, एसटी की सामान्य श्रेणी में 4 पद और एसटी की बीपीएल श्रेणी में 2 पद शामिल हैं। पात्र अभ्यर्थी अपने गृह जिले में निर्धारित तिथि के अनुसार किसी भी एक दिन उपस्थित होकर काउंसलिंग प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं।

# भागवत कथा सुनने से नष्ट होते हैं मनुष्य के पाप : प्रदीप शास्त्री

## बाथू में श्रीमद्भागवत कथा के प्रथम दिवस सुनाई गोकर्ण कथा

अनंत ज्ञान

टाहलीवाल (ऊना)। ग्राम पंचायत बाथू स्थित पातका मंदिर में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के प्रथम दिवस श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। कथा व्यास आचार्य प्रदीप शास्त्री ने श्रीमद्भागवत महापुराण की महिमा का वर्णन करते हुए गोकर्ण कथा का सुंदर व्याख्यान किया। उन्होंने बताया कि गोकर्ण जी ने अपने भाई धुंधकारी को प्रेत योनि से मुक्ति दिलाने के लिए श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया था। सात दिनों तक कथा श्रवण करने से धुंधकारी को मोक्ष की प्राप्ति हुई। आचार्य जी ने कहा कि भागवत कथा सुनने से मनुष्य के पाप नष्ट होते हैं और जीवन में सुख-शांति का संचार होता है।

कथा के दौरान श्रद्धालु भक्ति रस में डूबे नजर आए और भगवान श्रीकृष्ण के जयकारों से पूरा मंदिर परिसर गूंज उठा। आचार्य जी ने कहा कि कलियुग में भगवान के नाम का स्मरण और सत्संग ही मानव जीवन का सबसे बड़ा सहारा है।

कथा का आयोजन प्रतिदिन शाम 5:30 बजे से रात 8:30 बजे तक किया जा रहा है, जबकि रात्रि 9:00 बजे से मंडरा भी आयोजित हो रहा है। मंदिर परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया है तथा प्रतिदिन पूजा-अर्चना, कथा और भजन-कीर्तन का आयोजन किया जा रहा है। कथा के अंत में आरती और प्रसाद वितरण किया गया। मंदिर कमेटी ने सभी श्रद्धालुओं से परिवार सहित कथा में पहुंचकर धर्म लाभ लेने की अपील की है।


बाथू स्थित पातका मंदिर में कथा का श्रवण करते श्रद्धालु।

# बीटन में आयुष्मान आरोग्य शिविर में की ग्रामीणों के स्वास्थ्य की निशुल्क जांच

अनंत ज्ञान

टाहलीवाल। स्वस्थ खंड हरोली एवं सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा टीम हरोली के संयुक्त तत्वावधान में गांव बीटन में आयुष्मान आरोग्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्रामीणों को निशुल्क स्वास्थ्य जांच, चिकित्सकीय परामर्श, दवाइयों के वितरण तथा विभिन्न लैब परीक्षणों की सुविधा उपलब्ध करवाई गई।

शिविर के दौरान कुल 85 लोगों की ओपीडी की गई, जबकि 56 लैब परीक्षण किए गए। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने ग्रामीणों को मौसमी बीमारियों से बचाव, स्वच्छता बनाए रखने तथा नियमित स्वास्थ्य जांच के महत्व के बारे में भी जागरूक किया। आयोजकों ने बताया कि इस प्रकार के शिविरों का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को घर-द्वार पर बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाना है, ताकि समय रहते बीमारियों की पहचान और उपचार संभव हो सके। शिविर के सफल आयोजन में सीएचओ प्रीति, आशा वर्करों एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा टीम हरोली के सदस्य डॉ. प्रदीप कुमार, रुचि, मनीष तथा निहाल सिंह भी मौजूद रहे।


स्वास्थ्य जांच शिविर में रोगियों की जांच करते चिकित्सक।

# शिवपुरी की बेटी अवनी ठाकुर का नेवी में चयन

अनंत ज्ञान, मुबारिकपुर। चिंतपूर्णी के नजदीक स्थित शिवपुरी गांव की बेटी अवनी ठाकुर ने अपने परिवार ही नहीं बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। अवनी ठाकुर का चयन भारतीय नौसेना की एक्जीक्यूटिव ब्रांच में सब लेफ्टिनेंट के पद पर हुआ है। वह 13 जुलाई से भारतीय नौसेना अकादमी में अपनी ट्रेनिंग ज्वाइन करेंगी। अवनी के पिता अजय कुमार भारतीय नौसेना में कार्यरत हैं, जबकि माता रितु ठाकुर गृहिणी हैं। बचपन से ही अपने पिता को नौसेना की वर्दी में देशसेवा करते देखकर अवनी ने भी नौसेना में जाने का सपना देखा था, जिसे उन्होंने अपनी मेहनत और लगन से साकार कर दिखाया। अवनी ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा नेवी चिल्ड्रेन स्कूल, विशाखापत्तनम, मुंबई और दिल्ली से प्राप्त की। इसके बाद उन्होंने भुवनेश्वर स्थित यूनिवर्सिटी से बीटेक (इलेक्ट्रिक एंड इलेक्ट्रॉनिक्स) की डिग्री हासिल की। अवनी के दादा स्वर्गीय बलदेव सिंह रिटायर्ड प्रिंसिपल थे। अवनी ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने दादा, दादी तथा माता-पिता को दिया है। परिवार की देशसेवा की परंपरा भी प्रेरणादायक रही है। अवनी के चाचा सेना से रिटायर हैं, जबकि उनके चचेरे भाई मनन ठाकुर भारतीय मिलिट्री अकादमी में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं।



# डढबाडा स्कूल में चेक किए बच्चों के दांत

## हिमडेंट फाउंडेशन के 'स्माइलिंग स्कूल प्रोग्राम' के तहत लगा हेल्थ कैंप

अनंत ज्ञान

जोल। शिक्षा खंड जोल के अंतर्गत राजकीय प्राथमिक पाठशाला डढबाडा में समग्र शिक्षा हिमाचल प्रदेश के साथ हुए समझौता ज्ञापन के अंतर्गत में हिमडेंट फाउंडेशन के 'स्माइलिंग स्कूल प्रोग्राम' के तहत वीरवार को अनुवर्ती दंत स्वास्थ्य शिविर (फॉलो अप कैंप) का आयोजन किया गया। शिविर में हिमडेंट फाउंडेशन के संस्थापक डॉ. आदित्य वोहरा ने विद्यार्थियों को दंत स्वच्छता, दांतों की सही देखभाल तथा नियमित दंत रोगों से बचाव के प्रति पुनः जागरूक किया। उन्होंने बच्चों को सही तरीके से ब्रश करने के महत्व एवं नियमित दंत जांच की उपयोगिता के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

इसके उपरांत सभी बच्चों के दांतों का दंत परीक्षण किया गया। पिछले वर्ष जिन बच्चों का उपचार किया गया था, उनके दांतों में किसी प्रकार की सड़न नहीं पाई गई, जो कार्यक्रम की सफलता को दर्शाता है। वहीं कुछ नए बच्चों में दांतों की सड़न पाई गई, जिनका मौके पर उपचार करते हुए फिलिंग की गई। शिविर के दौरान 7 बच्चों के 8 स्थायी (पक्के) दांतों में फिलिंग की गई। इस अवसर पर विद्यालय के सभी अध्यापकगण उपस्थित रहे तथा उन्होंने कार्यक्रम की सराहना करते हुए बच्चों के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने में ऐसे शिविरों को उपयोगी बताया।




# 11वीं बार राष्ट्रीय सम्मान से सम्मानित होंगी गांधी फेलो आरती शर्मा

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर। हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर जिले की निवासी युवा समाजसेवी एवं गांधी फेलो आरती शर्मा को 28 जुलाई 2026 को 'हिंदुस्तान यूथ आइकॉन अवार्ड एवं राष्ट्रीय युवा विनिमय कार्यक्रम 2026' में 'सोशल एक्टिविस्ट' श्रेणी में सम्मानित किया जाएगा। यह उनका 11वां राष्ट्रीय सम्मान होगा। आरती शर्मा वर्तमान में बिहार के बेगूसराय जिले में 'पीरामल फाउंडेशन' के साथ शिशु एवं मातृ स्वास्थ्य के क्षेत्र में जमीनी स्तर पर कार्य कर रही हैं। इसके साथ ही वे 'युवा एनजीओ' की राज्य प्रवक्ता के रूप में भी सक्रिय भूमिका निभा रही हैं।



राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कई मंचों पर देश का प्रतिनिधित्व कर चुकी आरती शर्मा को हाल ही में 'मिथिला ग्लोबल अवार्ड' से भी सम्मानित किया गया था। हिमाचल से बिहार तक उनका सामाजिक सेवा का सफर युवाओं के लिए प्रेरणा बन रहा है।

# पीएम किसान निधि की 22वीं किस्त से किसान वंचित, संघ ने उठाई आवाज

अनंत ज्ञान

घुमारवीं। अखिल भारतीय हिमाचल सामाजिक संस्था संघ (पंजी.) दिल्ली के राष्ट्रीय अध्यक्ष केएम लाल ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 22वीं किस्त से वंचित किसानों की समस्याओं को लेकर चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि मार्च 2026 में जारी हुई 22वीं किस्त की राशि तकनीकी कारणों से कई किसानों के खातों में नहीं पहुंच पाई है। ऐसे किसानों से उन्होंने अपील की है कि वे अपने बैंक खाता और आधार कार्ड के साथ केवाईसी करवाएं तथा भूमि सत्यापन की प्रक्रिया भी पूरी करें, ताकि आगामी माह जारी होने वाली 23वीं किस्त का लाभ समय पर मिल सके।

उन्होंने बताया कि किसान मित्र केंद्रों में पोर्टल संबंधी तकनीकी दिक्कतें भी सामने आ रही हैं, जिससे किसानों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। संस्था ने संबंधित विभागीय अधिकारियों से इन समस्याओं का शीघ्र समाधान करने की मांग की है, ताकि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ देश के प्रत्येक पात्र किसान तक सुचारू रूप से पहुंच सके। संस्था ने हिमाचल प्रदेश के सामाजिक कार्यकर्ताओं, स्थानीय निकाय प्रतिनिधियों तथा समाज सेवकों से भी अपील की है कि वे गांव-गांव जाकर किसानों को इस योजना के प्रति जागरूक करें और पात्र लाभार्थियों को योजना का लाभ दिलाने में सहयोग करें। इसके अलावा संस्था ने प्रदेश में युवाओं में बढ़ रही नशाखोरी और बेरोजगारी पर चिंता व्यक्त करते हुए इनके समाधान के लिए व्यापक जनजागरण अभियान चलाने की मांग उठाई।

वहीं, मुख्यमंत्री कल्याणकारी योजनाओं के तहत वृद्धावस्था पेंशन और विधवा पेंशन के पात्र लोगों तक लाभ पहुंचाने के लिए भी जागरूकता अभियान चलाने पर जोर दिया गया। प्रेस बयान में भारतीय रेलवे से भी मांग की गई कि कोविड काल से पूर्व वरिष्ठ नागरिकों को मिलने वाली रेल किराया रियायत सुविधा को जनहित में दोबारा बहाल किया जाए। संस्था ने कहा कि महिलाओं को 50 प्रतिशत तथा पुरुष वरिष्ठ नागरिकों को 40 प्रतिशत किराया छूट फिर से शुरू की जानी चाहिए।

संस्था ने प्रदेश में होने वाले पंचायती राज संस्थाओं और स्थानीय निकाय चुनावों के दौरान जनहित के इन मुद्दों को प्रमुखता से उठाने की अपील करते हुए कहा कि समाज सेवकों और चुनाव मैदान में उतरे प्रतिनिधियों को जनता से जुड़े मुद्दों पर गंभीरता से ध्यान देना चाहिए।

## ठाकुरद्वारा मंदिर में नरसिंह अवतार कथा से भक्त हुए भावविभोर

अनंत ज्ञान घुमारवीं। गेहडवी के ठाकुरद्वारा मंदिर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन हिम गौरव पंडित सोनू शर्मा ने श्रद्धालुओं को भगवान नरसिंह के अवतार की कथा सुनाई। कथा के दौरान उन्होंने बताया कि भगवान विष्णु ने भक्त प्रह्लाद की रक्षा के लिए नरसिंह अवतार धारण कर हिरण्यकश्यप का अंत किया।

इस अवसर पर पंडित सोनू शर्मा ने भगवान श्रीकृष्ण जन्म का भावपूर्ण प्रसंग भी सुनाया, जिसे सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। उन्होंने भगवान राम, भरत, लक्ष्मण और शत्रुघ्न के अवतार का भी विस्तार से वर्णन किया तथा धर्म और भक्ति का संदेश दिया।

कथा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर भजन-कीर्तन और प्रवचनों का आनंद लिया। मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से गूंज उठा।

# झंडूता के विधायक कटवाल बोले-विकास ही भाजपा की पहचान


ग्रामीणों के साथ विधायक जीतराम कटवाल।

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, बिलासपुर। झंडूता के विधायक ने कहा कि भाजपा झूठे वादों की नहीं, बल्कि धरातल पर विकास कार्य करने में विश्वास रखती है। उन्होंने कहा कि पिछले आठ वर्षों में कोटधार क्षेत्र में सड़क, पानी, बिजली, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाओं का व्यापक विस्तार हुआ है।

जिला परिषद जेजवीं वार्ड से भाजपा समर्थित प्रत्याशी बबिता कुमारी के समर्थन में आयोजित नुक्कड़ सभाओं में उन्होंने कांग्रेस पर वोट बैंक की राजनीति करने का आरोप लगाया। साथ ही कहा कि प्रधानमंत्री की योजनाओं से गांव, गरीब और किसानों के जीवन में बड़ा बदलाव आया है। उन्होंने लोगों से पंचायत चुनाव में विकास के नाम पर मतदान करने की अपील की।

## महंगाई-जनविरोधी नीतियों के खिलाफ कांग्रेस को उतरेगी सड़कों पर: हीरापाल सिंह

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर। पूर्व प्रदेश कांग्रेस सचिव हीरापाल सिंह ने केंद्र सरकार पर महंगाई, बेरोजगारी और जनविरोधी नीतियों को लेकर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि डीजल, पेट्रोल और रसोई गैस की लगातार बढ़ती कीमतें केंद्र सरकार की आर्थिक और विदेश नीति की विफलता को दर्शाती हैं।

उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार जनता के मूल मुद्दों से ध्यान भटकाकर धार्मिक और भावनात्मक विषयों को आगे रख रही है, जबकि आम जनता महंगाई और बेरोजगारी से परेशान है।

हीरापाल सिंह ने कहा कि कांग्रेस को अब जनहित के मुद्दों पर सड़क पर उतरकर आंदोलन, धरना-प्रदर्शन और जनजागरण अभियान चलाने की जरूरत है, ताकि केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ जनता की आवाज बुलंद की जा सके।

# एम्स बिलासपुर में अब नवजातों का इलाज होगा और तेज व सटीक

अनंत ज्ञान

◆ अत्याधुनिक पोर्टेबल ब्लड कोगुलेशन मशीन खरीदने की तैयारी

ब्यूरो, बिलासपुर। एम्स बिलासपुर के नवजात शिशु विभाग में इलाज सुविधाओं को और उन्नत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया जा रहा है। संस्थान ने गंभीर रूप से बीमार नवजात बच्चों की त्वरित जांच के लिए अत्याधुनिक पोर्टेबल ब्लड कोगुलेशन मशीन खरीदने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। नई तकनीक के आने से नवजात शिशुओं में खून जमने से संबंधित गंभीर समस्याओं की जांच अब कुछ ही मिनटों में संभव हो सकेगी।

एम्स प्रशासन द्वारा जारी टेंडर प्रक्रिया के अनुसार यह मशीन विशेष रूप से उन बच्चों के लिए उपयोगी मानी जा रही है जो संक्रमण, आंतरिक रक्तस्राव, समय से पहले जन्म या अन्य जटिल स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे होते हैं। डॉक्टरों का मानना है कि गंभीर स्थिति में हर मिनट महत्वपूर्ण होता है और जांच रिपोर्ट जल्दी मिलने से उपचार तुरंत शुरू किया जा सकेगा।

नई मशीन की सबसे बड़ी खासियत यह है कि इसमें पीटी, आईएनआर और एपीटीटी जैसे महत्वपूर्ण ब्लड कोगुलेशन टेस्ट बेहद कम समय में और उच्च सटीकता के साथ किए जा सकेंगे। इसके अलावा जांच के लिए केवल 10 माइक्रोलीटर रक्त की आवश्यकता होगी, जो एक बूंद से भी कम माना जाता है। इससे नवजात बच्चों को बार-बार अधिक मात्रा में रक्त निकालने की परेशानी से राहत मिलेगी।

विशेषज्ञों के अनुसार छोटे बच्चों और विशेषकर नवजात शिशुओं में अधिक रक्त लेना कई बार जोखिम भरा हो सकता है। ऐसे में यह आधुनिक तकनीक न केवल जांच प्रक्रिया को आसान बनाएगी, बल्कि बच्चों के लिए अधिक सुरक्षित और आरामदायक भी साबित होगी। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि नवजात चिकित्सा में समय पर और सटीक जांच जीवन बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। ऐसे में इस अत्याधुनिक मशीन के आने से एम्स बिलासपुर में नवजात शिशुओं की चिकित्सा सेवाओं को नई मजबूती मिलने की उम्मीद है।

# बिलासपुर में पंचायत चुनाव के 50 बैलेट पेपर गायब, जांच शुरू

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर। हिमाचल प्रदेश में पंचायत चुनाव प्रक्रिया के बीच बिलासपुर जिले से गंभीर मामला सामने आया है। यहां अंबेडकर भवन में चल रहे बैलेट पेपर लेखन कार्य के दौरान वार्ड नंबर-1 जंगल सुंगल के प्रधान पद से जुड़े 50 बैलेट पेपर रिकॉर्ड से गायब पाए गए। जानकारी के अनुसार, क्रम संख्या 58001 से 58050 तक के बैलेट पेपर संबंधित सहायक निर्वाचन अधिकारी (एआरओ) को सौंपे गए थे, लेकिन बाद में मिलान के दौरान वे रिकॉर्ड में मौजूद नहीं मिले। घटना सामने आते ही प्रशासनिक हलकों में हड़कंप मच गया और उच्च अधिकारियों को सूचना दी गई।

खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) सदर बिलासपुर विजय कुमार की शिकायत पर थाना सदर में मामला दर्ज किया गया है। शिकायत में राजकीय महाविद्यालय के एक सहायक आचार्य, जिन्हें एआरओ की जिम्मेदारी दी गई थी, के पास बैलेट पेपर रहने और बाद में उनके गायब होने का उल्लेख है। मामले की गंभीरता को देखते हुए संबंधित एआरओ को तत्काल प्रभाव से हटा दिया गया है और विभागीय जांच शुरू कर दी गई है। प्रशासन यह पता लगाने में जुटा है कि बैलेट पेपर लापरवाही, तकनीकी चूक या किसी अन्य कारण से गायब हुए।

पुलिस ने जन प्रतिनिधित्व अधिनियम 1957 की धारा 136(2) और बीएनएस की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि क्या इसमें कोई साजिश या गंभीर लापरवाही शामिल है। पुलिस अधीक्षक संदीप धवल ने मामले की पुष्टि करते हुए कहा है कि जांच जारी है और तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# बिलासपुर के कर्नल जसवंत सिंह चंदेल 'वेटरन अचीवर्स अवार्ड' से सम्मानित

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, बिलासपुर। बिलासपुर जिला के कलोल क्षेत्र के निवासी सेवानिवृत्त कर्नल जसवंत सिंह चंदेल को नई दिल्ली में आयोजित एक भव्य समारोह में 'वेटरन अचीवर्स अवार्ड' से सम्मानित किया गया। भारतीय सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी की उपस्थिति में आयोजित इस प्रतिष्ठित समारोह में देशभर के चुनिंदा पूर्व सैन्य अधिकारियों को उनकी उत्कृष्ट सेवाओं, नेतृत्व क्षमता और समाज के प्रति योगदान के लिए सम्मानित किया गया।



कर्नल चंदेल को यह सम्मान भारतीय सेना में लंबे समय तक अनुकरणीय सेवाएं देने, चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में प्रभावशाली नेतृत्व निभाने तथा सेवानिवृत्ति के बाद भी पूर्व सैनिकों और समाज के हित में निरंतर सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रदान किया गया। समारोह में सेना के वरिष्ठ अधिकारियों, पूर्व सैन्य अधिकारियों तथा विभिन्न राज्यों से पहुंचे गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। कर्नल चंदेल के सम्मानित होने की खबर मिलते ही बिलासपुर और कलोल क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। स्थानीय नागरिकों, पूर्व सैनिक संगठनों और सामाजिक संस्थाओं ने इसे पूरे क्षेत्र के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताया। लोगों का कहना है कि पहाड़ी क्षेत्र से निकलकर राष्ट्रीय स्तर पर ऐसा सम्मान प्राप्त करना युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

क्षेत्रवासियों ने कहा कि कर्नल जसवंत सिंह चंदेल ने अपने सैन्य जीवन में जिस समर्पण और अनुशासन का परिचय दिया, वही भावना सेवानिवृत्ति के बाद भी उनके सामाजिक कार्यों में दिखाई देती है। कर्नल चंदेल की इस उपलब्धि पर क्षेत्र के लोगों ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह सम्मान केवल उनकी व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं बल्कि पूरे हिमाचल प्रदेश और विशेषकर बिलासपुर जिला के लिए गर्व का विषय है।

# पंचायतीराज संस्थाओं के चुनावों की तैयारियां अंतिम चरण में : उपायुक्त

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, बिलासपुर। जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) एवं उपायुक्त बिलासपुर राहुल कुमार ने कहा कि पंचायतीराज संस्थाओं के आगामी चुनावों को लेकर जिला प्रशासन द्वारा तैयारियां तीव्र गति से जारी हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव चिन्ह आवंटन की प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरांत अब मतपत्र लेखन का कार्य तेजी से किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिले को लगभग 15 लाख मतपत्र प्राप्त हुए हैं, जिन्हें संबंधित सहायक निर्वाचन अधिकारियों को समान रूप से वितरित कर दिया गया है।

उपायुक्त ने बताया कि सामान्यतः कुल मत पत्रों में 10 से 15 प्रतिशत अतिरिक्त मत पत्र भी रखे जाते हैं, ताकि प्रिंटिंग, लेखन अथवा टाइपिंग संबंधी किसी तकनीकी त्रुटि की स्थिति में उनका उपयोग किया जा सके। उन्होंने कहा कि 23 मई तक मतपत्र लेखन की प्रक्रिया पूर्ण कर ली जाएगी। उन्होंने बताया कि चुनाव प्रक्रिया को सुचारु रूप से संपन्न करवाने के लिए जिले के चारों उपमंडलों में मतदान कर्मियों की रिहर्सल भी लगातार आयोजित की जा रही है। इसके अतिरिक्त तीन चरणों में प्रस्तावित पंचायतीराज संस्थाओं के चुनावों के लिए मतदान दलों को मतदान से दो दिन पूर्व संबंधित मतदान केंद्रों के लिए रवाना कर दिया जाएगा, ताकि समयबद्ध एवं व्यवस्थित ढंग से चुनाव प्रक्रिया पूरी की जा सके। उन्होंने विकास खंड बिलासपुर सदर में 50 बैलेट पेपर के अनुपलब्ध (मिसिंग) होने के मामले पर कहा कि इस संबंध में सूचना मिलते ही तत्काल कार्रवाई करते हुए संबंधित एआरओ को हटा दिया है तथा इस संबंध में प्राथमिकी भी दर्ज करवा दी गई है। इसके अतिरिक्त संबंधित अधिकारी के निलंबन के लिए राज्य निर्वाचन आयोग को अनुशंसा प्रेषित कर दी गई है।

उन्होंने कहा कि चुनाव टीमें पूरी सतर्कता के साथ मतपत्रों के लेखन का कार्य कर रही हैं। कुछ मतपत्र प्रिंटिंग, लेखन अथवा टाइपिंग संबंधी किसी तकनीकी त्रुटि के कारण खराब हो जाते हैं उन्हें अमान्य घोषित कर दिया जाता है।

उपायुक्त ने कहा कि आगामी 26, 28 एवं 30 मई को आयोजित होने वाले पंचायतीराज संस्थाओं के चुनावों को पूर्ण पारदर्शिता, निष्पक्षता एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न करवाने के लिए जिला प्रशासन पूरी गंभीरता और सतर्कता के साथ कार्य कर रहा है।

## न्यूज ब्रीफ

### चंबा में पंचायती राज चुनाव की तैयारियां तेज

**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिला चंबा में आगामी पंचायती राज चुनावों को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन द्वारा तैयारियां तेज कर दी गई हैं। इसी क्रम में राजकीय डिग्री कॉलेज चम्बा में चुनाव ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए रिहर्सल प्रक्रिया का दूसरा चरण सफलतापूर्वक पूरा किया गया। प्रशिक्षण के दौरान मतदान प्रक्रिया, तकनीकी पहलुओं और कानून-व्यवस्था से संबंधित दिशा-निर्देश दिए गए। इसके साथ ही बैलेट पेपर लेखन का कार्य भी युद्ध स्तर पर जारी है, जिसमें दो सौ से अधिक अधिकारी एवं कर्मचारी लगाए गए हैं। अधिकारियों के अनुसार यह कार्य शाम तक पूरा कर लिया जाएगा और इसके बाद मतपत्रों को सुरक्षा के बीच स्ट्रांग रूम में रखा जाएगा। मतदान कर्मियों को बैलेट बॉक्स सुरक्षा, रिपोर्टिंग और मतदाताओं की सुविधा से जुड़े निर्देश भी दिए गए। इस पूरी प्रक्रिया में रिटर्निंग ऑफिसर महेश चंद सहित कई अधिकारी सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं।

### भोजन बनाने के आदेश पर सीटू का विरोध

**अनंत ज्ञान, चंबा।** नगर निकाय चुनावों के दौरान पोलिंग पार्टियों के लिए भोजन तैयार करवाने के आदेशों को लेकर सीटू से संबद्ध आंगनवाड़ी वर्कर-हेल्पर यूनियन और मिड डे मील वर्कर यूनियन ने कड़ा विरोध दर्ज किया है। यूनियन ने इसे महिला एवं श्रमिक विरोधी और सामंती मानसिकता वाला फैसला बताया। सीटू जिला महासचिव सुदेश ठाकुर, अध्यक्ष नरेंद्र कुमार, आंगनवाड़ी यूनियन उपाध्यक्ष चम्पा देवी और मिड डे मील यूनियन सचिव कौशल्या देवी ने कहा कि पहले यह जिम्मेदारी पंचायतों की थी, लेकिन अब इसे कम वेतन वाली महिला कर्मियों पर डाला जा रहा है। उन्होंने कहा कि पोलिंग पार्टियों को टीए-डीए सुविधाएं मिलती हैं, जबकि इन कर्मियों को बिना अतिरिक्त भुगतान काम करना पड़ता है। यूनियन ने इसे श्रम कानूनों का उल्लंघन बताते हुए कहा कि देर रात तक भोजन व्यवस्था करवाना महिला सुरक्षा के लिहाज से भी गलत है। प्रतिनिधिमंडल ने अतिरिक्त उपायुक्त से मिलकर ज्ञापन सौंपा और आदेश वापस लेने की मांग की। उन्होंने मांग की कि यह जिम्मेदारी फिर से पंचायतों को दी जाए।

### बाल तस्करी के खिलाफ जागरूकता का दिया संदेश

**अनंत ज्ञान, चंबा।** पंडित जवाहर लाल नेहरू आयुर्विज्ञान महाविद्यालय एवं अस्पताल चम्बा में राष्ट्रीय फोरेंसिक मेडिसिन डे के अवसर पर 'सोसायटी फॉर प्रिवेंशन ऑफ इंजरीज़ एंड कॉर्पोरल पनिशमेंट (एसपीआईसी)' की 10वीं कॉन्फ्रेंस का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में देशभर से आए विशेषज्ञों ने फोरेंसिक मेडिसिन और टॉक्सिकोलॉजी से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार-विमर्श किया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. पंकज गुप्ता, डॉ. आरके गोरया, डॉ. प्रदीप सिंह, डॉ. विनोद भारद्वाज और डॉ. कविता महाजन ने दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद नर्सिंग कॉलेज की छात्राओं ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। कॉन्फ्रेंस में यौन अपराधों की जांच, बाल तस्करी और चोट रोकथाम जैसे संवेदनशील विषयों पर शोध प्रस्तुत किए गए। एमबीबीएस प्रशिक्षुओं ने बाल तस्करी पर लघु नाटिका प्रस्तुत कर जागरूकता का संदेश दिया। कार्यक्रम में विभिन्न नर्सिंग और मेडिकल छात्रों द्वारा पोस्टर प्रस्तुतियां भी दी गईं। इस अवसर पर कई वरिष्ठ चिकित्सक एवं विशेषज्ञ उपस्थित रहे और स्वास्थ्य व सामाजिक सुरक्षा से जुड़े विषयों पर चर्चा की गई।

### एकलव्य विद्यालय भरमौर में लैटरल एंट्री परीक्षा संपन्न, आस्था कुमारी का चयन

**अनंत ज्ञान, भरमौर/होली, चंबा।** एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय स्थित होली में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए छात्राओं की लैटरल एंट्री परीक्षा का आयोजन 10 मई 2026 को विद्यालय परिसर में किया गया। विद्यालय प्रशासन द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार छात्राओं की एक रिक्त सीट को भरने के लिए यह परीक्षा आयोजित की गई थी। परीक्षा में कुल 21 छात्राओं ने भाग लिया। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच एकमात्र सीट के लिए आस्था कुमारी पुत्री पवन कुमार का चयन किया गया है। विद्यालय प्रबंधन ने चयनित छात्रा को शुभकामनाएं देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। विद्यालय प्रशासन ने बताया कि प्रवेश प्रक्रिया एवं अन्य जानकारी के लिए अभिभावक मोबाइल नंबर 7807249855 पर संपर्क कर सकते हैं।

# मणिमहेश यात्रा से पहले एनएच 154ए पर शुरू हुई टारिंग, यात्रियों को मिलेगी राहत

## धूल-गड्ढों से परेशान लोगों को राहत, धरवाला क्षेत्र में सड़क सुधार कार्य शुरू

अनंत ज्ञान



**देशराज कश्यप, धरवाला।** पठानकोट-भरमौर राष्ट्रीय उच्च मार्ग 154ए की बदहाल स्थिति को लेकर लंबे समय से उठ रही आवाजों के बीच आखिरकार प्रशासन और संबंधित विभाग हरकत में आते दिखाई दिए हैं। बग्गा रूंगडी से लेकर दुर्गेठी तक सड़क की जर्जर हालत से परेशान लोगों और वाहन चालकों के लिए अब राहत भरी खबर सामने आई है। रूंगडी क्षेत्र में सड़क पर टारिंग कार्य शुरू कर दिया गया है, जिससे आने वाले दिनों में सफर काफी हद तक सुगम होने की उम्मीद जताई जा रही है।

बीते कई महीनों से इस सड़क मार्ग की हालत बेहद खराब बनी हुई थी। जगह-जगह गड्ढों, उखड़ी सड़क और धूल-मिट्टी के कारण न केवल स्थानीय लोगों बल्कि रोजाना सफर करने वाले वाहन चालकों और राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। सबसे अधिक चिंता इस बात को लेकर जताई जा रही थी कि पवित्र मणिमहेश यात्रा शुरू होने में अब ज्यादा समय नहीं बचा है, लेकिन इसके बावजूद राष्ट्रीय उच्च मार्ग के कई हिस्सों की हालत भयावह बनी हुई थी। धरवाला, लोथल और रांग की घार जैसे कई स्थानों पर सड़क की खराब स्थिति लगातार दुर्घटनाओं के खतरे को बढ़ा रही थी। स्थानीय लोगों का कहना था कि यदि समय रहते सड़क की हालत नहीं सुधारी जाती तो मणिमहेश यात्रा के दौरान बाहरी राज्यों से आने वाले हजारों श्रद्धालुओं को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता था।

लगातार मीडिया में मुद्दा उठने, स्थानीय लोगों द्वारा विरोध दर्ज करवाने और बड़े अधिकारियों तक शिकायत पहुंचाने के बाद अब विभाग ने टारिंग कार्य शुरू कर दिया है। लोगों का कहना है कि भले ही कार्रवाई देर से शुरू हुई हो, लेकिन इससे अब राहत की उम्मीद जरूर जगी है। स्थानीय लोगों और वाहन चालकों ने कहा कि यदि कार्य को तेजी और गुणवत्ता के साथ पूरा किया गया तो न केवल आम लोगों की परेशानियां कम होंगी, बल्कि मणिमहेश यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं का सफर भी पहले की तुलना में काफी सुरक्षित और आरामदायक हो सकेगा।

वहीं लोक निर्माण विभाग के मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने भी पहले यह दावा किया था कि मणिमहेश यात्रा से पहले पठानकोट-भरमौर राष्ट्रीय उच्च मार्ग को पूरी तरह चकाचक किया जाएगा। अब लोगों की निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि विभाग इस कार्य को कितनी तेजी और गंभीरता के साथ पूरा करता है, क्योंकि मणिमहेश यात्रा शुरू होने में अब ज्यादा समय शेष नहीं बचा है।

# युवक का सुझाव : दुकानदारों से वापस लें प्लास्टिक रैपिंग, तभी बचेगा हिमाचल

अनंत ज्ञान

◆ हर खरीदारी के साथ फैल रहा पॉलीथिन का जहर

**राहुल सहगल, चंबा।** प्रदेश को पॉलीथिन मुक्त बनाने की मुहिम के बीच जिला चंबा से एक जागरूक नागरिक की पहल अब चर्चा का विषय बन गई है। चंबा शहर के सुराड़ा मोहल्ला निवासी चंदन सूरी ने प्रधानमंत्री को पत्र भेजकर ऐसा सुझाव दिया है, जिसे पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक बड़ा और व्यवहारिक कदम माना जा रहा है। अपने पत्र में उन्होंने साफ कहा कि आज बाजार में बिकने वाला लगभग हर सामान—चाहे कपड़े हों, जूते, स्पोर्ट्स आइटम, हैंडलूम या स्पेयर पार्ट्स—प्लास्टिक रैपिंग में पैक होकर आता है। दुकानदार वही प्लास्टिक ग्राहक को थमा देते हैं और बाद में यही रैपिंग सड़कों, नालियों और पहाड़ों में कचरे के रूप में दिखाई देती है।



उन्होंने चेतावनी दी कि यदि इस बढ़ते प्लास्टिक प्रदूषण को समय रहते नहीं रोका गया तो हिमाचल की प्राकृतिक सुंदरता और स्वच्छ पर्यावरण को गंभीर नुकसान पहुंच सकता है। चंदन सूरी ने प्रधानमंत्री को भेजे सुझाव में मांग उठाई है कि दुकानदारों को निर्देश दिए जाएं कि वे सामान की प्लास्टिक रैपिंग ग्राहकों को न दें, बल्कि उसे अपनी दुकानों पर ही एकत्रित करें। इसके बाद नगर परिषद या कचरा संग्रहण विभाग सप्ताह में एक दिन इन प्लास्टिक रैपिंग को उठाकर रीसाइक्लिंग के लिए भेजे।

उन्होंने कहा कि इस छोटी सी व्यवस्था से न केवल बाजारों और पर्यटन स्थलों पर फैल रहा पॉलीथिन कचरा रुकेगा, बल्कि नालियों के जाम होने की समस्या भी कम होगी और प्लास्टिक रीसाइक्लिंग को भी बढ़ावा मिलेगा। इस सुझाव की प्रतिलिपि मुख्यमंत्री हिमाचल प्रदेश, विधायक सदर चंबा और उपायुक्त चंबा को भी भेजी गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि सरकार इस मॉडल को अपनाती है तो हिमाचल प्रदेश देश के लिए पॉलीथिन नियंत्रण का एक उदाहरण बन सकता है।

# गर्भवती महिला की जान बचाने के लिए दो युवाओं ने किया रक्तदान

अनंत ज्ञान



**चंबा।** चंबा में इंसानियत और सामाजिक जिम्मेदारी की एक प्रेरणादायक मिसाल उस समय देखने को मिली जब शुक्रवार को एक गर्भवती महिला को अचानक खून की भारी कमी होने के कारण गंभीर स्थिति में अस्पताल में भर्ती करवाना पड़ा। महिला की हालत नाजुक बनी हुई थी और तत्काल रक्त की आवश्यकता थी। ऐसे मुश्किल समय में दो युवा फरिश्ता बनकर सामने आए और बिना देर किए रक्तदान कर महिला की जान बचाने में अहम भूमिका निभाई।

जानकारी के अनुसार, युवा कांग्रेस अध्यक्ष विशाल बनवाल और हिमाचल प्रदेश माइनॉरिटी डिपार्टमेंट के सदस्य अमन मिर्जा को जैसे ही महिला की गंभीर स्थिति के बारे में पता चला, दोनों तुरंत अस्पताल पहुंचे। वहां डॉक्टरों द्वारा रक्त की तत्काल जरूरत बताए जाने पर दोनों युवाओं ने मानवता का परिचय देते हुए रक्तदान किया। समय रहते रक्त मिलने से गर्भवती महिला की स्थिति में सुधार आया, जिसके बाद परिजनों ने दोनों युवाओं का आभार व्यक्त किया। अस्पताल स्टाफ और स्थानीय लोगों ने भी इस सराहनीय कार्य की जमकर प्रशंसा की। इस मौके पर लोगों का कहना था कि आज के समय में जहां कई लोग जरूरतमंदों से दूरी बना लेते हैं, वहीं विशाल बनवाल और अमन मिर्जा जैसे युवा समाज के लिए प्रेरणा बनकर उभरे हैं। उनके इस कार्य ने यह साबित कर दिया कि मानवता से बड़ा कोई धर्म नहीं होता।

### प्रश्नोत्तरी स्पर्धा में रिया ने मारी बाजी

**अनंत ज्ञान, सुंडला।** राजकीय प्राथमिक पाठशाला मौड़ा में अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस के अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम यूथ एंड इको क्लब के अंतर्गत आयोजित हुआ, जिसमें बच्चों को जैव विविधता के महत्व और इसके संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान लघु चित्रों और डिजिटल माध्यमों जैसे प्रोजेक्टर, टैबलेट व लैपटॉप के जरिए बच्चों को जानकारी दी गई। पाठशाला प्रभारी एवं राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक युद्धवीर टंडन ने प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का संचालन किया। इसमें कक्षा पांचवीं के चार विद्यार्थियों अरमान, रिया, अभय और इशानी ने भाग लिया। प्रतियोगिता में रिया शर्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि अरमान द्वितीय और अभय तृतीय स्थान पर रहे। कार्यक्रम में बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। युद्धवीर टंडन ने कहा कि प्रारंभिक स्तर पर पर्यावरण शिक्षा बच्चों में जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

# आवारा कुत्तों की समस्या को लेकर एक्शन मोड में पार्षद रजनी शर्मा, नप अधिकारियों से मांगा जवाब

अनंत ज्ञान



जनसमस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपते हुए रजनी शर्मा। अनंत ज्ञान

**चंबा।** नगर परिषद चंबा के सुराड़ा मोहल्ला से नवनियुक्त पार्षद रजनी शर्मा चुनाव जीतने के बाद पूरी तरह एक्शन मोड में नजर आ रही हैं। शुक्रवार को उन्होंने अपने वार्ड और नगर की विभिन्न जनसमस्याओं, विशेषकर आवारा कुत्तों की बढ़ती समस्या को लेकर नगर परिषद कार्यालय पहुंचकर अधिकारियों से जवाब तलब किया।

रजनी शर्मा ने बताया कि कुछ महीने पहले भी उन्होंने नगर परिषद को आवारा कुत्तों, सफाई व्यवस्था, स्ट्रीट लाइट और अन्य स्थानीय समस्याओं को लेकर शिकायत और ज्ञापन सौंपा था। अब पार्षद बनने के बाद वह यह जानने स्वयं कार्यालय पहुंचीं कि उन मामलों पर अब तक क्या कार्रवाई हुई है। इस दौरान उन्होंने नगर परिषद की ई. नितिका ठाकुर और कनिष्ठ अभियंता से मुलाकात कर समस्याओं के समाधान को लेकर दोबारा ज्ञापन सौंपा। उन्होंने कहा कि जनता ने उन पर भरोसा जताया है और अब उनकी प्राथमिकता जमीनी स्तर पर काम करना है। उन्होंने कहा कि शहर में आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या लोगों के लिए भय और परेशानी का कारण बन रही है।

रजनी शर्मा ने कहा कि बच्चों और बुजुर्गों का घर से निकलना तक मुश्किल हो गया है तथा कई लोग डर के माहौल में जीने को मजबूर हैं। उन्होंने नगर परिषद प्रशासन से जल्द ठोस कदम उठाने की मांग की। वहीं नगर परिषद चंबा ने भी इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए डॉग स्टरलाइजेशन और एंटी रेबीज वैक्सीनेशन अभियान शुरू करने की प्रक्रिया तेज कर दी है। इसके लिए पशुपालन विभाग से आवश्यक फंड की मांग की गई है। जानकारी के अनुसार, संस्था द्वारा प्रति कुत्ता 2650 खर्च बताया गया है, जिसमें नसबंदी, उपचार और देखभाल शामिल है। स्थानीय लोगों ने पार्षद रजनी शर्मा की सक्रियता और नगर परिषद की पहल का स्वागत करते हुए उम्मीद जताई है कि अब लंबे समय से लंबित समस्याओं के समाधान में तेजी आएगी।

### महंगाई के खिलाफ कैथल में सड़कों पर उतरी कांग्रेस

**अनंत ज्ञान, कैथल।** पेट्रोल, डीजल, सीएनजी और रसोई गैस की बढ़ती कीमतों के खिलाफ कांग्रेस ने शुक्रवार को कैथल में जोरदार प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन हरियाणा शहीद स्मारक से शुरू होकर जिला सचिवालय तक मार्च के रूप में पहुंचा, जहां पार्टी नेताओं ने राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने प्रतीकात्मक रूप से रेहड़ी पर गैस सिलेंडर रखकर महंगाई का विरोध जताया। इस आंदोलन का नेतृत्व कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एवं राज्यसभा सदस्य रणदीप सुरजेवाला और हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने किया। उनके साथ कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने सरकार पर महंगाई, बेरोजगारी और पेपर लीक जैसे मुद्दों पर विफल रहने का आरोप लगाया। वहीं रणदीप सुरजेवाला ने ईंधन कीमतों में बढ़ोतरी को आम जनता पर आर्थिक बोझ बताया और टैक्स नीति पर सवाल उठाए। ज्ञापन में पेट्रोल-डीजल, सीएनजी और एलपीजी की कीमतों में कमी, एक्साइज ड्यूटी घटाने और आम जनता को राहत देने की मांग की गई।

# जरनैल सिंह वर्किंग जर्नलिस्ट मीडिया काउंसिल (पंजाब) के रेगुलेटिंग चेयरमैन नियुक्त

अनंत ज्ञान



**चंडीगढ़।** वर्किंग जर्नलिस्ट मीडिया काउंसिल, जो भारत सरकार के सूचना और प्रसारण मंत्रालय के तहत डिजिटल मीडिया एथिक्स के लिए एक रजिस्टर्ड सेल्फ-रेगुलेटिंग बॉडी (एसआरबी) है, ने जरनैल सिंह को पंजाब का रेगुलेटिंग चेयरमैन नियुक्त किया है। इस मौके पर वर्किंग जर्नलिस्ट मीडिया काउंसिल के नेशनल पदाधिकारी भी मौजूद थे।

वर्किंग जर्नलिस्ट मीडिया काउंसिल के ऑफिस में, संगठन के चेयरमैन कुमार सौरभ ने जरनैल सिंह को नियुक्ति पत्र और आईडी कार्ड सौंपा और उनकी जिम्मेदारियों और काम के बारे में गाइडलाइन दीं। इस मौके पर संगठन के नेशनल चेयरमैन कुमार सौरभ ने कहा कि पंजाब देश का एक बॉर्डर वाला राज्य है और वहां कई सोशल मीडिया चैनल बिना किसी सरकारी गाइडलाइन को फॉलो किए आजादी से चल रहे हैं। उन्होंने कहा कि उनकी बॉडी जल्द ही पंजाब में ऐसे चैनलों के बीच जागरूकता पैदा करेगी और उन्हें रेगुलेटरी फ्रेमवर्क के तहत रजिस्टर करेगी। नवनियुक्त पंजाब रेगुलेटिंग चेयरमैन जरनैल सिंह ने कहा कि पंजाब के सभी चैनलों को अब सरकारी नियमों के बारे में जागरूक किया जाएगा और उन्हें रेगुलेटरी सिस्टम के तहत लाया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि वर्किंग जर्नलिस्ट मीडिया काउंसिल ने उन पर जो भरोसा जताया है, उस पर खरा उतरने की वह पूरी कोशिश करेंगे।

### नारनौल में भ्रूण लिंग जांच गिरोह का भंडाफोड़, एक गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** नारनौल में जिला समुचित प्राधिकरण (पीसीपीएनडीटी) की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध भ्रूण लिंग जांच करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। इस कार्रवाई में राजस्थान निवासी एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है, जबकि अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

डिप्टी सिविल सर्जन डॉ. हर्ष चौहान के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई के दौरान टीम को सूचना मिली थी कि हरियाणा-राजस्थान सीमा क्षेत्र में अवैध रूप से भ्रूण लिंग जांच का धंधा चल रहा है। सूचना के आधार पर टीम ने फर्जी ग्राहक तैयार कर आरोपी से संपर्क कराया।

आरोपी ने भ्रूण लिंग जांच के लिए 35 हजार रुपये की मांग की और गर्भवती महिला को सुनसान स्थान पर ले जाकर जांच की। जांच के बाद उसने इशारों में गर्भ में पल रहे शिशु के लड़का होने की जानकारी दी। इसके बाद पहले से तैनात पीसीपीएनडीटी टीम ने मौके पर दबिश देकर आरोपी को पकड़ लिया। उसके कब्जे से नकदी, मोबाइल फोन, बाइक और अन्य सामान बरामद किया गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और गिरोह से जुड़े अन्य लोगों की तलाश में छापेमारी जारी है।

# पठानकोट-गुरदासपुर हाईवे पर पलटी बस, जम्मू लौट रहे 2 छात्रों की मौत

अनंत ज्ञान

## पीछे आ रहीं गाड़ियां भी टकराईं, 5 लोग घायल



**अशोक ठाकुर, पठानकोट।** पठानकोट-गुरदासपुर नेशनल हाईवे पर शुक्रवार सुबह धारीवाल के पास कलेर खुर्द में एक भीषण सड़क हादसा हो गया। अमृतसर से जम्मू जा रही तेज रफ्तार टूरिस्ट बस अचानक अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे के बाद पीछे चल रही 3-4 गाड़ियां भी आपस में टकरा गईं। दुर्घटना में दो कॉलेज छात्रों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पांच लोग घायल हो गए।

जानकारी के अनुसार, बस में अमृतसर के ग्लोबल इंस्टीट्यूट के छात्र सवार थे, जो परीक्षाएं खत्म होने के बाद छुट्टियां मनाने जम्मू लौट रहे थे। अचानक बस का संतुलन बिगड़ने से खुशी का माहौल मातम में बदल गया।

प्रत्यक्षदर्शी छात्रों ने बताया कि बस पलटते ही चीख-पुकार मच गई और कई यात्री घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस और स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे तथा घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। कुछ घायलों की हालत गंभीर बताई जा रही है।

दुर्घटना के कारण हाईवे पर लंबा जाम लग गया, जिसे पुलिस ने क्रेन की मदद से क्षतिग्रस्त वाहनों को हटाकर बहाल कराया।

पुलिस के अनुसार, मृतकों की पहचान जम्मू निवासी 20 वर्षीय अखिल पांडे और 22 वर्षीय नितिन के रूप में हुई है। दोनों होटल मैनेजमेंट के छात्र थे। बस चालक हादसे के बाद फरार बताया जा रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और हादसे के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

# रेवाड़ी में सफाई कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री का पुतला फूंका

अनंत ज्ञान



**रेवाड़ी।** रेवाड़ी में शुक्रवार को ग्रामीण सफाई कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने शहर में शवयात्रा निकालते हुए सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और बाद में महाराणा प्रताप चौक पर मुख्यमंत्री का पुतला दहन कर रोष जताया। प्रदर्शन के दौरान कर्मचारियों ने मांगें पूरी नहीं होने तक आंदोलन जारी रखने की चेतावनी दी।

इससे पहले नेहरू पार्क में ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कर्मचारियों ने सरकार की नीतियों के खिलाफ नाराजगी जताई और आगामी आंदोलन की रणनीति बनाई। यूनियन नेताओं ने घोषणा की कि 24 मई को मंत्री कृष्ण बेदी के आवास पर धरना दिया जाएगा।

बैठक को संबोधित करते हुए जिला प्रधान राजकुमार ने कहा कि ग्रामीण सफाई कर्मचारियों ने वर्ष 2023 में भी लंबी हड़ताल की थी। उस समय सरकार ने मांगें पूरी करने का आश्वासन देकर हड़ताल समाप्त करवाई थी, लेकिन आज तक कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान नहीं किया गया। राजकुमार ने स्पष्ट कहा कि जब तक सरकार ग्रामीण सफाई कर्मचारियों को पक्का करने, न्यूनतम वेतन 26 हजार रुपए तय करने और सरकारी कर्मचारियों को मिलने वाले सभी लाभ देने संबंधी लिखित पत्र जारी नहीं करेगी, तब तक हड़ताल समाप्त नहीं की जाएगी। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने जल्द मांगें नहीं मानीं तो प्रदेश स्तर पर बड़े प्रदर्शन किए जाएंगे।

### फरीदाबाद में रेलवे अंडरपास निर्माण को 50 अवैध कब्जे तोड़े

**अनंत ज्ञान, फरीदाबाद।** आजाद नगर और मुजेसर रेलवे फाटक इलाके में रेलवे अंडरपास निर्माण को लेकर शुक्रवार बड़े स्तर पर तोड़फोड़ की गई। प्रशासन की संयुक्त टीमों ने अंडरपास और सड़क चौड़ीकरण परियोजना के रास्ते में आ रहे अवैध कब्जों को हटाया।

जानकारी के अनुसार, हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण, नगर निगम और रेलवे विभाग की टीम भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची। कार्रवाई के दौरान जेसीबी मशीनों से दुकानों, मकानों और अन्य निर्माणों को हटाया गया। बताया जा रहा है कि 150 से अधिक अवैध कब्जों पर कार्रवाई की गई। यह कार्रवाई मुजेसर रेलवे फाटक पर बनने वाले अंडरपास के निर्माण को तेज करने के लिए की जा रही है। लंबे समय से अतिक्रमण के कारण प्रोजेक्ट रुका हुआ था। अंडरपास बनने के बाद सेक्टर-24, 25, संजय कॉलोनी और आसपास के इलाकों को जाम से राहत मिलने की उम्मीद है। साथ ही हार्डवेयर चौक, बीके चौक और बाटा पुल पर ट्रैफिक दबाव भी कम होगा। इस कार्रवाई की स्थानीय लोगों ने विरोध भी किया। कुछ लोगों का कहना है कि उन्हें पहले पर्याप्त वैकल्पिक व्यवस्था या मुआवजा नहीं दिया गया। प्रशासन बिना कुछ बताए कार्रवाई की।

# बाल समागम में बच्चों ने बिखेरी आध्यात्मिक चेतना की रोशनी

अनंत ज्ञान



**चंडीगढ़।** सतगुरु द्वारा दिए जा रहे ब्रह्मज्ञान एवं शिक्षाओं के माध्यम से बच्चों में मर्यादा, अनुशासन, शुकराने और मानवता के संस्कार विकसित होते हैं। आज के युग में यदि बच्चे सत्संग एवं सतगुरु की शिक्षाओं से जुड़े रहें, तो यह संसार व देश के लिए अच्छे नागरिक बन पायेंगे, ये उद्गार आज यहां संत निरंकारी सत्संग भवन, सेक्टर-15 में हुए एक भव्य एवं प्रेरणादायी बाल समागम में हजारों की संख्या में उपस्थित बच्चों, महिलाओं, नौजवानों, बुजुर्गों को सम्बोधित करते हुए मनीमाजरा के मुखी अमरजीत सिंह जी ने व्यक्त किए।

इस समागम में हर आयु के बच्चों ने सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज के पावन संदेशों को गीत, कविता, भाषण, कव्वाली, स्किट एवं अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अत्यंत सुंदर ढंग से प्रस्तुत किया। समागम में बच्चों की प्रतिभा, अनुशासन, मर्यादा एवं आध्यात्मिक भावनाओं ने उपस्थित साध-संगत को भाव-विभोर कर दिया।

सिंह ने बच्चों की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए कहा कि ये बच्चे केवल छोटे नहीं बल्कि 'सयाने संत' हैं, जो अपनी छोटी उम्र में ही सतगुरु की शिक्षाओं को जीवन में उतार रहे हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों में जो अनुशासन, प्रेम एवं विनम्रता दिखाई देती है, वह सत्संग, परिवारों के त्याग और सेवादारों के सहयोग का परिणाम है। उन्होंने अपने प्रवचन में समझाया कि जिस प्रकार नाविक (मल्लाह) की सलाह के बिना गहरे पानी में जाना उचित नहीं होता, उसी प्रकार जीवन में माता-पिता एवं सतगुरु की शिक्षाओं का पालन करना आवश्यक है। बच्चों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि माता-पिता का सम्मान, मर्यादा में रहना, बाहर के खान-पान से बचना, नियमित अरदास एवं सिमरन करना तथा संगत से जुड़े रहना जीवन को सफल बनाता है।

उन्होंने कहा कि बच्चों को किसी प्रकार की प्रतिस्पर्धा, ईर्ष्या या दिखावे की भावना में नहीं आना चाहिए। उन्होंने बाबा हरदेव सिंह जी महाराज के संदेश का उल्लेख करते हुए कहा कि 'पनीर नहीं तो दाल में खुश हूं', अर्थात हर परिस्थिति में संतुष्ट और खुश रहना ही सच्ची भक्ति है। उन्होंने बच्चों को मोबाइल, चमक-दमक एवं भौतिक आकर्षणों से बचते हुए सतगुरु के नाम धन को अपनाने की प्रेरणा दी।

# स्टार हेल्थ ने चंडीगढ़ में लॉन्च किया सस्ता 'वैल्यू प्लस' हेल्थ इंश्योरेंस

अनंत ज्ञान

**चंडीगढ़।** भारत की अग्रणी स्टैंडअलोन स्वास्थ्य बीमा कंपनी, स्टार हेल्थ एंड अलाइड इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड ने शुक्रवार को टियर 2, 3 और 4 शहरों के युवा भारतीयों को बेहतर स्वास्थ्य सुरक्षा प्रदान करने के लिए एक किफायती पेशकश लॉन्च करने की घोषणा की है।

इस योजना का नाम 'वैल्यू प्लस' है और यह एक विशेष रूप से तैयार किए गए अस्पताल नेटवर्क के जरिए, लगभग 20 प्रतिशत कम प्रीमियम पर 7.5लाख रुपए से 25 लाख रुपए तक का उच्च सम-इंश्योर्ड कवर प्रदान करती है। इस लॉन्च के बारे में, स्टार हेल्थ इंश्योरेंस के एमडी और सीईओ, आनंद रॉय ने कहा क पिछले 20 सालों में, स्टार हेल्थ इंश्योरेंस ने लाखों भारतीयों के लिए स्वास्थ्य बीमा को अधिक भरोसेमंद, सुलभ और किफायती बनाने का काम किया है।

चंडीगढ़ में वैल्यू प्लस के साथ, हम भारत के टियर 2, 3 और 4 शहरों के अधिक से अधिक लोगों और परिवारों तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य बीमा पहुंचाकर उस विरासत को आगे बढ़ा रहे हैं। चंडीगढ़ हमारे लिए एक महत्वपूर्ण बाजार है, और लगभग 20 प्रतिशत कम प्रीमियम पर उच्च बीमा राशि के विकल्प, चुनिंदा अस्पतालों तक पहुंच और वेलनेस से जुड़े लाभों को एक साथ मिलाकर, वैल्यू प्लस ग्राहकों के एक बड़े वर्ग के लिए बजट के अनुकूल बीमा लेकर आया है।

स्टार हेल्थ इंश्योरेंस के चंडीगढ़ के बिजनेस हेड, मन्नू बतुरा ने कहा कि वैल्यू प्लस आज के ग्राहकों के लिए स्वास्थ्य बीमा को अधिक प्रासंगिक, किफायती और सुलभ बनाने पर हमारे फोकस को दर्शाता है। उच्च बीमा राशि के विकल्पों, आवश्यक स्वास्थ्य लाभों, वेलनेस सपोर्ट और प्रीमियम की बचत को एक साथ लाकर, इस प्रोडक्ट को इस तरह डिजाइन किया गया है ताकि परिवार बढ़ती चिकित्साआ अवश्यकताओं के लिए बेहतर योजना बना सकें।

# रोहड़ू नगर परिषद पर कांग्रेस का कब्जा

## कांग्रेस समर्थित 9 में से 7 पार्षद जीते, भाजपा समर्थित एक उम्मीदवार ही जीत पाया

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** शिमला जिला के रोहड़ू नगर परिषद चुनाव में बीजेपी की करारी हार हुई है। 9 वार्ड पार्षदों में बीजेपी समर्थित एक प्रत्याशी चुनाव जीता है, जबकि 7 वार्डों में कांग्रेस समर्थित और एक निर्दलीय चुनाव जीता है। रोहड़ू के वार्ड नंबर 1 (दशालनी एवं सेरी) से बीजेपी समर्थित रमा देवी को सर्वाधिक 209 वोट मिले, जबकि वृंदा जिल्टा को 153, राजवंती को 104 मत तथा विक्रमा देवी को 53 मत मिले। वार्ड नंबर 2 (अपर बाजार) से कांग्रेस की पारुल को सर्वाधिक 116 और ऊषा शर्मा को 100 वोट मिले। वार्ड नंबर 3 (मुख्य बाजार) से कांग्रेस समर्थित सुजय अग्रवाल को 266 मत और रंजना रैतका को 146 मत प्राप्त हुए।

वार्ड नंबर 4 (समाला) से रणजीता को 122 मत व रीतू को 103 मत, वार्ड नंबर 5 (बस स्टैंड क्षेत्र) से राज कुमार को 79 मत व राजेश चंद को 54 मत, वार्ड नंबर 6 (ब्लॉक क्षेत्र) से प्रीति चौहान को 124 मत व बीना देवी को 33 मत, वार्ड नंबर 7 (कोर्ट रोड क्षेत्र) से जितेंद्र चौहान को 113 मत व सौरव तानटा को 30 मत वार्ड नंबर 8 (बावटीनाला) से प्यारे लाल आजाद को 153 मत व पन्ना लाल को 140 मत मिले, जबकि वार्ड नंबर 9 (शक्तिनगर) से निर्दलीय शालू दत्ता को 131 मत तथा उनकी प्रतिद्वंदी सिमरन कौर को 42 मत, सुनीता देवी को 56 मत मिले। इससे पहले सुबह सात बजे वोटिंग शुरू हुई और दोपहर तीन बजे तक चली।

इसके बाद काउंटिंग शुरू हुई। इन चुनाव में 77.31 फीसदी लोगों ने मतदान किया। रिटर्निंग ऑफिसर (एमसी) एवं एसडीएम (नागरिक) रोहड़ू धर्मेश रामौत्रा ने बताया कि कुल 3 हजार 151 वोटरों में से 2 हजार 436 मतदाताओं ने मतदान किया है। 1652 पुरुष वोटरों में से 1274 (77.12%) और 1499 महिला वोटरों में से 1162 (77.52 फीसदी) मतदाताओं ने वोट दिए। उन्होंने बताया कि चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुए।



### 77 फीसदी से ज्यादा मतदान

**रोहड़ू** नगर परिषद चुनाव में कुल 77.31 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। नगर परिषद रोहड़ू में कुल 3151 मतदाता थे, जिनमें से 2436 मतदाताओं ने मतदान किया। वार्डवार आंकड़ों पर नजर डालें तो वार्ड नंबर 9 शक्तिनगर में सबसे ज्यादा 81.21 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। इस वार्ड में महिला मतदाताओं का उत्साह सबसे अधिक देखने को मिला और यहां महिला मतदान प्रतिशत 86.76 रहा। वहीं वार्ड नंबर 7 कोर्ट रोड क्षेत्र में कुल मतदान प्रतिशत 80.98 दर्ज किया गया, जो सभी वार्डों में दूसरे स्थान पर रहा। वार्ड नंबर 2 अपर बाजार में 80.90 प्रतिशत मतदान हुआ, जबकि वार्ड नंबर 1 दशालनी में 79.12 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। वार्ड नंबर 3 मुख्य बाजार में 78.71 प्रतिशत और वार्ड नंबर 4 समाला में 76.53 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। इसके अलावा वार्ड नंबर 5 बस स्टैंड क्षेत्र में 74.30 प्रतिशत, वार्ड नंबर 8 बावटीनाला में 73.91 प्रतिशत और वार्ड नंबर 6 ब्लॉक क्षेत्र में सबसे कम 68.38 प्रतिशत मतदान हुआ।

# हिमाचल में नगर निकाय में जीत से कांग्रेस में नई ऊर्जा का संचार

## अब 2027 विस चुनाव के लिए जमीन मजबूत करने में जुटी पार्टी

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल के नगर निकाय चुनावों के नतीजों ने राज्य की राजनीति में नई हलचल पैदा कर दी है। 25 नगर पंचायतों व नगर परिषदों में कांग्रेस समर्थित उम्मीदवारों की जीत ने पार्टी संगठन में नई ऊर्जा भर दी है। कांग्रेस इसे केवल स्थानीय निकायों की जीत नहीं, बल्कि प्रदेश की जनता के बढ़ते विश्वास और भाजपा के खिलाफ बन रहे माहौल के रूप में देख रही है।

पार्टी नेताओं का मानना है कि इन चुनाव परिणामों ने यह संकेत दे दिया है कि प्रदेश में कांग्रेस की पकड़ लगातार मजबूत हो रही है और भाजपा का वह राजनीतिक प्रभाव, जिसे लंबे समय से अजेय माना जा रहा था, अब कमजोर पड़ता दिखाई दे रहा है। कांग्रेस खेमे में इस बात को लेकर भी उत्साह है कि पार्टी ने एक बार फिर गांव से लेकर शहर तक अपनी राजनीतिक पैठ मजबूत करने में सफलता हासिल की है और जनता के बीच भरोसे का दायरा बढ़ाया है। नगर निकाय चुनावों के परिणामों को लेकर कांग्रेस नेताओं ने भाजपा पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि केंद्र सरकार की नीतियों से आम आदमी परेशान है। पेट्रोल, डीजल और कमर्शियल गैस सिलेंडर की लगातार बढ़ती कीमतों ने मध्यम वर्ग, छोटे व्यापारियों, ढाबा संचालकों और रोज़मर्रा की मेहनत करने वाले लोगों की कमर तोड़ दी है। कांग्रेस का आरोप है कि भाजपा सरकार महंगाई पर नियंत्रण पाने में पूरी तरह विफल रही है और जनता अब इस आर्थिक दबाव को खुलकर महसूस कर रही है।

### ◆ अब भाजपा के अंतिम किले को भेदने की रणनीति पर पूरा फोकस

पार्टी नेताओं का कहना है कि भाजपा द्वारा लगातार किए जा रहे राजनीतिक प्रचार के बावजूद लोग अब वास्तविक मुद्दों को समझने लगे हैं और यही कारण है कि स्थानीय चुनावों में कांग्रेस समर्थित उम्मीदवारों को व्यापक समर्थन मिला। कांग्रेस इसे आगामी विधानसभा चुनावों से पहले जनता के मूड का स्पष्ट संकेत मान रही है। कांग्रेस नेताओं ने पार्टी की ऐतिहासिक विरासत का उल्लेख करते हुए कहा कि कांग्रेस की राजनीति हमेशा लोकतंत्र, सामाजिक न्याय और जनहित की विचारधारा पर आधारित रही है।

### राहुल पर एफआईआर लोकतंत्र पर हमला

**राहुल** गांधी के खिलाफ दर्ज एफआईआर को लेकर भी कांग्रेस ने भाजपा पर जोरदार हमला बोला है। पार्टी नेताओं ने कहा कि लोकतंत्र में जनता की आवाज उठाना और सरकार से सवाल पूछना कोई अपराध नहीं हो सकता। कांग्रेस का आरोप है कि भाजपा विपक्ष की आवाज दबाने के लिए राजनीतिक दबाव और एजेंसियों का इस्तेमाल कर रही है, लेकिन इससे कांग्रेस कार्यकर्ताओं का मनोबल कमजोर नहीं होगा। पार्टी नेताओं का कहना है कि राहुल गांधी लगातार बेरोजगारी, महंगाई और सामाजिक असमानता जैसे मुद्दों को देश के सामने उठा रहे हैं और यही बात भाजपा को असहज कर रही है। कांग्रेस ने दावा किया कि जनता अब राजनीतिक प्रतिशोध की राजनीति को समझ चुकी है और इसका जवाब चुनावों में मिलना शुरू हो गया है।

# किन्नौर में 22 पंचायतें निर्विरोध निर्वाचित

## जिले में अब 1,040 प्रत्याशी मैदान में, 1316 नए मतदाता भी करेंगे वोटिंग

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश के जनजातीय जिला किन्नौर में पंचायतीराज संस्थाओं के सामान्य चुनाव को लेकर प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त डॉ. अमित कुमार शर्मा ने बताया कि चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और पारदर्शी ढंग से संपन्न करवाने के लिए व्यापक प्रबंध किए गए हैं। जिले में चुनावी माहौल पूरी तरह सक्रिय हो चुका है और प्रशासनिक मशीनरी बूथ स्तर तक मुस्तैद नजर आ रही है। अंतिम नामांकन प्रक्रिया पूरी होने के बाद अब जिले में कुल 1,040 प्रत्याशी चुनावी मैदान में अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। इनमें वार्ड सदस्य पद के लिए 566, उपप्रधान पद के लिए 186, प्रधान पद के लिए 165, पंचायत समिति सदस्य पद के लिए 93 तथा जिला परिषद वार्ड सदस्य पद के लिए 30 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं। वहीं, जिले की 22 पंचायतें निर्विरोध चुनी गई हैं, जिनमें पूह विकास खंड की 12, कल्पा की 5 तथा निचार विकास खंड की 1 पंचायत शामिल है। इसके अतिरिक्त 6 बीडीसी सदस्य, 23 उपप्रधान और 233 वार्ड सदस्य भी निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। जिले में कुल 59,156 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे, जिनमें 29,583 पुरुष और 29,573 महिला मतदाता शामिल हैं। निर्वाचन प्रक्रिया के तहत 18 से 19 वर्ष आयु वर्ग के 1,316 नए मतदाताओं का पंजीकरण किया गया है, जिनमें 696 पुरुष और 620 महिला मतदाता हैं। जिले में कुल 420 मतदान केंद्र स्थापित किए गए हैं। इनमें कल्पा विकास खंड में 140, निचार में 141 तथा पूह विकास खंड में 139 मतदान केंद्र बनाए गए हैं।




### ◆ जिले में 28 मतदान केंद्र संवेदनशील और 11 अति संवेदनशील घोषित

### संवेदनशील मतदान केंद्रों पर प्रशासन की पैनी नजर

**प्रशासन** ने जिले के 17 मतदान केंद्रों को संवेदनशील तथा 11 मतदान केंद्रों को अति संवेदनशील घोषित किया है। पूह विकास खंड की पंचायत घर रिब्बा के वार्ड नंबर-3, 4 और 5 को अति संवेदनशील मतदान केंद्र की श्रेणी में रखा गया है। चुनाव ड्यूटी के लिए कल्पा विकास खंड में 260, निचार में 274 तथा पूह में 276 पोलिंग पार्टियां तैनात की गई हैं। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि चुनाव प्रक्रिया के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने और मतदाताओं को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध करवाने के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

# खिलड़ा में भाजपा के पक्ष में उमड़ा जनसमर्थन: जम्वाल

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** सुंदरनगर विधायक एवं भाजपा के मुख्य प्रवक्ता राकेश जम्वाल ने शुक्रवार को जिला परिषद खिलड़ा के विभिन्न क्षेत्रों में जनसंपर्क एवं चुनाव प्रचार अभियान चलाते हुए कांग्रेस सरकार पर जमकर निशाना साधा। इस दौरान उन्होंने रोहांडा, चौकी, दृमट बेहली, शेगल, पौड़ा कोठी, मलोह तथा भनवाड़ सहित कई क्षेत्रों में लोगों से भाजपा समर्थित प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता कांग्रेस सरकार की जनविरोधी नीतियों से पूरी तरह परेशान हो चुकी है। भाजपा सरकार द्वारा शुरू की गई जनकल्याणकारी योजनाओं को कमजोर करने का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि हिमकेयर, सहारा योजना, महिलाओं को एचआरटीसी किराये में छूट, मुफ्त बिजली तथा मुफ्त पेयजल जैसी योजनाओं से लोगों को राहत मिलती थी, लेकिन वर्तमान सरकार में आम जनता पर आर्थिक बोझ बढ़ा है। राकेश जमवाल ने कहा कि प्रदेश में विकास कार्य ठप पड़े हैं, अस्पतालों में अव्यवस्था है, युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा और जनता खुद को ठगा हुआ महसूस कर रही है। उन्होंने दावा किया कि पंचायत एवं जिला परिषद चुनावों में जनता कांग्रेस सरकार को करारा जवाब देने के लिए तैयार बैठी है।

# कुटलैहड़ में बंटी-बबली की जोड़ी केवल वार्ड पंचों तक ही रहेगी सीमित: भुट्टो

## बोले-कुटलैहड़ में चारों भाजपा समर्थित जिप उम्मीदवारों को जनता का समर्थन

अनंत ज्ञान

**बंगाणा।** कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र में पंचायती राज चुनावों को लेकर राजनीतिक माहौल पूरी तरह गर्मा गया है। इसी बीच कुटलैहड़ भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक दविंदर कुमार भुट्टो ने कांग्रेस सरकार और स्थानीय नेताओं पर तीखा हमला बोलते हुए भाजपा समर्थित उम्मीदवारों के पक्ष में बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा कि कुटलैहड़ में 'बंटी-बबली की जोड़ी' केवल पंचों तक ही सीमित रह जाएगी, जबकि पंचायत से लेकर जिला परिषद तक भाजपा समर्थित उम्मीदवारों को जनता का भरपूर समर्थन मिल रहा है।

दविंदर कुमार भुट्टो ने कहा कि प्रदेश की सुक्खू सरकार से हर वर्ग दुखी और परेशान है। कर्मचारियों, युवाओं, किसानों, महिलाओं और व्यापारियों में सरकार के प्रति भारी नाराजगी है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार जनता से किए गए वादों को पूरा करने में पूरी तरह विफल रही है। विकास कार्य ठप पड़े हैं और आम आदमी को राहत देने की बजाय सरकार केवल राजनीतिक बयानबाजी में व्यस्त है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता अब बदलाव चाहती है और आने वाले समय में हिमाचल प्रदेश में भाजपा की सरकार बनना तय है। उन्होंने दावा किया कि पंचायत चुनाव भाजपा के लिए मजबूत आधार साबित होंगे और गांव स्तर पर पार्टी पहले से ज्यादा सशक्त होकर उभरेगी।



### भाजपा समर्थित उम्मीदवारों को दें वोट

**भुट्टो** ने कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र की जनता से अपील करते हुए कहा कि पंचायतीराज चुनावों में भाजपा समर्थित वार्ड सदस्य, पंचायत प्रतिनिधि, बीडीसी सदस्य और जिला पार्षद उम्मीदवारों को भारी मतों से विजयी बनाएं। उन्होंने कहा कि भाजपा का उद्देश्य गांवों का समग्र विकास करना है और पंचायतों को मजबूत बनाकर ही क्षेत्र का विकास संभव है। दविंदर कुमार भुट्टो ने कहा कि भाजपा के शीर्ष नेतृत्व के निर्देशानुसार कुटलैहड़ क्षेत्र में चारों जिला पार्षद सीटों पर भाजपा समर्थित उम्मीदवारों को चुनाव मैदान में उतारा गया है। उन्होंने दावा किया कि चारों उम्मीदवारों को जनता का जबरदस्त समर्थन मिल रहा है और लोग भाजपा की नीतियों तथा कार्यशैली पर भरोसा जता रहे हैं।

# महादेव में बेहद रोचक हुआ जिला परिषद का मुकाबला

अनंत ज्ञान

**जयदेवी।** जिला परिषद वार्ड नंबर-22 महादेव में इस बार चुनावी मुकाबला बेहद रोमांचक होता नजर आ रहा है। महिला अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित इस वार्ड में चार प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं, जिससे क्षेत्र का राजनीतिक माहौल पूरी तरह गरमा गया है। वार्ड में इस बार पुराने और नए चेहरों के बीच मुकाबला माना जा रहा है।

कुछ प्रत्याशी पहले भी जिला परिषद का चुनाव जीत चुके हैं, जबकि एक नया चेहरा पहली बार चुनावी मैदान में उतरा है। यही कारण है कि चुनाव को लेकर लोगों की दिलचस्पी लगातार बढ़ती जा रही है। क्षेत्र में चर्चा है कि मतदाता इस बार विकास कार्यों, जनसंपर्क और पुराने कार्यकाल के अनुभव को ध्यान में रखकर मतदान करेंगे। वहीं, दूसरी ओर कई लोग बदलाव के पक्ष में भी नजर आ रहे हैं और नए नेतृत्व को अवसर देने की बात कर रहे हैं। चुनाव प्रचार भी अब तेज हो चुका है। समर्थक अपने-अपने प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित करने के लिए गांव-गांव जाकर जनसंपर्क कर रहे हैं। राजनीतिक दलों के स्थानीय नेता भी लगातार चुनाव प्रचार में जुटे हुए हैं, जिससे चुनावी माहौल पूरी तरह सक्रिय बना हुआ है। गौरतलब है कि पिछले कई वर्षों से इस वार्ड में एक ही राजनीतिक विचारधारा से जुड़े उम्मीदवार जीत हासिल करते रहे हैं। ऐसे में इस बार का चुनाव दोनों प्रमुख दलों के लिए प्रतिष्ठा का विषय बन गया है। अब सभी की नजर मतदाताओं के फैसले पर टिकी हुई है कि आखिर जनता किसे अपना प्रतिनिधि चुनती है।

# माकपा निर्दलीय उमीदवारों के साथ: भूपेंद्र

## टिहरा से रजिता, सरी से सपना, सोहर से रमेशां और नबाही से विजय को दिया समर्थन

अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** माकपा ने धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र के चार जिला परिषद वार्डों से गैर भाजपा-गैर कांग्रेस उमीदवारों को समर्थन देने का निर्णय लिया है, जिसके चलते सरी ज़िला परिषद वार्ड से सपना देवी को,टिहरा वार्ड वार्ड में रजिता कुमारी को, सोहर वार्ड से रमेशां देवी को तथा नबाही वार्ड से विजय कुमार को अपना सर्मथन देने का निर्णय लिया है।मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी धर्मपुर लोकल कमेटी के सचिव एवं पूर्व जिला पार्षद भूपेंद्र सिंह ने पार्टी के फ़ैसले की जानकारी देते हुए कहा की माकपा ने भाजपा और कांग्रेस के अधिकृत उमीदवारों का समर्थन न करने का निर्णय लिया है और केवल निर्दलीय उमीदवारों को ही समर्थन करेगी और उन्हें जिताने की अपील जनता से करेगी और उनके पक्ष में चुनाव प्रचार भी करेगी जिसबारे में रणनीति तैयार कर ली है। भूपेंद्र सिंह ने कहा कि टिहरा ज़िला परिषद वार्ड से कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं द्धारा फील्ड में झूठा प्रचार किया जा रहा है कि उन्हें माकपा और भूपेंद्र सिंह का भी समर्थन प्राप्त है ये सब झूठा प्रचार किया जा रहा है और माकपा और भूपेंद्र सिंह के नाम बिना सहमति से गलत तरीक़े से इस्तेमाल किया जा रहा है।उन्होंने स्पस्ट किया कि माकपा ने कभी भी कांग्रेस पार्टी के उमीदवार को समर्थन नहीं दिया है और न ही इस बारे कोई चर्चा हुई है और कांग्रेस के कुछ नेता फील्ड में झूठा प्रचार कर रहे जिसका वे कड़ा विरोध करते हैं। पार्टी ने इस बारे आज मीडिया के माध्यम से स्थिति स्पस्ट कर दी है और केवल निर्दलीय उम्मीदवारों को ही वोट डालने व जिताने का निर्णय लिया है। भूपेंद्र सिंह ने कहा कि माकपा ने पिछले विधानसभा चुनावों में कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार को समर्थन देकर विधानसभा के लिए जिताया था लेकिन उनका अब तक का कार्यकाल निराशाजनक रहा है।



# प्रदेश में लोकतंत्र पर कब्जे की कोशिश: डॉ. राजीव बिंदल

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में नगर निकाय व पंचायतीराज चुनावों को लेकर सियासी पारा लगातार चढ़ता जा रहा है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार पर लोकतांत्रिक व्यवस्था को कमजोर करने और चुनाव प्रक्रिया पर कब्जा करने की साजिश रचने का गंभीर आरोप लगाया है।



भाजपा ने दावा किया कि हाल ही में नगर निकाय चुनावों में मिली सफलता से कांग्रेस बौखला गई है और अब सत्ता बचाने के लिए चुनावी नियमों में बदलाव की तैयारी की जा रही है। डॉ. बिंदल ने कहा कि चुनाव प्रक्रिया के बीच चेयरमैन और वाइस चेयरमैन के चुनाव को प्रभावित करने के उद्देश्य से नई अधिसूचनाएं और नियम लाना लोकतंत्र तथा संविधान की आत्मा के खिलाफ है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार चुने हुए जनप्रतिनिधियों पर दबाव बनाने, डराने-धमकाने और धनबल के इस्तेमाल के जरिए अपने पक्ष में मतदान करवाने की कोशिश कर रही है। भाजपा के अनुसार यह केवल राजनीतिक हस्तक्षेप नहीं, बल्कि जनता के जनादेश को कमजोर करने का प्रयास है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की लोकतांत्रिक परंपराओं को कुचलने के लिए सरकारी मशीनरी का खुला दुरुपयोग किया जा रहा है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि कांग्रेस सरकार ने चुनाव प्रक्रिया से छेड़छाड़ कर जनादेश को प्रभावित करने की कोशिश की तो भाजपा सड़कों से लेकर विधानसभा तक व्यापक आंदोलन छेड़ेगी।

### ◆ चुनाव के नियमों में बदलाव को जनादेश पर सीधा प्रहार दिया करार

# संवेदनशील-अति संवेदनशील इलाकों में चुनाव आयोग ने और कड़ी की निगरानी व्यवस्था

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश में पंचायत चुनावों को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से संपन्न करवाने के लिए चुनाव आयोग ने अति संवेदनशील और संवेदनशील क्षेत्रों में निगरानी व्यवस्था को और कड़ा कर दिया है। जिला और खंड स्तर पर गठित उड़नदस्तों, पर्यवेक्षकों तथा सेक्टर अधिकारियों की लगातार आवाजाही को देखते हुए अतिरिक्त गाड़ियों की मांग भेजी गई है।

प्रशासन ने साफ किया है कि चुनाव ड्यूटी में तैनात किसी भी अधिकारी या निगरानी टीम को संसाधनों की कमी नहीं आने दी जाएगी, ताकि मतदान प्रक्रिया पर हर पल पैनी नजर रखी जा सके। सूत्रों के अनुसार प्रदेश में 26, 28 और 30 मई को होने वाले पंचायत चुनावों के मद्देनजर कई जिलों में परिवहन निगम की बसों के साथ-साथ सरकारी और आवश्यकता पड़ने पर निजी वाहनों की भी व्यवस्था की जा रही है। दुर्गम और दूरदराज पंचायतों तक चुनाव सामग्री, मतदान कर्मियों और सुरक्षा दलों को समय पर पहुंचाने के लिए विशेष परिवहन योजना तैयार की गई है।

बीडीओ स्तर पर वाहनों की उपलब्धता, चालकों और ईंधन संबंधी व्यवस्थाओं की अलग से रिपोर्ट तैयार कर चुनाव अधिकारियों को भेजी जा रही है। इसके अलावा चुनाव आयोग ने संवेदनशील क्षेत्रों में चौबीस घंटे निगरानी रखने के निर्देश दिए हैं। इन इलाकों में गश्त बढ़ाने के साथ-साथ उड़नदस्तों को लगातार सक्रिय रखा गया है, ताकि किसी भी प्रकार की गड़बड़ी, दबाव या चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन पर तुरंत कार्रवाई हो सके। प्रशासनिक अधिकारियों का कहना है कि पंचायत चुनावों को लेकर इस बार सुरक्षा और निगरानी के व्यापक इंतजाम किए गए हैं, जिससे प्रदेशभर में मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्ण और भरोसेमंद तरीके से संपन्न हो सके।

### ◆ निगरानी टीमों के लिए मांगी गई अतिरिक्त गाड़ियां

### ◆ उड़नदस्तों और पर्यवेक्षकों की बढ़ाई गई तैनाती

### ◆ संवेदनशील इलाकों में चौबीस घंटे गश्त के आदेश

**पंचायत चुनाव** गांव-गांव पहुंच रहे दिग्गज नेता, निर्दलीय प्रत्याशी भी बना रहे मजबूत समीकरण

# भाजपा और कांग्रेस में कई सीटों पर कांटे की टक्कर

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल में पंचायतीराज चुनावों को लेकर राजनीतिक व प्रशासनिक गतिविधियां चरम पर पहुंच गई हैं। जिला परिषद व पंचायत समिति चुनावों में इस बार जहां राजनीतिक दलों ने पूरी ताकत झोंक दी है, वहीं प्रशासन भी निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित करने के लिए इलेक्ट्रॉनिक निगरानी और कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के साथ पूरी तरह सतर्क नजर आ रहा है। संवेदनशील और अतिसंवेदनशील मतदान केंद्रों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है, जबकि मतदाता पर्चियों के वितरण से लेकर मतपेटियों की सुरक्षा तक हर गतिविधि पर प्रशासनिक अमला पैनी नजर बनाए हुए है। चुनावी सरगर्मियों के बीच गांवों की राजनीति इस समय पूरी तरह गर्माई हुई दिखाई दे रही है।

जानकारी के अनुसार प्रदेश में भाजपा और कांग्रेस दोनों दलों के वरिष्ठ नेताओं ने पंचायत चुनावों को प्रतिष्ठा का प्रश्न बना लिया है। मंत्री, विधायक, पूर्व मंत्री और संगठन से जुड़े बड़े चेहरे लगातार ग्रामीण क्षेत्रों में सभाएं और जनसंपर्क अभियान चला रहे हैं। जिला परिषद चुनावों को भविष्य की विधानसभा राजनीति का आधार मानते हुए राजनीतिक दल अपने समर्थित उम्मीदवारों को हर हाल में जीत दिलाने के लिए पूरी ताकत झोंक रहे हैं। कई क्षेत्रों में राजनीतिक परिवारों की नई पीढ़ी पहली बार चुनाव मैदान में उतरी है, जिससे मुकाबले और अधिक रोचक बन गए हैं। गांवों में विकास, प्रभाव और राजनीतिक पकड़ को लेकर सीधी टक्कर देखने को मिल रही है।

इस बार चुनावी मुकाबलों में निर्दलीय उम्मीदवार भी बड़ी चुनौती बनकर उभरे हैं। कई पंचायत और जिला परिषद क्षेत्रों में स्थानीय समीकरणों और व्यक्तिगत प्रभाव के दम पर निर्दलीय प्रत्याशी अपनी मजबूत जगह बनाने की कोशिश कर रहे हैं। कुछ क्षेत्रों में भाजपा और कांग्रेस समर्थित उम्मीदवारों के बीच सीधा मुकाबला है, जबकि कई सीटों पर निर्दलीय उम्मीदवार चुनावी गणित बिगाड़ते नजर आ रहे हैं। ग्रामीण मतदाताओं के बीच लगातार संपर्क अभियान चल रहे हैं और प्रत्याशी घर-घर पहुंचकर समर्थन जुटाने में लगे हैं। इससे चुनावी माहौल पूरी तरह चरम पर पहुंच गया है।

पंचायतीराज चुनावों को लेकर प्रशासन और पुलिस विभाग ने व्यापक सुरक्षा प्रबंध लागू कर दिए हैं। संवेदनशील मतदान केंद्रों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है, जबकि कई स्थानों पर इलेक्ट्रॉनिक निगरानी व्यवस्था भी सक्रिय की गई है। मतदान के बाद मतपेटियों को कड़ी सुरक्षा के बीच स्ट्रांग रूम तक पहुंचाया जाएगा और वहां चौबीस घंटे पुलिस पहरा रहेगा। निर्वाचन अधिकारियों को लगातार समन्वय बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं ताकि चुनाव प्रक्रिया पूरी तरह निष्पक्ष और पारदर्शी बनी रहे।